हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची ● सोमवार ● 13.10.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 79 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## राजमाता विजयाराजे सिंधिया का सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत का सपना आत्मनिर्भरता से होगा पूरा : मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रविवार को राजमाता विजयाराजे सिंधिया की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनका सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत का सपना आत्मनिर्भर भारत के जरिये साकार होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजमाता ने जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई और उनके आदर्श आज भी राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणास्रोत हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। समाज सेवा के उनके प्रयासों को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। उन्होंने जनसंघ और भाजपा को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विजयाराजे सिंधिया जी हमारी सांस्कृतिक जड़ों के प्रति गहरी आस्था रखती थीं और उन्हें संरक्षित व लोकप्रिय बनाने के लिए सदैव कार्यरत रहीं। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर 1 मिनट 19 सेकंड का एक वीडियो संदेश भी साझा किया। इसमें उन्होंने कहा, पिछली शताब्दी में भारत को दिशा देने वाले कुछ चुनिंदा व्यक्तित्वों में राजमाता विजयाराजे सिंधिया शामिल थीं। वह केवल वात्सल्य मूर्ति ही नहीं, बल्कि एक निर्णायक नेता और कुशल प्रशासक थीं। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम



से लेकर आजादी के बाद के दशकों तक राष्ट्रसेवा में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, राजमाता राजपरिवार से थीं, उनके पास सब कुछ था, लेकिन उन्होंने अपना जीवन एक मां की तरह जनसेवा में खपा दिया। सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत उनका सपना था, और हम इस सपने को आत्मनिर्भर भारत के माध्यम से साकार करेंगे। राजमाता की प्रेरणा सदैव हमारे साथ रहेगी। राजमाता विजयाराजे सिंधिया भारतीय राजनीति की प्रमुख हस्तियों में से एक थीं। उन्होंने जनसंघ से अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की और भाजपा की संस्थापक सदस्य के रूप में पार्टी को मजबूत नींव प्रदान की। वहीं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, अपने जीवन का हर क्षण लोककल्याण और अंत्योदय की उन्नति के लिए समर्पित करने वाली, सरलता, सहजता और संवेदनशीलता की त्रिवेणी, राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। पूज्य अम्मा महाराज जी स्नेह और वात्सल्य की प्रतिमूर्ति थीं। यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे उनका स्नेह और आशीर्वाद मिला। जनसंघ और भाजपा को आपने मध्य प्रदेश में जिस सेवा और समर्पण से सींचा, वह हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा, राजसी वैभव का त्याग कर जनसेवा, लोकतंत्र और राष्ट्रवादी विचारधारा के सशक्तीकरण हेतु अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाली, भाजपा की संस्थापक सदस्य राजमाता विजयाराजे सिंधिया को विनम्र श्रद्धांजलि। त्याग, संघर्ष और सेवा की प्रतिमूर्ति राजमाता ने जो दिशा दी, वह भारत की एकता और अखंडता को सदैव बल देती रहेगी। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने भी श्रद्धांजलि देते हुए कहा, सेवा, त्याग और सादगी की प्रतिमूर्ति, भाजपा की संस्थापक सदस्य राजमाता विजयाराजे सिंधिया जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन जनकल्याण और राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित किया। गरीबों और वंचितों के लिए उनके प्रयास सशक्त भारत के निर्माण के लिए प्रेरणादायक हैं।

## बिहार चुनाव : एनडीए में सीट बंटवारा फाइनल
## भाजपा-जदयू को 101-101, लोजपा को 29 सीटें

एजेंसी

**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने सीटों के बंटवारे का ऐलान रविवार शाम कर दिया है। भाजपा और जदयू दोनों दलों के खाते में 101 सीटें गई हैं। चिराग पासवान की पार्टी 29 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। रालोमो और हम को छह-छह सीटें दी गई हैं। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजग की ओर से जो घोषणा की गयी, उसके अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 101 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) 101 सीटों पर लड़ने जा रही है। चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) (एलजेपी-आर) 29 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी, जबकि जीतन राम मांझी



की हिंदुस्तान अवाम मोर्चा (हम) और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के छह-छह उम्मीदवार किस्मत आजमाएंगे। भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि संगठित और समर्पित राजग आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए परिवार के सभी सदस्यों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी सहमति से सीटों का वितरण पूर्ण किया। राजग के सभी दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय का हर्षपूर्वक स्वागत किया है। सभी साथी कमर कस चुके हैं और बिहार में फिर से राजग की सरकार बनाने के लिए संकल्पित हैं। राजग में जो सीटों का बटबारा हुआ है वह इस प्रकार है। भाजपा - 101 सीट, जदयू - 101 सीट, लोजपा (रामविलास) - 29 सीट, रालोमो - 06 सीट, हम - 06 सीट। जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य संजय झा ने भी सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए कहा कि हम राजग गठबंधन के साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूर्ण किया है। जदयू- 101, भाजपा- 101, लोजपा(आर)- 29, रालोमो- 06 और हम - 06 सीटों पर बिहार विधानसभा -2025 का चुनाव लड़ेगी।

### एक नजर

### नक्सलियों ने एयरटेल टावर फूंका, दहशत

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के घने सारंडा जंगल में एक बार फिर नक्सलियों का आतंक लौट आया है। प्रतिरोध सप्ताह के दौरान शनिवार रात नक्सलियों ने जराईकेला थाना क्षेत्र के कोलबोंगा गांव में स्थित एयरटेल कंपनी के मोबाइल टावर को निशाना बनाते हुए आग के हवाले कर दिया। स्थानीय लोग के अनुसार करीब बीस की संख्या में हथियारबंद नक्सली देर रात गांव पहुंचे और टावर के नीचे लगे उपकरणों पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। देखते ही देखते पूरा सेटअप जलकर राख हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद नक्सलियों ने जमकर नारेबाजी की और इलाके में अपनी मौजूदगी का संदेश देने की कोशिश की। ग्रामीणों का कहना है कि नक्सली इस हमले के जरिए संचार व्यवस्था को ठप करना चाहते हैं, ताकि सुरक्षा बलों की गतिविधियों की जानकारी बाहर न जा सके। घटना के बाद से कोलबोंगा और आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। एसपी अमित रेणु ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि 8 से 14 अक्टूबर तक नक्सलियों द्वारा घोषित प्रतिरोध सप्ताह के दौरान यह उनकी सबसे बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले भी सारंडा क्षेत्र में नक्सल गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। हाल ही में नक्सलियों ने तीन अलग-अलग जगहों पर आईईडी विस्फोट कर सुरक्षाबलों को निशाना बनाया था। उस हमले में एक जवान बलिदान हो गया था, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज जारी है।

### आरटीआई अधिनियम को केंद्र सरकार ने कमजोर किया : जयराम

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने 2019 में सूचना का अधिकार अधिनियम में संशोधन कर इस कानून की मूल भावना को कमजोर किया है। सूचना के अधिकार कानून को लागू हुए आज 20 वर्ष पूरे हो गए हैं। कानून को 2005 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार लाई थी। इस अवसर पर आज कांग्रेस पार्टी ने प्रेसवार्ता की। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने प्रेसवार्ता में कहा कि पहले यह कानून नागरिकों और मीडिया को सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और जानकारी तक पहुंच देता था, लेकिन 2019 के संशोधनों ने इसकी ताकत को सीमित कर दिया और जवाबदेही पर असर डाला है। रमेश ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम के इतिहास में जब इसका मसौदा तैयार किया गया था, तब इसे स्टैंडिंग कमेटी को भेजा गया। उस समय डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व की सरकार ने स्टैंडिंग कमेटी की सभी सिफारिशें मानते हुए कानून को सभी आवश्यक संशोधनों के साथ पारित किया।

### डॉ. आंबेडकर का आर्थिक और सामाजिक समानता का सपना पूरा होगा : मुख्य न्यायाधीश



**मुंबई :** भारत के मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई ने रविवार को रत्नागिरी में कहा कि मंडणगड में नवनिर्मित दीवानी और फौजदारी न्यायालय भवन के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति को भी कम से कम समय और खर्च में न्याय प्राप्त होगा। यह व्यवस्था भारतरत्न बाबासाहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के आर्थिक और सामाजिक समानता के स्वप्न को साकार करेगी। मुख्य न्यायाधीश गवई ने आज रत्नागिरी जिले के न्यायालय परिसर में बाबासाहब डॉ. आंबेडकर की पूणार्कृति प्रतिमा और म्युरल का अनावरण किया। इसके बाद न्यायालय भवन और पुस्तकालय का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर गवई ने कहा, आज का दिन ऐतिहासिक है। न्यायाधीश के रूप में मेरी सेवा के 22 वर्ष पूरे हुए हैं। कोल्हापुर खंडपीठ का उद्घाटन और मंडणगड न्यायालय भवन का उद्घाटन, दोनों ही मेरे न्यायिक जीवन के महत्वपूर्ण क्षण हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बहुत कम समय में यह निर्णय लेकर न्याय की नयी दिशा दी है। महाराष्ट्र शासन और सार्वजनिक बांधकाम विभाग ने इसे उत्कृष्ट रूप दिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, 8 अक्टूबर 2023 को मुख्य न्यायाधीश गवई और मैंने इस न्यायालय की आधारशिला रखी थी। केवल दो वर्षों में विभाग ने भव्य इमारत खड़ी की। 2014 से अब तक लगभग 150 न्यायालय भवनों को मंजूरी दी गई है। इसका श्रेय न्यायमूर्ति गवई को जाता है, जिन्होंने राज्य सरकार के साथ सतत संवाद रखकर सभी अड़चनों को दूर किया। उन्होंने यह भी घोषणा की कि चिपलूण न्यायालय भवन की मांग तुरंत स्वीकृत की जाएगी और आंबडवे स्थित बाबासाहब डॉ. आंबेडकर स्मारक को शीघ्र पूर्ण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह न्यायालय लगभग साढ़े चार लाख नागरिकों के लिए न्याय का केंद्र बनेगा। यह केवल एक इमारत नहीं बल्कि न्यायदान की एक सशक्त व्यवस्था है।

## मतदाताओं के साथ सहृदयपूर्ण व्यवहार करें एवं रखें उनके सहूलियत का पूरा ध्यान : के. रवि कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**घाटशिला :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि घाटशिला में प्रत्येक बूथ मॉडल बूथ के रूप में कार्य करेंगे। मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए गाइडलाइंस को फॉलो करते हुए मतदान हेतु सभी एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। के. रवि कुमार घाटशिला अनुमंडल सभागार में 45-घाटशिला (अ.ज.जा.) विधानसभा उप चुनाव हेतु वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य में जीरो एरर के साथ कार्य करना है। मतदान हेतु प्रत्येक बिंदुओं पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विस्तृत नियमावली बनाए गए है




एवं हर कार्य हेतु मॉड्यूल एवं एसओपी बने हुए है, सभी पदाधिकारी अपने कार्यों के संपादन हेतु इन दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। के रवि कुमार ने कहा कि निर्वाचन कार्य को त्रुटि रहित बनाने हेतु एवं मतदान प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए तैयार दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही पदाधिकारियों को ट्रेनिंग देना सुनिश्चित करें। सोशल मीडिया पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों पर विशेष ध्यान रखें। इस हेतु प्रतिनिधियों के सोशल मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर लें एवं उन्हें आदर्श आचार संहिता के क्या करें क्या न करें का बिंदुवार जानकारी उपलब्ध करा दें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि उप चुनाव में 40% से अधिक दिव्यांग मतदाता अथवा वैसे इच्छुक मतदाता जिनकी उम्र 85 वर्ष से अधिक है उनके द्वारा ECInet पर जाकर सक्षम ऐप के माध्यम से अथवा बीएलओ के माध्यम से उनकी इच्छा जानकर घर से मतदान की व्यवस्था करें।

## झारखंड विस नियुक्ति घोटाले की जांच जारी रखने की मांग को लेकर सीबीआई पहुंची सुप्रीम कोर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सीबीआई (रांची) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर विधानसभा नियुक्ति घोटाले की जांच जारी रखने की अनुमति मांगी है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई की याचिका पर फिलहाल सुनवाई को कोई तिथि निर्धारित नहीं की है। इस मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने सीबीआई को विधानसभा नियुक्ति घोटाले की जांच का आदेश दिया था। विधानसभा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर हाईकोर्ट द्वारा 23 अक्तूबर 2023 को दिये गये सीबीआई जांच के खिलाफ अपील दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने 14 नवंबर 2024 को विधानसभा की याचिका को स्वीकार करते हुए अगले आदेश तक सीबीआई जांच के आदेश पर रोक लगा दी थी। इसके




बाद से विधानसभा नियुक्ति घोटाले की सीबीआई जांच बंद है। सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप याचिका दायर की है। इसमें हाईकोर्ट द्वारा विधानसभा नियुक्ति घोटाले की सीबीआई जांच के आदेश पर लगायी गयी रोक को हटाने का अनुरोध किया गया है। सीबीआई की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि झारखंड विधानसभा में नियुक्ति और प्रोन्नति में हुई गड़बड़ी की जांच के लिए राज्यपाल ने सात जुलाई 2014 को एक सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन आदेश दिया था। इस एस सदस्यी न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट के आधार पर राज्यपाल ने सीबीआई जांच की अनुशंसा की थी। एक सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग ने 30 बिंदुओं की जाँच के बाद अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें विधानसभा के तत्कालीन अध्यक्ष के कार्यकाल में हुई नियुक्ति के दौरान बड़े पैमाने पर अनियमितता बरतने और इसमें घूस के लेनदेन का उल्लेख किया गया था। नियुक्तियों के दौरान हुई भ्रष्टाचार के मामले में एक सीडी भी न्यायिक आयोग के समक्ष पेश किया गया था। लेकिन विधानसभा अध्यक्ष ने एक सदस्यीय जांच आयोग की अनुशंसाओं के आलोक में कार्रवाई करने के बदले सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में एक दूसरे आयोग का गठन कर दिया। विधानसभा में हुई नियुक्तियों के दौरान गड़बड़ी और दो-दो न्यायिक जांच आयोग के गठन के मामले को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट ने इस जनहित याचिका के निपटाने के दौरान यह पाया था कि दूसरे आयोग का गठन सिर्फ पहले आयोग की जांच में मिली गलतियों पर पर्दा डालने के लिए किया गया था।

## पाकिस्तान का अफगानिस्तान पर हमला, मुनीर के 58 सैनिक ढेर

एजेंसी

**अफगानिस्तान :** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है. पाकिस्तान ने तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन लेते हुए अफगानिस्तान पर हमला बोला था। अब इस हमले के बाद दोनों देशों में बवाल मच गया है। खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान के कई इलाकों में अफगान सैनिकों की ओर से फायरिंग की गई है। दोनों और से तोप के गोले दागे जा रहे हैं। अफगानिस्तान से जुड़े टोलो न्यूज का कहना है कि 58 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई है। वहीं कंधार के मैवंद जिले में इस्लामिक अमीरात बलों के समक्ष पांच पाकिस्तानी बलों के आत्मसमर्पण की भी खबर दी है। वहीं पाकिस्तान के मीडिया आउटलेस्ट एक बार फिर झूठ फैलाने में लगे हैं। जब पाकिस्तान को करारी हार मिल रही है तब दुनिया न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में कई अफगान चौकियों के ध्वस्त होने की खबर दी है। साथ ही दावा किया है कि दर्जनों अफगान सैनिकों की मौत हो गई। अफगानिस्तान की ओर से यह हमला तब हुआ जब तालिबान के प्रमुख शेख हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने सैनिकों से सीधे बात की थी। रेडियो संबोधन के के जरिए उन्होंने कहा था कि सिक्योरिटी फोर्सेस से जुड़े लोगों को रात के गश्ती दल में हिस्सा लेना चाहिए, अगर वे ऐसा नहीं करते तो मुझे बताएं। अफगानिस्तान की ओर से हमले के बाद पाकिस्तान ने भी तुरंत जवाबी हमला बोला। कथित तौर पर कई अफगान चौकियां पूरी तरह तबाह हो गईं। पाकिस्तानी मीडिया का दावा है कि कई अफगान पोस्टों को आर्टिलरी, टैंकों और हवाई हमलों से निशाना बनाया गया। अफगान सूत्रों का कहना है कि उन्होंने पाकिस्तान का एक टैंक अपने कब्जे में ले लिया है। पाकिस्तान का दावा है कि पाकिस्तान की जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद अफगान रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी करते हुए कहा कि हम पाकिस्तान पर अब कार्रवाई रोक रहे हैं और उम्मीद करते हैं कि पाकिस्तान भी आगे कोई जवाबी हमला नहीं करेगा। भारत की क्रिकेट ट्रॉफी को चुराने वाले पाकिस्तान के गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने अफगान फायरिंग को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान आग और खून वाला गेम खेल रहा है। उन्होंने कहा, ह्यनागरिक इलाकों पर फायरिंग करना युद्ध अपराध है। हमारी सेना तत्काल और ताकतवर जवाब दिया, उसने साबित कर दिया है कि किसी भी उकसावे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नकवी ने कहा कि पाकिस्तान की सेनाएं हाई अलर्ट पर हैं और किसी भी दुश्मनी का जवाब पत्थर के बदले पत्थर से दिया जाएगा। उन्होंने यह भी संकेत दिए कि इस पूरी कार्रवाई में बाहरी हाथ शामिल हैं। नकवी ने कहा, जो आग अफगानिस्तान में लगाई गई है, उसका धुआं बाहर से उठ रहा है। सीधे तौर पर उनका इशारा भारत को लेकर था। वहीं पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने इस दौरान अपने एक्स अकाउंट पर एक कार्टून शेयर किया।

## नेपाल सरकार ने 271 नेताओं और अधिकारियों की वीआईपी सुरक्षा ली वापस

एजेंसी

**काठमांडू :** नेपाल सरकार ने 271 पूर्व मंत्रियों, पूर्व सांसदों, अवकाशप्राप्त न्यायाधीशों तथा पूर्व सरकारी अधिकारियों की निजी सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों को वापस बुलाने का निर्णय लिया है। गृह मंत्रालय ने रविवार को गृहमंत्री स्तर की बैठक के दौरान यह निर्णय लिया है। इसके बाद आधिकारिक मानकों के विपरीत तैनात किए गए 271 लोगों के सुरक्षाकर्मियों को वापस बुलाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। गृह मंत्रालय में प्रवक्ता और संयुक्त सचिव आनंद काफ्ले के अनुसार नेपाल पुलिस के 174 और सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) के 74 कर्मियों को अब तक वापस बुलाया गया है। सरकार ने कुछ समय पहले ही पूर्व प्रधानमंत्रियों की सुरक्षा व्यवस्था कटौती करने का निर्णय लिया था। सरकार के इस निर्णय के साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली, प्रचंड, माधव कुमार नेपाल, झलनाथ खनाल और डॉ. बाबूराम भट्टराई की सुरक्षा में तैनात पुलिस बलों को वापस बुला लिया गया है। गृह मंत्रालय ने कहा कि वापस बुलाए गए कर्मियों को उनकी संबंधित एजेंसियों के जरिये नियमित कामों के लिए फिर से नियुक्त किया जाएगा।

## एक नजर

### कर्णपुरा बचाव संघर्ष समिति ने नुक्कड़ नाटक कर लोगों को किया सतर्क




**बड़कागांव** : प्रखंड अंतर्गत बचाव संघर्ष समिति बड़कागांव पूर्वी के द्वारा प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र के भिन्न-भिन्न गांव में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया जिसमें कोल कंपनियों द्वारा जबरन जमीन अधिग्रहण कर रैयत प्रभावितो को कोल कंपनी द्वारा लोगों को बेघर कर कैसे दमन किया जा रहा है उसे नुक्कड़ नाटक के जरिए प्रदर्शित कर लोगों को सतर्क और जागरूक किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित विकास महतो ने कहा जल जंगल जमीन को बचाने के लिए हम तमाम ग्राम वासी एक लम्बे समय से लडाई लड रहे है और आगे मरते दम तक लडते रहेंगे, अपने बहु फसलिय जमीन को दैत्य रूपी कोल कंपनी को कीसी भी कीमत मे नही देंगे, और अगामी महा पंचायत का आयोजन जो 7 नवंबर 2025 को होना है उसे सफल बनाने हेतु हम गोंदलपुरा, बादम और हरली गांव के सभी ग्रामीण संकल्पित है।

### ग्राहकों को पसंद आ रही है करियातपुर में खुली प्रकृती ई स्कूटी शो रूम



**बरही** : बरही प्रखंड के करियातपुर में राधा इंटरप्राइजेज की ओर से प्रकृति ई स्कूटी शो रूम खुला है जो ग्राहकों को काफी आकर्षित कर रहा है। रविवार को आई एफ डब्लू जे की बरही टीम ने शो रूम का अवलोकन कर प्रकृति ई स्कूटी की खूबियों से परिचित हुए। शो रूम का संचालक वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा नेता डोमन पांडेय के पुत्र दिलीप पांडेय एवं विकास पांडेय ने बताया कि राधा इंटरप्राइजेज के प्रकृति ई स्कूटी शोरूम में तीन तरह की स्कूटी उपलब्ध है। एक सुपर प्रकृति ई स्कूटी है जिसकी कीमत 57000 रुपए है और माइलेज 80 किमी है। दूसरा सुपर सेवन स्कूटी है जिसकी कीमत 55000 रुपए है। इसकी माइलेज 80 किमी है। वही तीसरी वैरायटी नियो है जिसकी कीमत 45000 है। जिसकी माइलेज 60 किमी है। संचालक में बताया कि यहां फाइनेंस की भी सुविधा है। आई एफ डब्लू जे के अध्यक्ष कमल शंकर पंडित ने कहा कि प्रदूषण मुक्त ई स्कूटी का अधिक से अधिक उपयोग करनी चाहिए। डोमन पांडेय ने कहा कि उन्हें पास हर वैरायटी की स्कूटी है। अच्छा माइलेज के साथ टिकाऊ है।

### एनटीपीसी के डीजीएम की पत्नी के साथ चाइनस्नेचिंग घटना

**केरेडारी**: केरेडारी प्रखंड एनटीपीसी हजारीबाग में कार्यरत डीजीएम रवि शंकर की पत्नी के साथ 9 अक्तूबर की शाम लगभग 4:52 बजे चेन स्नैचिंग की घटना घटित हुई। यह घटना मटवारी गांधी मैदान के नजदीक व मधुवन रेसिडेंसी के पास हुई। घटना के तुरंत बाद रवि शंकर द्वारा संबंधित थाना में प्राथमिकी स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। इस घटना में उल्लेखनीय है कि स्थानीय पुलिस प्रशासन का रवैया अत्यंत लापरवाह एवं उदासीन रहा। न केवल प्रारंभिक स्तर पर प्राथमिकी दर्ज करने में अनिच्छा दिखाई गई। बल्कि स्पष्ट सीसीटीवी फुटेज में अभियुक्तों के चेहरे और मोटरसाइकिल के नंबर प्लेट की पहचान होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे एनटीपीसी के कर्मी मर्माहत है। रवि शंकर स्वयं इस मामले में सक्रिय रहकर प्रमाण जुटाने के प्रयास में लगे हुए हैं।

# राज्यस्तरीय सौंदर्य प्रतियोगिता मिसेज एवं मिस झारखंड क्वीन 2026 का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : स्वदेशी परिधानों के साथ झारखंड की लोक संस्कृति और पारंपरिक परिधानों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आश्रय फाउंडेशन, लायंस क्लब ऑफ हजारीबाग रोरिंग एवं तरंग ग्रुप हजारीबाग के संयुक्त तत्वावधान में राज्यस्तरीय सौंदर्य प्रतियोगिता – मिसेज एवं मिस झारखण्ड क्वीन 2026 की औपचारिक शुरूआत रविवार को की गई। इस अवसर पर इस प्रतियोगिता से संबंधित पोस्टर का विमोचन आज डॉक्टर अमला राणा,स्वाति वर्मा , मिसेज झारखंड नीलिमा लाल,मिस हजारीबाग राजलक्ष्मी एवं स्वीटी प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से स्थानीय डॉल्फिन रिजॉर्ट में किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य स्वदेशी सहित झारखंड की पारंपरिक वेशभूषा और लोक परिधान को नई पहचान दिलाना है, साथ ही राज्य की महिलाओं और युवतियों को मंच प्रदान करना है ताकि वे अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास को समाज के सामने प्रस्तुत कर सकें। आयोजन से जुड़ी रूपरेखा और चयन प्रक्रिया की जानकारी भी इस अवसर पर साझा की गई। बताया गया कि प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन आज से ऑनलाइन प्रारंभ हो चुकी है। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को 51000/ रुपए तक का नकद पुरुस्कार ,क्राउन, सैश और प्रमाण पत्र देने के साथ राष्ट्रीय स्तर के मंच में प्रस्तुति करने का अवसर भी मिलेगा ।प्रतियोगिता का ऑडिशन झारखंड के सभी जिलों में किया। इस प्रतियोगिता के मिसेज वर्ग में 50 वर्ष आयु तक की महिला ,मिस वर्ग में 25 वर्ष आयु वर्ग की लड़कियां एवं जूनियर वर्ग में में भाग लेने के लिए 15 वर्ष आयु वर्ग तक की बच्चियां भाग ले सकती है। प्रतियोगिता में भाग लेने या अधिक जानकारी के लिए आप 9431777688/7992361860 पर कॉल या व्हाट्सअप कर के जानकारी ले सकते है। इस मौके पर शहर के कई गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तरंग ग्रुप की टीम ने किया। आयोजकों ने बताया कि इस पहल के माध्यम से झारखंड की कला संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से सांसद मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी,आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट के अध्यक्ष राम किशोर सावंत,गूंज स्टूडियो के संचालक सुबोध आकाश,लायंस क्लब के डीसी राजीव आनंद,राजेश कुमार, नावल कुमार ,तरंग ग्रुप के निर्देशक अमित कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार ,ओम शंकर, अगस्त्य, रिषि, सोनू,चंदन के साथ संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## लि ओरिजिन प्ले स्कूल करियातपुर में अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : बरही के करियातपुर स्थित लि ओरिजिन प्ले स्कूल का अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। विद्यार्थियों ने अपना रिजल्ट पाकर खुश दिखे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक सह प्रबंध निदेशक तोखन प्रजापति एवं सेवानिवृत्त शिक्षक मूरली मनोहर केशरी मुख्य रूप उपस्थित रहे ।इस दौरान मुख्य अतिथि के द्वारा प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया तथा बधाई दी और बेहतर प्रदर्शन करने के लिये प्रेरित किया। उसके बाद अभिभावकों ने विद्यालय के प्रधानाचार्य से मिल अपने बच्चों की पढाई और उनके प्रदर्शन के बारे में बातचीत की तथा विद्यालय के पठन-पाठन और अनुशासन के लिए अध्यापको एवं विद्यालय प्रबंधन की सराहना की। विद्यालय के निदेशक राहुल प्रजापति ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सुंदरनगर में भाजपा पोटका विधानसभा की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जमशेदपुर** : भाजपा पोटका विधानसभा की बैठक रविवार को सुंदरनगर स्थित कल्याण मंडप में भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का आयोजन आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत किया गया, जिसमें स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने और क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने जानकारी दी कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत पोटका विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन आगामी 15 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से सुंदरनगर के कल्याण मंडप में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में पोटका के सभी वरिष्ठ एवं देवतुल्य कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि हमें स्वदेशी अपनाने की दिशा में मिलकर प्रयास करने होंगे और जीएसटी सहित अन्य आर्थिक विषयों पर सार्थक भूमिका निभानी होगी। साथ ही, उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं समस्याओं को सूचीबद्ध करते हुए उचित मंच पर उठाकर उनका समुचित समाधान कराया जाएगा। बैठक का संचालन करते हुए भाजपा जिला कार्यालय मंत्री एवं पोटका विधानसभा के कार्यक्रम संयोजक सुबोध झा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का मूल उद्देश्य स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है। बैठक के अंत में धन्यवाद ज्ञापन सुंदरनगर मंडल अध्यक्ष अमित मिश्रा ने किया। इस दौरान मुख्यरूप से जमशेदपुर महानगर सुधांशु ओझा, कार्यक्रम संयोजक सुबोध झा, सह संयोजक चंद्रशेखर गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, सुंदरनगर मंडल अध्यक्ष अमित मिश्रा, घाघीडीह मंडल अध्यक्ष आनंद कुमार, कोवाली मंडल अध्यक्ष रविंद्रनाथ सरदार, प्रवासी हरकिशोर तिवारी, वीरेंद्र हांसदा, सरोज टुडू, अनिल दुबे, संदीप कुमार, राकेश सिंह, विनोद कुमार, अशोक टुडू समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विधानसभा के चांडिल में भाजपा द्वारा हुआ आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**ईचागढ़** : सरायकेला खरसवां जिला के चांडिल स्थित मूनका धर्मशाला में आत्म निर्भर भारत सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू उपस्थित रहे। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत से देश को होने वाले लाभों को समझाया एवं देश वासीयों को स्वदेशी अपनाने का अपील किया । उन्होंने कहा कि छोटे कुटीर उद्योग से लेकर विभिन्न हस्त शिल्पकारों को बढ़ावा मिल सके और देश पूर्ण रूप से आत्म निर्भर बने ।उन्होंने कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आत्म निर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए स्वदेशी वस्तुओं का निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए कई महत्वपूर्ण योजना पर कार्य कर रहे हैं। मौके पर भाजपा नेता पप्पू वर्मा ने भी स्वदेशी अपनाने का विशेष आग्रह किया साथ ही चांडिल डेम में बन रहे दरार का जिक्र किया ।देश की विकास में भाजपा का योगदान पर विस्तृत जानकारी साझा किया। सम्मेलन को भाजपा जिला अध्यक्ष उदय सिंह देव, महामंत्री मधु गोराई सहित कईयों ने संबोधित किया।

## कृष्णा प्रजापति बने आईएफडब्लूजे के मुख्य संरक्षक, संगठन मजबूती पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : बरही प्रखंड के बरसोत में रविवार को वरिष्ठ पत्रकार प्रभाकर पाठक के आवास में इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट अर्थात भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता व संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णा प्रजापति ने किया। सर्वसम्मति से इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट बरही इकाई का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से कमल शंकर पंडित को अध्यक्ष, प्रभाकर पाठक को महासचिव, बिकास यादव को कोषाध्यक्ष, रितेश गुप्ता को उपाध्यक्ष तथा सोमनाथ ठाकुर को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया। इसके अलावा जिला अध्यक्ष बिपिन बिहारी पांडेय को आमंत्रित अतिथि, सुजीत प्रधान, मो उस्मान, राकेश कुमार,सोनू पंडित, योगेंद्र प्रजापति, पंचम पांडेय को पदेन सदस्य बनाया गया। सर्वसम्मति से कृष्णा प्रजापति को इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट का प्रखंड कमेटी का मुख्य संरक्षक बनाया गया है। इस अवसर पर नव चयनित अध्यक्ष कमल शंकर पंडित ने कहा कि यह संगठन न केवल पत्रकार को पत्रकारिता को लेकर प्रशिक्षित किया जाएगा, बल्कि हर सुख दुख की साथी रहेगा। सभी ने इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के विकास एवं गोपनीयता बनाए रखने पर जोर दिया जाएगा। महासचिव प्रभाकर पाठक ने कहा कि यह संगठन भविष्य में पत्रकार हित में मील का पत्थर साबित होगा।

# आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन की तैयारी को लेकर बरही में भाजपा की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : बरही डाक बंगला में आगामी आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में बरही विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित रहे। बैठक में 17 अक्टूबर को भगवती मंदिर परिसर में सम्मेलन को सफल बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई और जिम्मेदारियां तय की गईं। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में सेतु का कार्य कर रहा है। आत्मनिर्भर भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि यह राष्ट्र के आर्थिक स्वावलंबन का संकल्प है। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से सम्मेलन में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बरही में प्रस्तावित आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण होगा। इस सम्मेलन के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी। हर कार्यकर्ता को इस कार्यक्रम की सफलता के लिए जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य करना होगा। वहीं, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना है। आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन इसी दिशा में एक सशक्त पहल है। बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा, आयोजन स्थल की तैयारियों, पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों और प्रचार-प्रसार की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सुरेंद्र रजक नारायण यादव, रामस्वरूप पासवान, सुरेंद्र रजक, राजदेव यादव, लक्ष्मण यादव, अजय मेहता, मण्डल बाबूलाल प्रसाद मेहता, मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी, मण्डल अध्यक्ष द्वारिका राणा, मुकुंद साव, कृष्णा साव, आकाश जयसवाल, रंजीत यादव, बिनोद कुमार यादव, रत्नदेव ठाकुर, बालेश्वर साव, मनोज कुमार साव, राजकुमार यादव, ज्योतिष यादव, राजकुमार यादव, अमित कुमार गौरव, इंद्रदेव यादव, विजय कुमार राणा, बिनोद यादव, प्रकाश ठाकुर, कामेश्वर रविदास, शम्भू भुइयां, कैलाश महतो, छोटन गोप समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बड़कागांव में पासवान कल्याण समिति की हुई बैठक



**बड़कागांव** : बड़कागांव पासवान कल्याण समिति की प्रखंड स्तरीय बैठक हरली हाई स्कूल के प्रांगण में किया गया। इसकी अध्यक्षता रेवा पासवान व संचालन प्यारे राम पासवान ने किया। बैठक में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशेष जोर दिया गया। एंव समाज में बढ़ रहे कुरीतिओ, अंधविश्वास, दहेज प्रथा आदि को मिटाने पर जोर दिया गया। बैठक में अशोक पासवान,प्यारे राम पासवान,सहदेव राम, विजय पासवान ,सरजू पासवान, रोहित पासवान,राजेश पासवान, सुरेश पासवान ,सहदेव पासवान, विकास कुमार पासवान ,बबलू पासवान ,मुनेश्वर पासवान ,सुरेश पासवान ,रेवा पासवान, महेंद्र पासवान ,अविनाश पासवान, सुमित पासवान,सौरभ कुमार पासवान, विशाल पासवान,महेश पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

### त्योहार पर फुटपाथ दुकानों को हटाना अनुचित : राकेश गुप्ता




**हजारीबाग** : हजारीबाग नगर निगम द्वारा इस व्यस्त और खास समय में जहां एक ओर आम जनता खरीदारी में जुटी है, वहीं नगर निगम द्वारा फुटपाथ दुकानदारों को हटाने की कार्रवाई से छोटे व्यापारियों की आजीविका पर संकट मंडराने लगा है। इस मुद्दे पर समाजसेवी राकेश गुप्ता ने रविवार को नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। राकेश गुप्ता ने कहा कि नगर निगम सिर्फ टैक्स की वसूली में रुचि रखता है, जबकि जमीनी स्तर पर विकास कार्यों की स्थिति बेहद खराब है। त्योहार के समय फुटपाथ दुकानदारों को जबरन हटाना अन्यायपूर्ण है। ये लोग मेहनत करके अपनी रोजी–रोटी कमाते हैं। समाजसेवी ने आगे कहा कि हर वर्ष त्योहारों के दौरान दुकानदारों को अतिक्रमण के नाम पर परेशान किया जाता है, लेकिन नगर निगम इनके लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करता। जिससे गरीब और मेहनतकश दुकानदारों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। वैकल्पिक व्यवस्था की मांग करते हुए राकेश गुप्ता ने प्रशासन से अपील की है कि फुटपाथ दुकानदारों के लिए अस्थायी बाजार या नियोजित स्थल की व्यवस्था की जाए, ताकि आम जनता को भी असुविधा न हो और छोटे व्यापारियों की आजीविका भी सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा कि अगर नगर निगम उचित संवाद और योजना बनाए, तो अतिक्रमण की समस्या का समाधान संभव है बिना किसी के हक को छीने।

### डीएवी बरही में 'रन फॉर डीएवी' कार्यक्रम का भव्य आयोजन



**बरही**: डीएवी पब्लिक स्कूल, बरही में रविवार को 'रन फॉर डीएवी' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, खेल भावना को प्रोत्साहित करना एवं आपसी एकता की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ.आशुतोष ने हरी झंडी दिखाकर किया। 'स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन' के संदेश के साथ सभी प्रतिभागी छात्रों ने निर्धारित मार्ग पर दौड़ पूरी की। इस दौरान शिक्षकों और अभिभावकों ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। लड़कों की श्रेणी में कुणाल यादव ने प्रथम, प्रिंस कुमार यादव ने द्वितीय एवं प्रियांशु रजक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं लड़कियों की श्रेणी में प्रतिज्ञा कुमारी प्रथम, रिया कुमारी द्वितीय और ईशा रानी तृतीय स्थान पर रहीं ।एनसीसी कैडेट्स ने भी बढ़–चढ़कर भाग लिया और सहयोगपूर्ण सेवाभाव प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की सफलता में एनसीसी एएनओ डॉ. दीपक शरण और खेल शिक्षक राजेश कुमार सिंह की भूमिका सराहनीय रही। पूरे परिसर में उत्साह, ऊर्जा और देशभक्ति का माहौल व्याप्त रहा।

### प्रमाणिक जन सेवा मिशन के द्वारा तीसरी बार आयोजित हुआ संपूर्ण सेल



**हजारीबाग** : प्रमाणिक जन सेवा मिशन की महिला सदस्यों द्वारा रविवार को बड़ा बाजार स्थित जैन भवन प्रांगण में तीसरी बार संपूर्ण सेल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में घरों से एकत्रित उपयोग न होने वाले सामानों को जरूरतमंदों को मात्र 10 रु प्रति वस्तु में उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उन लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाना था जो सामान्य वस्तुओं तक आसानी से नहीं पहुँच पाते। इस आयोजन में शहर के विभिन्न इलाकों से करीब दो हजार से अधिक लोग शामिल हुए और अपनी जरूरत के सामानों की खरीदारी की। प्रदर्शनी में बच्चों के कपड़े, जूते–चप्पल, साड़ी, सूट, जींस, गर्म कपड़े, बच्चों के खिलौने, क्रॉकरी व कॉस्मेटिक आइटम्स सहित कई प्रकार के सामानों के अलग–अलग स्टॉल लगाए गए हैं थे, ताकि लोगों को चयन में कोई कठिनाई न हो। प्रत्येक व्यक्ति को पांच वस्तुओं के लिए टोकन व्यवस्था की गई थी। विशेष बात यह रही कि कई स्थानीय व्यापारियों ने भी समाजसेवा की भावना से नए कपड़े और वस्तुएँ इस कार्यक्रम के लिए दान कीं, जिन्हें भी मात्र 10 रु में जरूरतमंदों को उपलब्ध कराया गया। प्रदर्शनी स्थल पर सदर थाना पुलिस की गश्ती टीम तथा निजी सुरक्षा कर्मी सुरक्षा की दृष्टि से तैनात रहे। आयोजन की तैयारी कार्यक्रम से तीन दिन पूर्व ही संस्था की लगभग 50 महिला सदस्यों द्वारा की गई थी, जिन्होंने पूरे आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। प्रमाणिक जन सेवा मिशन की सदस्य वर्षा जैन ने बताया कि हमारा उद्देश्य सिर्फ वस्तुएँ उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में मुस्कान लाना है। समाज की सेवा ही हमारी सच्ची पूजा है। उन्होंने आगे बताया कि प्रदर्शनी से 10 रु के माध्यम से जो राशि एकत्रित हुई है, उसे आगामी समाजसेवी कार्यों में खर्च किया जाएगा।

# स्वदेशी अपनाना सिर्फ वस्तुओं का चयन नहीं देश के प्रति समर्पण का प्रतीक है : राज्यपाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची का मोरहाबादी मैदान रविवार को जोश, उमंग और देशभक्ति से सराबोर नजर आया। यहां स्वदेशी मैराथन-2025 का आयोजन किया गया, जिसका थीम 'स्वदेशी अपनाओ,आत्मनिर्भर भारत बनाओ' था। इस आयोजन में हजारों युवक-युवतियों, स्कूली और कॉलेज के विद्यार्थियों सहित आम लोगों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया। इस दौरान पूरा मोहराबादी मैदीन 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारों से गूंज उठा। युवाओं ने मैराथन में दौड़कर 'आत्मनिर्भर भारत' का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह




आयोजन राष्ट्र चेतना, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी भावना का प्रतीक है। इस जन-जागरूकता अभियान के आयोजन के लिए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को हार्दिक बधाई तथा सभी प्रतिभागियों को अनंत शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि हर घर स्वदेशी का यह आह्वान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के उस विचार को आत्मसात करने का संदेश देता है, जिसमें उन्होंने कहा था कि स्वदेशी अपनाना केवल वस्तु का चयन नहीं, बल्कि देश के प्रति समर्पण का प्रतीक है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरंतर देशवासियों से वोकल फॉर लोकल का आह्वान करते हैं। उनका यह संदेश है कि जब हम अपने देश में निर्मित वस्तुओं को प्राथमिकता देते हैं, तो हम केवल किसी उत्पाद का नहीं, बल्कि अपने देश के श्रम, कौशल और सम्मान का समर्थन करते हैं। उन्होंने नागरिकों से वोकल फॉर लोकल के संदेश को जीवन का हिस्सा बनाने और स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया। राज्यपाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वदेशी अपनाना है और देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है, यही 'विकसित भारत 2047' का मार्ग है। यह मैराथन भी उसी भावना का जीवंत प्रतीक है, जहां हर कदम स्वदेशी, स्वास्थ्य और स्वाभिमान की दिशा में बढ़ रहा है। उन्हें यह देखकर प्रसन्नता हो रही है कि यहां के लोग इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने लोगों से स्वदेशी अपनाने, स्वावलंबी बनने तथा विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ इस अवसर पर कहा कि आज का युवा भारत के भविष्य की रीढ़ है, यदि वह स्वदेशी उत्पादों का उपयोग और प्रचार करेगा, तो 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य निश्चित रूप से हासिल किया जा सकेगा। रांची में आयोजित यह मैराथन केवल दौड़ नहीं, बल्कि 'आत्मनिर्भर भारत' की ओर एक जन आंदोलन की शुरूआत है। इस अवसर पर कारगिल युद्ध में शामिल रहे कर्नल राणा भी विशेष रूप से दिल्ली से रांची पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारत के विकास और आत्मनिर्भरता की राह में देश का हर नागरिक एक सैनिक है, जो स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर आर्थिक सुरक्षा में योगदान दे सकता है।

## रांची में आदिवासी संगठनों की आक्रोश महारैली, कुड़मियों को एसटी में शामिल करने की मांग का किया विरोध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के आदिवासी संगठनों ने कुड़मी समाज की ओर से उन्हें अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल करने की मांग का जोरदार विरोध किया। इस कड़ी में आयोजित आक्रोश महारैली में आदिवासियों ने अपने पारंपरिक हथियार और लिबास पहनकर अपनी ताकत दिखाई और चेतावनी दी कि वे अपने हक और अधिकार की रक्षा के लिए पूरी तरह सजग हैं। राज्य के विभिन्न जिलों से आए आदिवासी अपने पारंपरिक तीर-धनुष, भाला, हंसिया और दाब के साथ मौजूद थे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अंग्रेजों के समय कुड़मी समाज आदिवासियों से अलग हो गया था और संविधान निमार्ता भीमराव अंबेडकर ने स्वतंत्र



भारत में अनुसूचित जाति और जनजातियों के लिए विशेष प्रावधान किए। अब कुड़मी समाज अपनी लालसा के चलते आदिवासी हक को खतरे में डालना चाहता है, जिसे आदिवासी समुदाय कभी स्वीकार नहीं करेगा। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा, यह हमारे अस्तित्व की लड़ाई है। 2018 में भी आदिवासी समुदाय कुड़मियों को एसटी का दर्जा देने के विरोध में सड़कों पर उतरा था। आदिवासी कमजोर नहीं हैं। ट्राइबनल और कोर्ट ने भी इस मांग को रिजेक्ट किया है, लेकिन अब राजनीतिक हित के लिए इसे फिर से उठाया जा रहा है। महिलाओं की भागीदारी भी विशेष रही। सैकड़ों आदिवासी महिलाएं आक्रोश महारैली में शामिल हुईं और जयराम महतो पर आरोप लगाया कि ऐसे नेता कुड़मियों को भड़का रहे हैं। कुमुदनी प्रभावती ने कहा, हमें मजबूर किया जा रहा है, लेकिन झारखंड की आदिवासी महिलाएं शेरनी हैं और अपने अधिकार नहीं छोड़ेंगी। आदिवासी अस्तित्व बचाओ मोर्चा और अन्य आदिवासी संगठनों ने मोरहाबादी मैदान से पद्मश्री रामदयाल मुंडा फुटबॉल स्टेडियम तक आक्रोश मार्च निकाला। इस दौरान केंद्रीय सरना समिति, आदिवासी नारी सेना, आदिवासी क्षेत्र सुरक्षा समिति, आदिवासी एकता मंच और आदिवासी अधिकार मंच सहित कई संगठन शामिल हुए। मार्च के बाद यह प्रदर्शन जनसभा में तब्दील हो गया, जिसमें आदिवासियों ने अपने हक और अधिकारों के लिए दृढ़ संकल्प व्यक्त किया।

## झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय की मां का निधन, शोक की लहर

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केन्द्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय की माँ जलेश्वरी देवी (85 वर्षीय) का रविवार को निधन हो गया। उनके निधन के बाद से झामुमो परिवार और पूरे राजनीतिक गलियारों में गहरा शोक व्याप्त है। जलेश्वरी देवी का अंतिम संस्कार सोमवार, 13 अक्टूबर 2025 को सुबह 11 बजे रांची के हरमू मुक्ति धाम में किया जाएगा। झामुमो केंद्रीय कार्यालय की से रविवार शाम प्रेस रिलीज जारी करते हुए यह जानकारी दी गई है। जलेश्वरी देवी के पार्थिव शरीर के दर्शन के लिए रविवार को दिनभर झामुमो नेताओं, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों का उनके आवास पर तांता लगा रहा। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस गहन दुख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में झारखंड एमयूएन 2025 का हुआ भव्य समापन


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में दो दिवसीय झारखंड मॉडल यूनाइटेड नेशन्स 2025 का भव्य समापन शनिवार को हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों की ऊर्जा, उत्साह और प्रतिभा का अद्भुत संगम देखने को मिला। विचार-विमर्श, संवाद और वक्तृत्व कला के शानदार प्रदर्शन ने आयोजन को चिंतन, नेतृत्व और वैश्विक जागरूकता के उत्सव में बदल दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा गठित विभिन्न सिम्युलेटेड समितियों ने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय मुद्दों पर गहन बहस की, ठोस प्रस्ताव पारित किए और नवोन्मेषी समाधान प्रस्तुत किए। उनकी चचाओं में विश्लेषणात्मक सोच, कूटनीति,




समस्या-समाधान क्षमता और टीम भावना की उत्कृष्ट झलक देखने को मिली। समापन सत्र में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र महासभा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, विश्व व्यापार संगठन, लोकसभा, झारखंड विधानसभा , अखिल भारतीय राजनीतिक दल बैठक और इंडियन प्रीमियर लीग जैसी समितियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार श्रेणियाँ थीं – वर्बल मेंशन 1, वर्बल मेंशन 2, स्पेशल मेंशन, हाई कमेंडेशन और बेस्ट डेलीगेशन। वहीं इंटरनेशनल प्रेस कोर समिति के लिए हाई कमेंडेशन 1, हाई कमेंडेशन 2 और हाई कमेंडेशन 3 की श्रेणियों में पुरस्कार दिए गए। कार्यकारी बोर्ड ने गहन विचार-विमर्श के बाद विजेताओं को पुरस्कार और स्मृति-चिन्ह प्रदान किए, जिससे पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित हुई।

## रातु झखराटाड़ में शराब दुकान में चोरी, जांच में जुटी पुलिस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रातु थाना क्षेत्र के झखराटाड़ में शनिवार देर रात चोरों ने शराब दुकान को निशाना बनाते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि दुकान में रखे रुपए कैश सहित अन्य सामान चोर अपने साथ ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पाकर रातु थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने दुकान के अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया है। प्रारंभिक जांच में यह साफ हुआ है कि चोरों ने वारदात को बड़ी ही सधे और योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया। ग्रामीणों ने कहा कि हाल के दिनों में इस इलाके में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं, लेकिन रात में गश्त नहीं के बराबर होती है। पुलिस के अनुसार, घटना स्थल से कुछ संदिग्ध फुटेज मिले हैं, जिनके आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि जल्द ही चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संविधान से दिया जा सकता है भाषा एवं पोशाक के नाम पर हो रहे हमले का जवाब : पवन खेड़ा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के संत जेवियर्स कॉलेज सभागार में रविवार को 'संविधान में आदिवासी-मूलवासियों का अधिकार बनाम जमीनी हकीकत' विषय पर एक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा भी शामिल हुए। आदिवासी-मूलवासी प्रोफेसर एसोसिएशन की ओर से आयोजित सम्मेलन के दौरान राज्य के 24 छात्रावासों से आए विद्यार्थियों ने 'युवाओं के समक्ष मौजूदा चुनौती और वोट के अधिकार' विषय पर आयोजित संवाद में हिस्सा लिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवन खेड़ा ने कहा कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम




पर लोगों से तब के कागज मांगे जा रहे हैं, जब कागज का आविष्कार भी नहीं हुआ था। आज देश में भाषा, भोजन और पोशाक के नाम पर पाबंदी और हमले हो रहे हैं। इसका जवाब संविधान के हथियार से दिया जा सकता है। वोट का अधिकार अपनी पहचान और मिटते अस्तित्व को बचा सकता है। संविधान में दिए गए जनता के अधिकार को समझने और उसे हासिल करने की जरूरत है। संविधान महज एक किताब नहीं, बल्कि वह ग्रन्थ है, जो आपके भविष्य को तय करता है। पवन खेड़ा ने कहा कि सन 1857 से पहले अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासी समाज ने विरोध का बिगुल बजाया था, लेकिन विकास के नाम पर जहां शहरों का विकास हुआ, वहीं विकास का बोझ आदिवासी समाज को उठाना पड़ा। हैरानी की बात यह है कि आदिवासी समाज को आज आदिवासी कहने के बजाय वनवासी के नाम से पुकारा जा रहा है। सारे नियम-कानून को ताक पर रखा कर जल, जंगल और जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। बगैर अनुमति के लोगों से उनकी जमीन छीनी जा रही है। प्रदेश की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि लोकतंत्र खतरे में है, यह सिर्फ राजनीतिक स्लोगन नहीं है, बल्कि एक संगठन की ओर से समाज को जाति, धर्म और भाषा में बांटने की चल रही साजिश का सच है। उन्होंने कहा कि धर्म से ऊंचा मानव समाज है।समाज को तोड़ने के खिलाफ किसी भी साजिश का जवाब संवाद है। संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों को बचाए रखने के लिए जनता को निरन्तर प्रयास करते रहना होगा। कृषि मंत्री ने कहा कि आदिवासी बचेंगे, तभी मूलवासी भी बचेंगे। इस बात को गांठ बांध लेने की जरूरत है। समाज को बांटने का प्रयास कौन कर रहा है और समाज को एक साथ लेकर चलने का काम कौन कर रहा है, इसे समझना और उसका साथ देना होगा। आदिवासी समाज का इतिहास सामूहिकता का है और आगे भी रहेगा। कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने अपने संबोधन में कहा कि आज के युवाओं में भटकाव दिखता है। समाज में युवा पीढ़ी की भूमिका और मताधिकार से बदलाव की ताकत को समझने की आवश्यकता है।

## एक नजर

### झारखंड शराब घोटाला में अपने ही विभाग के अधिकारियों की भूमिका जांचने में जुटी एसीबी

**रांची :** शराब और जमीन घोटाला मामलों में आरोपित निलंबित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे के करीबी माने जाने वाले कारोबारी विनय कुमार सिंह के खिलाफ एसीबी की जांच अब और तेज हो गई है। विनय कुमार सिंह, जो महिंद्रा की 'नेक्सजेन ऑटोमोबाइल' कंपनी के मालिक हैं, उन्हें एसीबी ने बीते 25 सितंबर को गिरफ्तार किया था। एसीबी अब उन कथित चर्चा की भी गोपनीय तरीके से छानबीन कर रही है, जिसमें यह कहा जा रहा है कि शराब घोटाला केस में गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बावजूद विनय सिंह को पहले गिरफ्तार नहीं किया गया था। इस कथित लापरवाही का लाभ उठाकर विनय सिंह ने शराब घोटाला मामले में जमानत हासिल कर ली थी। एसीबी के वरिष्ठ अधिकारियों को यह जानकारी मिली है कि विनय सिंह की तलाश में दिल्ली गई एसीबी की टीम ने उनके विरुद्ध कार्रवाई करने में कहीं न कहीं लापरवाही बरती थी। एसीबी इस मामले में शामिल अपने ही अधिकारियों की भूमिका की भी जांच कर रहा है। विनय कुमार सिंह पर निलंबित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे के काले धन को निवेश करने का आरोप है। उल्लेखनीय है कि ईडी की जांच में भी यह खुलासा हुआ था कि विनय चौबे की पत्नी स्वप्ना संचिता ने विनय सिंह की कंपनी 'नेक्सजेन' में कंसल्टेंट के तौर पर काम किया और इसके एवज में विनय सिंह ने छह साल के भीतर उनके खाते में 1.26 करोड़ रुपये का भुगतान किया था।

### मुड़मा जतरा में अफरा-तफरी का बना माहौल, कलाकारों से हुई मारपीट

**मांडर :** ऐतिहासिक मुड़मा जतरा मेला में रविवार को अफरातफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि पचास हजार से अधिक लोग अभी भी मेले में मौजूद हैं, जबकि प्रशासन और जतरा संचालन समिति के स्वयंसेवक भीड़ को नियंत्रित करने में पूरी तरह नदारद हो चुकी हैं। मेले में करीब पांच हजार से अधिक दुकानें लगी हैं, और लोग ऊपर वाले के भरोसे मेला घूम रहे हैं। भीड़ इतनी बढ़ गई है कि किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका जताई जा रही है। इस बीच, मेले में लगे मौत का कुआं खेल दिखाने वाले कलाकारों से मारपीट की घटना सामने आई है। विवाद बढ़ने पर मामला थाने तक पहुंच गया है। स्थानीय लोग प्रशासन से तत्काल सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण के उपाय करने की मांग कर रहे हैं, ताकि कोई अनहोनी न हो। फिलहाल मौके पर अफरा-तफरी का माहौल है और लोग डर के साये में जतरा का आनंद ले रहे हैं।

### रांची नगर निगम ने सब्जी बाजार में बनाए नए मॉड्यूलर शौचालय

**रांची :** रांची नगर निगम लगातार शहरवासियों के लिए बेहतर सुविधाएं देने में जुटा है। इसी कड़ी में अब मोरहाबादी वेंडिंग जोन-2 और लालपुर-कोकर मार्ग के सब्जी बाजार में नए मॉड्यूलर शौचालय तैयार किए गए हैं। कोकर सब्जी बाजार के पास 6 सीट वाला टॉयलेट (3 महिलाओं और 3 पुरुषों के लिए) लगाया गया है। मोराबादी वेंडिंग जोन-2 में पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग 6-6 सीट वाले मॉड्यूलर टॉयलेट बनाए गए हैं। ये सभी शौचालय आम लोगों के लिए बिलकुल मुफ्त हैं। नगर निगम रोजाना तीन बार इनकी सफाई करवा रहा है, ताकि स्वच्छता और सुविधा दोनों बनी रहें। नगर निगम शहर के अन्य महत्वपूर्ण जगहों पर भी नए मॉड्यूलर शौचालय बनाने का काम कर रहा है, जिन्हें जल्द ही लोगों के लिए खोला जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### 15 को जेडआरयूसीसी की बैठक में रांची रेल परियोजनाओं पर होगी चर्चा : अरुण जोशी

**रांची :** दक्षिण-पूर्व रेलवे की क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (जेडआरयूसीसी) की बैठक आगामी 15 अक्टूबर को कोलकाता में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी समिति के सदस्य अरुण जोशी ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। अरुण जोशी ने बताया कि बैठक में रांची, चक्रधरपुर और आद्रा रेल मंडल के अंतर्गत नई रेल सेवाओं की शुरूआत, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, यात्री सुविधाओं के विस्तार और लंबित परियोजनाओं की प्रगति जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि बैठक में केंद्रीय मंत्री, लोकसभा एवं राज्यसभा सांसदों के अलावा समिति के सभी सदस्य शामिल होंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक से रांची और चक्रधरपुर रेल मंडलों के विकास की गति और तेज होने की संभावना है। अरुण जोशी ने बताया कि वे बैठक में सक्रिय रूप से भाग लेकर रांची और चक्रधरपुर रेल मंडलों के हित में नई ट्रेनों की शुरूआत, स्टेशनों के आधुनिकीकरण और आवश्यक परियोजनाओं को स्वीकृति दिलाने के लिए ठोस पहल करेंगे। रेल यात्रियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराना तथा राज्य में रेल संपर्क को और सशक्त बनाना उनका लक्ष्य है।

### ईश्वरीय ज्ञान से दूर होगी आध्यात्मिक दरिद्रता : डॉ. अभिषेक



**रांची :** रांची के हरमू रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रांगण में रविवार को दीपोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग की चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शांति बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक ने सतयुग के श्री लक्ष्मी-नारायण की चैतन्य झांकी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। दीपोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. शांति ने कहा कि ज्ञान-जागृति से ही तनाव मुक्त और पारदर्शी जीवन संभव है। डॉ. अभिषेक ने कहा कि सम्पूर्ण सृष्टि की समस्याओं का मूल कारण आध्यात्मिक दरिद्रता है, जिसे ईश्वरीय ज्ञान से ही दूर किया जा सकता है। इफको के प्रबंधक संजय कुमार सहाय ने कहा कि ईश्वरीय ज्ञान से अत्याचार, शोषण और भ्रष्टाचार जैसी प्रवृत्तियां समाप्त होंगी। केन्द्र संचालिका बहन ब्रह्माकुमारी निर्मला ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि संस्थान की स्थापना दीपावली के दिन 1937 में हुई थी और आज इस कार्यक्रम में राजयोग का अभ्यास कराया गया। साथ ही उपस्थित जनों ने आत्मदीप जाग्रत रखने का संकल्प लिया। दीपोत्सव कार्यक्रम में जगन्नाथपुर मंदिर न्यास के उपाध्यक्ष अशोक नारसरिया, मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री संजय सर्राफ, उपमहालेखाकार सदानंद नस्कर, अधिवक्ता कौशल राजगढ़िया, योग विशेषज्ञ स्वामी मुक्तस्थ और पूजा अग्रवाल सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### आर्ट ऑफ लिविंग ने नामकुम में किया कंबल, साड़ी और छाता वितरण



**रांची :** आर्ट ऑफ लिविंग (एओएल) ने आज रांची के नामकुम ब्लॉक स्थित हुवांघहातू स्कूल मैदान में कंबल-साड़ी-छाता वितरण का आयोजन किया। कड़ी धूप के बावजूद 150 से अधिक ग्रामीणों ने ध्यान किया और गांव की समग्र समृद्धि के लिए प्रार्थना की। हुवांघाटु ग्राम पंचायत के श्री सोहराई पाहन ने काकड़ा, उलीडीह, सिंगारसराय, मैपतडीह और माराबुरू के वृद्ध और जरूरतमंद ग्रामीणों की उपस्थिति सुनिश्चित की। ग्रामीणों ने भक्तों के साथ मिलकर लोक संगीत पर नृत्य किया और फिर साथ बैठकर स्वादिष्ट भोग प्रसाद ग्रहण किया। ध्यान एओएल शिक्षक उज्ज्वल भास्कर ने कराया। कार्यक्रम का आयोजन गौरव, गगन, विनय, अजीत, डॉ. रोम, श्रेया, सुपर्णा, नेहा, अंतरा, मीना, प्रेमा, रंजना, आशु, यश, सुप्रकाश और हृदय ने किया। कोर्टयार्ड मैरियट होटल, कांके के कर्मचारियों के लिए उनकी छत पर एक योग सत्र भी आयोजित किया गया। एओएल शिक्षक उज्ज्वल भास्कर द्वारा आनंददायक अनुभवों के लिए आभा ध्यान का अभ्यास कराया गया।

### सबशीला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में कंप्यूटर प्रशिक्षण पूर्ण, डीसीए सर्टिफिकेट वितरण



**पिस्का नगड़ी :** प्रखंड के चेक पोस्ट स्थित सबशीला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में कंप्यूटर प्रशिक्षण समाप्त हुआ। रविवार को बच्चों को डीसीए का सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि केदार महतो और विशिष्ट अतिथि अनुज कुमार महतो शामिल हुवे। कंप्यूटर ट्रेनिंग में एक्कुअल पिक्सल कंपनी, ग्लोबल वेलफेयर ऑगेर्नाइजेशन और अनुज महतो का सहयोग मिला। मुख्य अतिथि केदार महतो ने बच्चों को बताया की आज सभी क्षेत्रों में कंप्यूटर से काम हो रही है और यह ट्रेनिंग बच्चों को बहुत लाभकारी होगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुवे संस्थान के डायरेक्ट ई आर रंजीत प्रसाद ने कहा की, कंप्यूटर ट्रेनिंग, लड़कियों को आगे बढ़ाने के लिए लिया गया एक कदम है जो हर साल कराया जायेगा। अतिथियो ने सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दिए।

### बरियातू में राजन जी महराज 22 से सुनायेंगे श्री राम कथा

**रांची :** श्री राम कथा आयोजन ट्रस्ट, रांची की ओर से आगामी 22 अक्टूबर से बरियातू स्थित मैथन पैलेस में तीन दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया जाएगा, जो 24 अक्टूबर तक आयोजित होगी। यह जानकारी श्री राम कथा आयोजन ट्रस्ट के संयोजक राजेश गुप्ता , शिव अग्रवाल और पप्पू सिंह ने संयुक्त रुप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर रविवार को दी। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन अपराह्न तीन बजे से शाम सात बजे तक कथा वाचन करेंगे। ट्रस्ट के लोगों ने बताया कि तीन दिवसीय आयोजन के पहले दिन शिव-पार्वती विवाह की कथा, दूसरे दिन श्री राम जन्मोत्सव और तीसरे दिन श्री सीताराम विवाह की भव्य कथा प्रस्तुत की जाएगी। ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया गया है कि वे समय पर पहुंचे और अनुशासनपूर्वक कथा का श्रवण करें। ट्रस्ट ने सभी से आग्रह किया कि श्री रामकथा आयोजन ट्रस्ट की ओर से समस्त राम भक्तों को इस भव्य आयोजन में सम्मिलित होकर राजन जी महाराज की प्रेरणादायी वाणी का लाभ लेने का आमंत्रण दिया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के सदस्य अभिमन्यु प्रसाद, सूरज कुमार, प्रशांत, आशुतोष द्विवेदी, संगीता प्रसाद और राजेंद्र महतो भी उपस्थित थे।

## एक नजर

### सेक्टर-12 के बंद घर में लाखों की चोरी, सीसीटीवी उखाड़ कर घर में सेंध



**बोकारो :** बोकारो में चोरी की वारदातें एक बार फिर बढ़ने लगी हैं। ताजा मामला सेक्टर-12ए का है, जहां बंद पड़े आवास संख्या 1016 को निशाना बनाते हुए चोरों ने लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया ।सूत्रों के अनुसार, चोरों ने पहले घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को उखाड़ दिया और फिर ताला तोड़कर अंदर घुस गए। गृहस्वामी रामबाबू अपनी पत्नी के साथ पुणे गए हुए थे, इस दौरान उनका घर बंद था। पड़ोसियों ने घटना की जानकारी पुलिस और गृहस्वामी को दी ।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है, जबकि गृहस्वामी भी पुणे से लौट रहे हैं। घर मालिक के आने के बाद ही चोरी गए सामान और उनकी कुल कीमत का पता चल सकेगा।

### आजसू पार्टी की बोकारो जिला बैठक में संगठन सुदृढ़ीकरण पर जोर



**बोकारो :** जिला परिसदन में आजसू पार्टी की आवश्यक बैठक आज सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने की, जबकि संचालन जिला कार्यकारी अध्यक्ष अशोक महतो ने किया। मुख्य अतिथि मांडू विधानसभा के विधायक निर्मल महतो उर्फ ह्यतिवारी महतो ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बोकारो में आजसू पार्टी का संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी के सिद्धांत और विचारधारा को गांव-गांव तक पहुँचाने के लिए सभी कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और संगठन की मजबूती ही आने वाले समय में झारखंड के भविष्य को दिशा देगी ।कार्यक्रम के अंत में जिला उपाध्यक्ष अरविंद पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। बैठक में केंद्रीय सचिव संतोष महतो, जयलाल महतो ह्यजैलीह्ल, नवीन महतो, अश्विनी महतो, केंद्रीय सदस्य महेंद्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष अनिल झा, संतोष महतो, जिला सचिव बंकु बिहारी सिंह, हेमंत तांती, राजेश बोराल, अभय शर्मा, मिथिलेश महतो, बीरेन्द्र हरि, अर्जुन महतो, कीर्ति महतो, चित्तरंजन महतो, वीरू हरि, महेश देशमुख, कृष्णा महतो, उमाशंकर महतो, भरत महतो समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आद्रा मंडल मे मनाया गया स्वच्छ प्रसाधन एवं स्वच्छ पर्यावरण दिवस अभियान

**बोकारो :** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत, रविवार को आद्रा मंडल में स्वच्छ प्रसाधन एवं स्वच्छ पर्यावरण दिवस के अवसर पर मंडल के विभिन्न स्टेशनों, कोचिंग डिपो, ट्रेनों, अस्पतालों, रेलवे पटरियों, कार्यालयों एवं आस-पास के परिसरों मे गहन सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्टेशनों एवं कार्यालयो मे स्तिथ शौचालयों की सफाई की गई तथा जल उपलब्धता, रिसावयुक्त पाइपलाइनों, एवं जल निकासी प्रणालियों की भी जाँच की गई तथा उनकी मरम्मत की गई। मंडल मे चल रहे इन अभियानों का उद्देश्य रेलवे परिसरों को स्वच्छ, हरित एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाना है, ताकि यात्रियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय समुदाय के लिए एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित रहे।

# डीएवी के सभी संस्थानों में 'रन फॉर डीएवी' मैराथन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** शिक्षा और सामाजिक कल्याण के लिए समर्पित संस्था डीएवी द्वारा रविवार को राष्ट्रव्यापी स्तर पर डीएवी के सभी संस्थानों में ₹रन फॉर डीएवी₹ एक मैराथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीएवी सेक्टर-4 द्वारा आयोजित इस महाआयोजन के मुख्य अतिथि एके सिंह महाप्रबंधक नगर प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि "रन फॉर डीएवी" का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच एक मैत्रीपूर्ण दौड़ के साथ-साथ बच्चों को खेल-कूद के लिए प्रेरित करना,उन्हें शारीरिक रूप से सक्रिय रहने के लिए प्रोत्साहित करना एवं आपसी एकता सौहार्द स्थापित करना है।आज के इस महाअभियान में




डीएवी सेक्टर-4, डीएवी सेक्टर-6, डीएवी इस्पात विद्यालय सेक्टर 9/ई, सेक्टर -2/सी,12/ई एवं सेक्टर 8/बी के विद्यार्थी ,शिक्षकों, विद्यालय कर्मचारी गण एवं डीएवी विद्यालयों के प्राचार्य वर्ग मुख्य रूप से डॉ०सुनील कुमार प्राचार्य डीएवी इस्पात 9/ई, अनुपाल सागर प्राचार्य 8/बी, अनुराधा सिंह प्राचार्य डीएवी-6 आदि की बृहद संख्या में सहभागिता रही। कार्यक्रम में शामिल डीएवी सेक्टर-4 के प्राचार्य सह-एआरओ जोन 'के' के एसके मिश्रा ने कहा कि रन फॉर डीएवी एक मैराथन कार्यक्रम है जिसका बुनियादी प्रयोजन बच्चों को खुशी के लिए दौड़ने जैसी स्वस्थ एवं मनोरंजक गतिविधि में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है जहाँ जीत-हार जैसी कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है और एक एकजुट होकर शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जागरूक होना मूल लक्ष्य है। इस महाआयोजन में सभी ने बड़े जोश, उत्साह,खुशी और जज्बे के साथ हिस्सा लिया। बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अपना रन सर्वाधिक अल्प समय में पूरा करने वाले प्रतिभागियों को मेडल देकर उत्साहवर्धन किया गया जिसमें लड़का वर्ग से बिट्टू कुमार एवं रंजन कुमार डीएवी इस्पात 8/बी,रवि कुमार, सनी कुमार एवं पीयूष महतो डीएवी इस्पात 9/ई, शशांक कुमार,शिवम कुमार महतो एवं शौर्य प्रताप सिंह डीएवी सेक्टर-4 , शिवम गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार एवं शुभम गोप डीएवी इस्पात 2/सी से मेडल पाने में सक्षम सफल रहे वही लड़की वर्ग से अर्चना कुमारी डीएवी इस्पात 8/बी, श्यामली कुमारी, मनीषा हंसदा, सृष्टि कुमारी एवं पलक डीएवी सेक्टर-4, साक्षी कुमारी एवं आशा कुमारी डीएवी इस्पात 9/ई, काजल कुमारी एवं आराध्या डीएवी-6 को मेडल पहनाकर उनकी हौसलाअफजाई की गयी। शिक्षकवृंद एवं ऑफिस स्टाफ में से अल्प समय में रन पूरा करनेवालों की श्रेणी में चिंटू सिंह डीएवी-4, जयंत शांडिल्य एवं निकेतन सिंह डीएवी इस्पात 12/ई, मनुकांत शर्मा डीएवी इस्पात 2/सी, सुशील सिंह, शांता कुमारी, उत्तम कुमार,रंगेश कुमार, गोपाल मिश्रा, सुभाष कुमार ,पुजा कुमारी, ललिता कुमारी, पुनीता पाठक डीएवी-4 को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## अफीम खेती के लंबित मामले में एक गिरफ्तार, भेजा जेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के तुता गांव निवासी 27 वर्षीय वीष्णू महतो को रविवार को ईचागढ पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे ने बताया विष्णु महतो अफीम खेती में संलिप्त थे। विष्णु महतो के खिलाफ ईचागढ़ थाना कांड संख्या 23/25 दिनांक 01-03-025 के तहत धारा 15/18/46 दर्ज है। उन्होंने कहा कि लंबित एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने लोगों को अपील करते हुए कहा कि अफीम खेती के खिलाफ लोगों को जागरूक किया जा रहा है , अफीम खेती को छोड़कर



वैकल्पिक खेती अपनाएं, अन्यथा कठोर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि किसी भी सुरत में अफीम खेती एवं अन्य नशीले पदार्थ की खेती एवं कारोबार बर्दाश्त नही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर लंबित मामलों का त्वरित कार्रवाई किया जा रहा है।

## डैमेज घोषित एचएससीएल चार मंजिला मकान गिरा, कोई हताहत नहीं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सेक्टर वन स्थित एचएससीएल कॉलोनी की चार मंजिला इमारत पिछले आठ वर्षों से डैमेज घोषित की गई है। कई बार खाली करने के नोटिस के बाद भी इसमें रह रहे निवासियों ने मकान खाली नहीं की। आश्चर्य नहीं कि शनिवार को देर शाम ब्लॉक का पिछला हिस्सा भरभरा के गिर गया और जमींदोज हो गया। ये भला हुआ कि इसमें रह रहे लोग समय रहते इसे खाली कर दिया। नहीं तो जान की भी हानि हो सकती थी। जानकारी के अनुसार, यह हादसा सेक्टर 1बी के मकान संख्या 351 से 366 के बीच हुआ। पुरानी और जर्जर हो चुकी इमारत का पिछला हिस्सा अचानक भरभराकर गिर



पड़ा। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए और मौके पर भारी भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस, नगर निगम और सिविल आडिफेंस की टीम मौके पर आपहुंची। सुरक्षा के मद्देनजर इलाके को घेर लिया गया है और आसपास के मकानों को भी एहतियातन खाली कराया जा रहा है। सूचना मिलते ही धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और प्रशासन से टाउन हॉल में बेघर परिवारों को अस्थायी आश्रय देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस कॉलोनी की जर्जर स्थिति को लेकर कई बार पत्राचार हुआ, लेकिन प्रबंधन ने ध्यान नहीं दिया। इस घटना से ये सवाल भी उठना लाजमी है कि जब मैनेजमेंट ने ब्लॉक डैमेज घोषित किया तो इसे खाली क्यों नहीं कराया गया। क्यों इसकी बिजली और पानी की कनेक्शन नहीं काटी गई सूत्रों के अनुसार मैनेजमेंट के अंदर ही भाड़ा माफिया नहीं चाहता की कार्रवाई हो। जिससे मकानों को अवैध रूप से भाड़े पर चढ़ा कर वसूली की जाए। मैनेजमेंट को इस संदर्भ में कार्रवाई करनी चाहिए।

## सिविल सर्जन ने शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेक्टर-6 में किया औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के द्वारा शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेक्टर-6 मे औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ किरण, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स एवं अन्य सभी कर्मी उपस्थित थे । निरीक्षण के क्रम में दवा की उपलब्धता और उसके रखरखाव की जानकारी ली तथा उक्त समय तक कुल 17 मरीजों की जांच की जा चुकी थी।

**सेक्टर 6 स्थित शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव केन्द्र की शुरूआत करने का निर्देश**

सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने स्वास्थ्य केंद्र के ओ0पी0डी0 में उपस्थित दवा को व्यवस्थित रखने का निर्देश दिया तथा एक्सपायरी दवा को चेक भी किया गया। उन्होंने मरीजों की



बढ़ती संख्या को देखते हुए शहरी कार्यक्रम प्रबंधक को निर्देश दिया कि शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेक्टर 6 में प्रसव केन्द्र की शुरूआत करने हेतु जरूरी उपकरण की उपलब्धता क्या है और किन उपकरणों की जरूरत है इसकी सूची तैयार कर प्रसव केन्द्र की शुरूआत जल्द से जल्द करें। साथ ही जगह की उपलब्धता को देखते हुए शहरी क्षेत्र के स्टाफ की बैठक, मीटिंग एवं प्रशिक्षण शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेक्टर-6 में करने हेतु उपस्थित कर्मियों को निर्देश दिया गया। औचक निरीक्षण के दौरान प्रधान लिपिक दिलीप कुमार सिंह, जिला शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक प्लानिंग विश्वरंजन, सैफुल्लाह अंसारी एवं मो शब्बीर अनवर उपस्थित थे।

## भारत को जानो अंतरविद्यालयीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई ज्ञान की चमक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** भारत विकास परिषद बोकारो स्टील सिटी द्वारा आयोजित भारत को जानो 2025 अंतरविद्यालयीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का सफल आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर 33 में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ शाखा अध्यक्ष ललित वर्मा एवं मुख्य अतिथि वी.एस. जायसवाल, निदेशक द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में बोकारो के 10 विद्यालयों के कक्षा 6 से 12 तक के 94 विद्यार्थियों ने भाग लिया। पहले चरण में परिषद ने कनिष्ठ और वरिष्ठ दोनों वर्गों के लिए सामान्य ज्ञान आधारित लिखित परीक्षा कराई, जिसमें प्रत्येक विद्यालय के पाँच विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छह विद्यालयों के दो-दो छात्र-छात्राओं का चयन प्रश्न मंच के लिए किया गया ।रोमांचक और ज्ञानवर्धक इस मंच में कला-संस्कृति, साहित्य,



धर्म-संस्कार, विज्ञान, समसामयिक विषय, खेल, रक्षा और ऑडियो-वीडियो सहित विविध विषयों पर प्रश्न पूछे गए।वरिष्ठ वर्ग में ए.आर.एस. पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान, होली क्रॉस स्कूल बोकारो ने द्वितीय और क्रिसेंट पब्लिक स्कूल चास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कनिष्ठ वर्ग में जी.जी.पी.एस. स्कूल चास प्रथम, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल पिंडराजोरा द्वितीय और सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर 33 तृतीय स्थान पर रहे। विजेता विद्यालयों को ट्रॉफी, प्रमाणपत्र और मोमेंटो प्रदान किए गए। वरिष्ठ वर्ग का संचालन पूर्व सैन्य अधिकारी और शाखा सचिव अनुप कुमार ने किया, जबकि कनिष्ठ वर्ग का संचालन वरीय सदस्य अनीता सिन्हा ने संभाला।

# दुगार्पुर में किशोरियों और महिलाओं के लिए जीवन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** कसमार प्रखंड की दुगार्पुर पंचायत स्थित कुरको आंगनवाड़ी केंद्र में सहयोगिनी संस्था द्वारा शुक्रवार को जीवन कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों और महिलाओं को जागरूक करना, उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ना और बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ सशक्त करना है। कार्यक्रम के दौरान, सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ाव, वंचित वर्ग की किशोरियों एवं महिलाओं के बीच जेंडर जागरूकता, तथा हिंसा की



रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। सहयोगिनी संस्था के कोऑर्डिनेटर प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि संस्था वर्तमान में कसमार प्रखंड की दुगार्पुर, बगदा, खैराचातर और टांगटोना पंचायतों के 19 गांवों में किशोरी एवं युवा महिला समूह बनाकर उनकी नेतृत्व क्षमता के विकास पर कार्य कर रही है। उन्होंने जोर दिया कि इन समूहों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में सुरक्षित और जागरूक वातावरण बनाना हमारे भविष्य की नींव है, और हर बच्चे को गरिमा के साथ जीवन जीने एवं आगे बढ़ने का अधिकार है। सहयोगिनी की एनिमेटर विनीता देवी ने बताया कि दुगार्पुर पंचायत में किशोरी एवं युवा महिला समूहों के साथ मिलकर जीवन कौशल और नेतृत्व क्षमता विकसित करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। रिसोर्स पर्सन प्रेम कुमार महतो ने किशोरावस्था में शारीरिक एवं मानसिक शिक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस उम्र में सही मार्गदर्शन से बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने बाल विवाह के गंभीर दुष्प्रभावों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बाल विवाह से बच्चों की शिक्षा बाधित होती है, उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है, और कम उम्र में लड़कियां गर्भावस्था तथा प्रसव संबंधी जटिलताओं का शिकार बनती हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों और किशोरियों को जीवन के प्रति सजग, आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनाना है। इस मौके पर किशोरी क्लब की लाडली प्रवीण, आभा महतो, नेहा कुमारी, रोजी प्रवीण, सुधा कुमारी समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बुजुर्ग की दर्दनाक मौत, 5 घंटे तक जाम



**बोकारो :** जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र में आज एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें 55 वर्षीय जानकी महतो की मौके पर ही मौत हो गई। अंबाडीह गांव के निवासी जानकी महतो पेटरवार के गागी हाट से आलू लादकर साइकिल से घर लौट रहे थे, तभी गोकुलधाम के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया।

घटना का विवरण हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया। इस कारण घंटों तक यातायात पूरी तरह ठप रहा और दोनों दिशाओं में वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रशासनिक कार्रवाई सूचना मिलते ही पेटरवार और कसमार थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पेटरवार प्रखंड विकास पदाधिकारी, स्थानीय जिला परिषद सदस्य और जरीडीह इंस्पेक्टर समेत अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर परिजनों और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर करीब 5 घंटे बाद जाम हटवाया।

वर्तमान स्थिति पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की है। इस दुखद घटना से पूरे इलाके में मातम का माहौल है। यह हादसा एक बार फिर से सड़कों पर तेज रफ्तार वाहनों की समस्या को उजागर करता है।

### विपिन को अधिशासी निदेशक बनाए जाने पर मिथिला सांस्कृतिक परिषद ने किया सम्मानित



**बोकारो :** बोकारो इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक विपिन कुमार सिंह को अधिशासी निदेशक, बर्नपुर के रूप में प्रोन्नत किए जाने पर रविवार को मिथिला सांस्कृतिक परिषद, बोकारो की ओर से सम्मानित किया गया। परिषद के एक शिष्टमंडल ने सेक्टर- 4 स्थित उनके आवास पहुंचकर मिथिला परंपरानुसार पाग, शॉल, मिथिला पेंटिंग एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर श्री सिंह को सम्मानित किया और नए दायित्व के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। शिष्टमंडल में मिथिला सांस्कृतिक परिषद के निदेशक मंडल संयोजक राजेन्द्र कुमार, परिषद के महासचिव नीरज चौधरी, वित्त सचिव मिहिर मोहन ठाकुर, सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक व परिषद के स्थायी आमंत्रित सदस्य सुनील मोहन ठाकुर शामिल थे। उल्लेखनीय है कि श्री सिंह दशकों से मिथिला सांस्कृतिक परिषद से जुड़े रहे हैं तथा बतौर अधिकारी उनकी कार्य-कुशलता भी सराहनीय रही है। श्री सिंह ने सम्मानित किए जाने पर परिषद के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने मिथिला से दूर बोकारो में अपनी सांस्कृतिक विरासत और समृद्ध परंपरा को बनाए रखने में परिषद के कार्यों की सराहना की। साथ ही, आगे भी अपनी ओर से हरसंभव सहायता किए जाने का आश्वासन दिया।

### अवैध बालू को लेकर किया गया छापामारी



**सिल्ली :** राहे प्रखंड के सिल्ली थाना अंतर्गत पोखडा रंगा माटी में अवैध बालू खनन जोरों पर किया जा रहा है। वहीं बालू माफिया बेकोफ होकर रात के अंधेरे में राड़ू नदी से बालू जेसीबी के द्वारा उठाया करते हैं और यह बालू ऊंचे दामों में रांची रामगढ़ आदि जगह भेजा जाता है। बालू माफिया बेकोफ होकर अपने धंधा में संयलुपत है इस संबंध में राहे सीओ पूछने पर उन्होंने कहा कि करवाई अभी चल रही है। जिसमें सिल्ली थाना में तीन टर्बो जप्त किया गया है बाकी ट्रैक्टर का पता तक नहीं चला।

### सड़क हादसे में तीन की मौत

**दुमका :** दुमका जिला के हंसडीहा थाना के महादेवगढ़ के पास दो बाइक की टक्कर में शनिवार रात तीन लोगों की मौत हो गई। मृतक मनंजय कुमार दास दुमका के सोनुवाडंगाल का रहने वाला था। जबकि शिव शंकर महतो हंसडीहा थाना के भाटीन और विभीषण महतो बेल्टीकरी गांव का रहने वाला था। घटना का कारण तेज रफ्तार बताया जा रहा है। बांका से वापस दुमका लौट रहा था मनंजय मनंजय बिहार के बांका जिला के बेलहर प्रखंड कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर काम करता था। शनिवार को ड्यूटी समाप्त कर वापस दुमका अपने घर लौट रहा था। इसी बीच हादसे का शिकार हो गया। परिजनों ने बताया कि मनंजय की शादी दिसंबर 2024 में हुई थी। मनंजय की मौत ने परिवार को झंकझोर कर रख दिया। नवविवाहिता पत्नी पर मानो गमों का पहाड़ टूट पड़ा। वर्ष 2023 में मनंजय के बड़े भाई मृत्युंजय की मौत हो गई थी। अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई। परिजन इलाज के लिए पटना लेकर गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं मनंजय परिवार का आखिरी चिखाग था। मनंजय के पिता विनोद कुमार दास के दो पुत्र थे। दोनों पुत्र की मौत हो गयी। एक सड़क दुर्घटना ने न केवल विनोद के बुढ़ापे का सहारा छीन लिया। बल्कि दो अन्य परिवारों की खुशियां भी छीन ली। मृतकों का शव गांव पहुंचते ही माहौल हुआ गमगीन हंसडीहा थाना क्षेत्र के हंसडीहा भागलपुर मुख्य मार्ग पर महादेवगढ़ गांव के समीप बीते शनिवार की रात्रि दो बाइक की आपस में टक्कर हो गई थी। हादसे में बाइक सवार तीनों युवक की मौत हो गई थी। मृतकों में हंसडीहा थाना क्षेत्र के भाटीन गांव निवासी शिव शंकर महतो वेल टिकरी गांव निवासी विभीषण महतो व दुमका के मनंजय कुमार दास शामिल थे। हादसा देर रात होने की वजह से शनिवार को शवो का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। रविवार की दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शिवशंकर और विभीषण का शव गांव लाया गया। दोनों का शव गांव पहुंचते ही परिजनों की चिक पुकार से पूरा गांव गमगीन हो गया। बताया गया कि विभिषण तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। जबकि शिव शंकर परिवार में इकलौता पुत्र था। दोनों मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। दोनों के आकस्मिक मौत के बाद परिजनों के ऊपर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। बताया जा रहा है कि परिवार में दोनों कमाऊ व्यक्ति था जिस पर पूरा घर निर्भर था। वही मृतक विभीषण महतो का शव जैसे ही हंसडीहा पहुंचा तो उनके परिजनों के पास शव का अंतिम संस्कार करने के लिए भी पैसे नहीं थे।

# झारखंड कुरमी महासभा की प्रदेश कार्य समिति की हुई बैठक




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** झारखंड कुरमी महासभा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक रविवार को प्रदेश कार्यालय बड़ागाई, बरियातू रोड रांची में हुई। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष कुमेश्वर महतो ने किया। संचालन प्रदेश महासचिव कारीनाथ महतो ने किया। बैठक में विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी उपस्थित जिला अध्यक्षों के द्वारा अपने-अपने जिलों का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रदेश महासचिव के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 का प्रगति प्रतिवेदन एवं आय-व्यय प्रस्तुत किया गया। वर्ष 2024-25 का लेखा बही का अंकेक्षण करवाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किया गया झारखण्ड के टोटेमिक कुरमी जनजाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने के लिए सरकार से मांग किया गया। झारखंड में जातीय जनगणना करवाने का मांग सरकार से किया गया। कुरमाली भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने का मांग सरकार से किया गया। झारखंड की राजधानी रांची में कुरमी भवन निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जायेगा। भवन निर्माण हेतु बने द्रस्ट का अधिक से अधिक ट्रस्टी बनने एवं समाज के सभी लोगों से अंशदान करने का आग्रह किया गया। दिनांक 7 दिसम्बर 2025 को प्रदेश कमेटी का चुनाव रांची में किया जाएगा। इसके लिए चुनाव समिति का गठन किया गया जिसमें डा. भुवनेश्वर महतो को मुख्य चुनाव पदाधिकारी नियुक्त किया गया। सहायक चुनाव पदाधिकारी मुनेश्वर महतो, देवकी महतो एवं डॉ. राजनारायण सिंह पटेल होंगे। झारखंड कुरमी महासभा का संगठनात्मक ढांचा को मजबूत करने हेतु सभी जिलों में जिला सम्मेलन कर समाज के लोगों को संगठन से जोड़ा जाएगा। इसके लिए वार्षिक कैलेंडर जारी किया जाएगा। झारखंड कुरमी महासभा का सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और वर्ष 2025 में 5000 का आंकड़ा पार करने का लक्ष्य रखा गया है इसके लिए सभी जिला अध्यक्षों को कम से कम इस वर्ष 100 सदस्य बनाने का टारगेट दिया गया है। झारखंड कुरमी महासभा का सदस्यता 5000 पुरा करने के बाद प्रदेश सम्मेलन किया जाएगा। गिरिडीह के सांसद माननीय चन्द्रप्रकाश चौधरी के द्वारा कुड़मी महतो जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के लिए सांसद में आवाज उठाया। इसके लिए प्रदेश कमेटी की ओर धन्यवाद दिया गया। राज्यसभा सांसद माननीय डॉ. प्रदीप वर्मा ने कुरमाली, खोरठा सहित मुंडारी एवं हो भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग देश के सर्वोच्च सदन में उठाया इसके लिए उन्हें धन्यवाद दिया गया।

## एक नजर

### घर में घुसकर 15000 नगद समेत मोबाइल की चोरी

**सरिया :** सरिया थाना क्षेत्र के चंद्रमारणी वार्ड नंबर 3 में अज्ञात चोरों द्वारा एक घर में घुसकर15000 नगद समेत एक मोबाइल की चोरी कर ली गई। इस संबंध में भगत भोगी विजय मंडल ने सरिया थाना में एक आवेदन दिया है। आवेदन के आलोक में बताया गया है कि बीते शनिवार की रात लगभग 11:00 बजे परिवार के पीकर सो गए थे। रविवार की सुबह लगभग 4:00 बजे नींद खुली, मैं अपना मोबाइल फोन जिसका नंबर 922 925 2336 है ढूंढने लगा। परंतु वह नहीं मिला। इसके पेट की जेब में 15000 नगद थे वह भी गायब था। तब लोगों को समझ में आया कि इसके घर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। भूक्तभोगी विजय मंडल ने बताया कि जहां यह सोया हुआ था वहां पर एक सिम भी गिरा हुआ था जिसे सरिया पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है। वही चोर की एक जोड़ी चप्पल भी वहां पाया गया। विदित हो कि बीते 24 जून 2024 को इसी के यहां चोरों ने लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवर तथा नगदी की चोरी की घटना हुई थी। पीड़ित ने बताया कि उसके घर 4 महीने के अंदर चोरी की यह दूसरी घटना है। लगातार हो रही इस घटना से परिवार सहित अन्य लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

### आपसी विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट एक घायल



**सरिया :** सरिया थाना क्षेत्र के बड़की सरिया में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई जिससे एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना रविवार की दोपहर लगभग 12:00 की है। इस संबंध में पीड़ित पक्ष के जयप्रकाश पांडेय ने सरिया थाना में एक आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि उनका गोतिया महेंद्र पांडेय दो मंजिला घर बना रहा था। वह जमीन आवेदक की पैतृक जमीन है। जिसकी मालगुजारी वह अब तक भर रहा है। इसी संबंध में जयप्रकाश पांडेय महेंद्र पांडेय से कुछ पूछा था चक्कर ही रहा था। तब तक महेंद्र पांडेय के पक्ष से योगेंद्र पांडेय महेश पांडेय,मनोज पांडेय,विनोद पांडेय, मदन पांडेय सहित अन्य लोग आए तथा इसके साथ मारपीट करने लगे। हो-हल्ला सुनकर जयप्रकाश पांडेय के पिताजी राजेंद्र पांडेय, भाई व पत्नी बीच बचाव के लिए आई। उन लोगों के साथ भी लोगों ने मारपीट किया। जिससे इनके पिताजी राजेंद्र पांडेय को गंभीर चोटें आई और वे घायल हो गए। जिनका प्राथमिक उपचार सीएचसी बगोदर में कराया गया। वही बेहतर उपचार हेतु गिरिडीह रेफर किया गया है।

### केरेडारी के मनातू पथ में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड थाना क्षेत्र के पहरा-मनातू पथ में धोर धोरवा घाटी के समीप एक बालू लदा ट्रेक्टर के चपेट में आने से एक बाइक चालक की मौत हो गयी ।मृतक की पहचान केरेडारी थाना क्षेत्र के बकचोमा निवासी प्रेम गंझू पिता स्व रति गंझू के रूप में हुई ।घटना के संदर्भ में बताया गया उक्त व्यक्ति पहरा की ओर जा रहा था,उसी क्रम में धोर-धोरवा के समीप ट्रैक्टर के चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया ।सूचना मिलने के बाद परिजनों ने तत्काल बड़कागांव अस्पताल में इलाज कराया ।उसके बाद चिकित्सक ने हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया ।जहाँ इलाज के दौरान मौत हो गयी। यह घटना रविवार की है। परिजनों ने बताया कि प्रेम गंझू दो लोग धनिया पत्ता बेचने बड़कागांव जा रहे थे,उसी क्रम में घटना हुई है ।वही पोस्टमार्टम के पश्चात शव को उनके परिजनों को सौप दिया गया है।

## वन अधिकार के तहत ग्राम सभा का बैठक हुआ संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** सदर प्रखंड अंतर्गत मुड़िया सुतराम ग्राम सभा में ग्रामसभा अध्यक्ष जीदन जोजो के अध्यक्षता में ग्रामसभा बैठक संपन्न हुई, बैठक में मुख्य रूप से सामुदायिक वन पालन समिति के सिमडेगा प्रखंड प्रभारी अमृत डांग आमंत्रित थे। उन्होंने वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत व्यक्तिगत एवं सामुदायिक अधिकार से अवगत कराते हुए, सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति, वन आश्रित महिला सहकारिता समिति और बाल अखाड़ा समिति गठन करने का जोर दिया और वर्तमान में सामुदायिक वन संसाधन की बिगड़ते स्थिति को देखते हुए सामुहिक रूप में वन संसाधन का संरक्षण, पुनर्जीवित और प्रबंधन करने का सलाह दिया। सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि उपरोक्त समितियों का गठन कर ग्राम सभा के तहत सामुदायिक रूप से सामुदायिक वन संसाधन का प्रबंधन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर सनातन लुगुन, स्नेहलता तिर्की, जस्टिन जोजो, रेणुका लुगुन, सलीम जोजो, बहामनी समद, सुगड़ लुगुन आदि मौजूद थे।

## पीएससी में पोलियो उन्मूलन अभियान की भव्य शुरूआत, बीडीओ तिवारी ने किया उद्घाटन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सारिया :** सरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित नारायण तिवारी ने रविवार को प्रखंड के पीएससी केंद्र पर पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी धर्मपत्नी अर्चना कुमारी, सी ओ संतोष कुमार तथा सीडीपीओ के साथ मिलकर बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर अभियान की शुरूआत की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया। श्री तिवारी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पोलियो एक ऐसी बीमारी है जो पूरी तरह से रोकी जा सकती है, बशर्ते हम सब मिलकर जागरूक रहें। उन्होंने अपील की कि माता-पिता अपने सभी बच्चों, विशेषकर शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्रॉप अवश्य दिलवाएं। यह अभियान न केवल बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा करेगा, बल्कि एक स्वस्थ समाज का निर्माण भी करेगा। कोई भी बच्चा इस टीकाकरण से वंचित न रहे, यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, उन्होंने जोर देकर कहा ।सीडीपीओ ने बताया कि सरिया प्रखंड में इस दो दिवसीय पल्स पोलियो अभियान के तहत सैकड़ों बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर ड्रॉप पिलाएंगे। कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों और आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने भी सहयोग किया। बीडीओ तिवारी ने स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता के लिए प्रखंडवासियों को बधाई दी, जो हाल ही में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद इस अभियान में भी उत्साह दिखा रहे हैं।अभियान के सफल संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं, ताकि सरिया प्रखंड पोलियो मुक्त भारत के संकल्प में योगदान दे सके।

## रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ठेठईटांगर :** प्रखंड के कोरोमियां पंचायत अंतर्गत बलसेरा गांव में इंद्रदेव पूजा एवं ईंद मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रंगारंग ठेठ नागपुरी एवं आधुनिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व उपमुखिया सह समाज सेवी दीपक लकड़ा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि इंद्रदेव पूजा को हम सब जानते है कि इंद्रदेव वर्षा के देवता हैं। उनकी कृपा से ही धरती पर हरियाली आती है, खेतों में फैसले लहराती है और जीवन में समृद्धि आती है आज हम सब इंद्रदेव से प्रार्थना करते हैं कि वह हमारे गांव खेत खलियान और पूरे प्रदेश पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखें। आइए इस शुभ दिन पर हम सब मिलकर यह संकल्प ले कि हम प्रकृति का सम्मान करेंगे, जल का संरक्षण करेंगे और पर्यावरण को स्वच्छ हुआ हरा भरा बनाए रखेंगे। क्योंकि प्रकृति की रक्षा ही सच्चे अर्थों में इंद्रदेव की आराधना है। मुख्य अतिथि जिप सदस्य पश्चिम अजय एक्का विशिष्ट अतिथि कोरोमियां मुखिया रेणुका सोरेंग विशिष्ट अतिथि बोलबा पत्रकार कालो खलखो एवं मीडिया प्रभारी भरत सिंह ने दीप प्रज्वलित कर ईद मेला का शुभारंभ किया गया। इंद्रदेव पूजा के समिति के संरक्षक अशोक बड़ाइक, अध्यक्ष हरचंद सिंह, उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह, सचिव बसंत बड़ाइक, उपसचिव मदन सिंह एवं कोषाध्यक्ष दिनेश इंदवार ने अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर अतिथियों ने इंद्रदेव पूजा की परंपरा और लोक सांस्कृतिक को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया तथा आयोजन समिति के कार्य की सराहना की।

## डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल में रन फॉर का भव्य आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मुरी/सिल्ली :** डी.ए.वी. महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल, सिल्ली में आज रन फॉर डी ए वी 2025 कार्यक्रम का भव्य आयोजन उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, टीम भावना और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना था। रन फॉर डी ए वी का दौड़ झारखंड मोड़ सिल्ली से मुरी तक के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका बी. शरण ने हरी झंडी दिखाकर रन की शुरूआत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं पूर्व प्रधानाध्यापक मोतीलाल प्रसाद जी तथा डी.ए.वी. सिल्ली के एल.एम.सी. सदस्य प्रवीण अग्रवाल जी उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापिका बी. शरण ने सभी प्रतिभागियों को स्वास्थ्यपूर्ण जीवनशैली अपनाने और खेलों के माध्यम से अनुशासन व आत्मविश्वास बढ़ाने का संदेश दिया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शिक्षकों एवं सहयोगियों के प्रयासों की सराहना की। पूरा वातावरण जोश, ऊर्जा और एकता की भावना से भर उठा। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ दौड़ में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें विद्यालय परिवार ने यह संकल्प लिया कि आगे भी ऐसे आयोजन निरंतर होते रहेंगे ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके। इस कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका खेल शिक्षक विजय मंडल, विद्यालय के समन्वयक शशांक शेखर, आर्ट क्लब प्रमुख प्रणेश मिश्रा, संचिता देवी सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जर्जर सड़कों से उड़ती धूल ने बढ़ाई परेशानी दुकानों और घरों में जमी धूल की मोटी परत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोलेबिरा :** प्रखंड क्षेत्र की सड़कों की हालत दिनों दिन बदतर होती जा रही है। जगह जगह बने गड्ढे, उखड़ा हुआ डामर और उड़ती धूल ने यहाँ के लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। हालत यह है कि अब दुकानों और घरों के भीतर तक धूल की मोटी परत जमने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि सुबह सफाई करने के कुछ ही घंटे बाद फिर से सबकुछ धूल से ढक जाता है। लगातार धूल उड़ने से लोगों को आँखों, गले और सांस की तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है।

**टूटी सड़कें और उड़ती धूल ने अस्त-व्यस्त किया जनजीवन**

कोलेबिरा वन विभाग चेक नाका से लेकर छगरी बंधा तक सड़कें पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं। सड़क पर जैसे ही कोई वाहन गुजरता है, हवा में धूल का बादल छा जाता है। राहगीरों को मजबूरन अपनी आंखें और मुंह ढंककर चलना पड़ता है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि दिनभर सफाई करने के बावजूद ग्राहकों के आते ही दुकान में फिर से धूल उड़ने लगती है। इससे खाने-पीने की चीजें और अन्य सामान खराब होने लगे हैं। एक दुकानदार ने बताया कि सड़क इतनी खराब है कि हर गुजरते वाहन के साथ पूरा बाजार धूल में नहाने लगता है। कपड़े, खाने-पीने की चीजें सब पर धूल जम जाती है।

**घरों में भी नहीं मिल रही राहत**

सड़क किनारे रहने वाले लोगों के घरों में भी धूल का जमाव लगातार बढ़ रहा है। महिलाओं का कहना है कि दिन में दो से तीन बार सफाई करने के बाद भी दीवारें, फर्नीचर और रसोई के बर्तन तक धूल से भर जाते हैं। धूल के कारण बच्चों और बुजुर्गों में खांसी, सांस की दिक्कत और एलर्जी जैसी समस्याएं आम हो गई हैं।

**स्वच्छता अभियान पर उठे सवाल**

एक ओर सरकार स्वच्छ भारत अभियान पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर कोलेबिरा की धूल भरी सड़कें इन दावों की सच्चाई उजागर कर रही हैं। लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो वे सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

**जनता की माँग सड़क बने, धूल से मुक्ति मिले**

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द सड़कों की मरम्मत और डामरीकरण किया जाए ताकि उन्हें राहत मिल सके। उनका कहना है कि यह सिर्फ सड़क की समस्या नहीं, बल्कि जन स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ा गंभीर मुद्दा बन चुका है। कोलेबिरा की सड़कें अब सिर्फ गड्ढों और धूल की कहानी नहीं रहीं यह उस प्रशासनिक लापरवाही का प्रतीक बन चुकी हैं जो लोगों की तकलीफ को लगातार अनदेखा कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### सरिया की खातिजा खातून बनीं महिला सशक्तिकरण की मिसाल, बीडीओ ने किया आवास स्वीकृति का आश्वासन



**सरिया :** गिरिडीह जिले के सरिया प्रखंड में एक ऐसी घटना घटी, जो न केवल महिला सशक्तिकरण की प्रेरणादायक कहानी बनी, बल्कि सरकारी योजनाओं की जमीन पर पहुंचने वाली संवेदनशीलता का भी जीता-जागता उदाहरण प्रस्तुत करती है। रविवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) ललित नारायण तिवारी ने अपने नियमित शहर भ्रमण के दौरान विवेकानंद चौक के पास एक ऐसी महिला से मुलाकात की, जिनकी मेहनत और हिम्मत देखकर हर कोई प्रभावित हो गया। यह महिला कोई और नहीं, बल्कि ग्राम लालकोनी पंचायत बागोडीह निवासी विधवा खातिजा खातून थीं, जो अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए पिछले छह महीनों से सरिया बाजार में टोटो (ई-रिक्शा) चला रही हैं ।बीडीओ श्री तिवारी जब विवेकानंद चौक पर पहुंचे, तो वहां व्यस्त बाजार में टोटो पर यात्रियों को लादे हुए खतिजा खातून को देखा। उनकी यह दृढ़ता देखकर बीडीओ रुक गए और उनसे बातचीत शुरू की। खतिजा ने अपनी व्यथा बयां की—पति के असामयिक निधन के बाद परिवार की सारी जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई। छोटे छोटे बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और घर का गुजारा चलाने के लिए उन्हें मजबूरन टोटो चलाना पड़ा। उन्होंने बीडीओ से पी एम आवास योजना के तहत पक्के घर की गुहार लगाई, क्योंकि उनका वर्तमान आवास जर्जर अवस्था में है और बारिश के मौसम में परिवार को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ।इस पर बीडीओ ललित नारायण तिवारी ने न केवल उनकी बात ध्यान से सुनी, बल्कि तत्काल कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा, बहुत जल्द ही आपका आवास स्वीकृत कर दिया जाएगा। सरकारी योजनाएं इसी उद्देश्य से हैं कि कोई जरूरतमंद वंचित न रहे। खातिजा की हिम्मत, मेहनत और आत्मनिर्भरता की सराहना करते हुए बीडीओ ने कहा, महिला शक्ति को नमन है। ऐसी महिलाएं समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं, जो विपरीत परिस्थितियों में भी हार नहीं मानतीं। उन्होंने स्थानीय टीम को निर्देश दिए कि खातिजा के दस्तावेजों की जांच तुरंत शुरू की जाए और आवास निर्माण की प्रक्रिया को गति दी जाए। यह घटना सरिया प्रखंड में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### एससी एसटी ओबीसी माइनोरिटी सोसाइटी के रक्तदान शिविर में 129 यूनिट रक्त संग्रह



**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के आदिवासी उच्च विद्यालय परिसर में रविवार को एससी एसटी ओबीसी,माइनोरिटी सोसाइटी बोड़ाम कमिटी द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर का उद्घाटन बोड़ाम बीडीओ किकू महतो ने किया ।वही बोड़ाम प्रमुख ललिता सिंह ने रक्तदान कर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। शिविर को सफल बनाने में कमिटी सदस्यों,बिरसा कृषि विकास ट्रस्ट,एम जी एम ब्लड बैंक सहित ग्रामीणों का भरपूर सहयोग रहा ।रक्तदान शिविर में स्थानीय युवाओं का उत्साह देखा गया। एमजीएम के डॉ श्वेता सहाय,राघव कुमार,अजीत कुमार महतो,जनार्दन महतो, हुस्ना आरा,कार्यक्रम को सफल बनाने में आशुतोष महतो ,मिहिर महतो, हिमांशु महतो,यादव महतो,बबलू स्वर्णकार,शिशिर, विदु सोरेन,मुखिया रूपा सिंह,ग्राम प्रधान राधेश्याम सिंह सरदार, देवव्रत,परमेश्वर,बुद्धेश्वर, ओम प्रकाश,नीलकमल महतो, फुचूराम महतो, हरेन,महापद सिंह,पंचानन महतो ,प्राचार्य मजनू अंसारी, शीतल सहित काफी संख्या में ग्रामीण ओर युवा उपस्थित थे।


खुशियों के दीप से रोशन हुए बुजुर्गों के चेहरे

### रोटरी क्लब रांची ने बरियातू वृद्धाश्रम में मनाया दीपावली मिलन समारोह



**रामगढ़ :** रोटरी क्लब रांची के सदस्यों ने बरियातू स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर जब बुजुर्गों के साथ दीपावली मनाई, तो यह उत्सव भावनाओं, प्रेम और अपनत्व का संगम बन गया। रोटरी परिवार के सदस्यों ने वृद्धाश्रम में रहने वाले 55 बुजुर्गों के साथ दीपावली मनाकर खुशियाँ बाँटीं। उनके साथ मिलकर गीत गाये। उनके बीच मिठाइयाँ और उपहार बांटा। इस आयोजन से बुजुर्गों के चेहरे पर खुशी और स्नेह की चमक बिखर गई। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत रोटरी क्लब रांची के अध्यक्ष अमित अग्रवाल के स्वागत संबोधन से हुई। उन्होंने कहा कि दीपावली का असली अर्थ केवल घरों में दीप जलाना नहीं, बल्कि किसी के जीवन में प्रकाश लाना है। जब हम अपने समाज के वरिष्ठ नागरिकों के बीच खुशियाँ बाँटते हैं, तभी दीपावली का सच्चा उद्देश्य पूरा होता है। उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे हर अवसर पर समाज के उपेक्षित और वंचित वर्गों के साथ जुड़कर उनकी सेवा करें। कार्यक्रम में बुजुर्गों ने अपने जीवन के अनुभव रोटेरियन सदस्यों के साथ साझा किया। किसी ने बचपन की दीपावली याद की, तो किसी ने परिवार से दूर रहने का दर्द साझा किया। रोटरी सदस्यों के स्नेह से मिली खुशी का जिक्र करते हुए कइयों की आंखे भर आई। कार्यक्रम में सभी ने साथ मिलकर पारंपरिक खेलों और आतिशबाजी का भी आनंद उठाया। रोटरी क्लब के सदस्यों ने बुजुर्गों को भोजन, मिठाइयाँ और उपहार बांटा।

### हिंडाल्को मूरी मे रामलीला का सफल मंचन



**सिल्ली :** मुरी 11 अक्टूबर रात हिंडालको मूरी के कलाकारो द्वारा आयोजित रामलीला का मंचन अत्यंत सफल तरीके से किया गया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से पौराणिक कथा को जीवंत बनाया। कलाकारों ने अपने अभिनय से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। रामलीला का शुभारंभ श्री रामायण जी की आरती पूजा पाठ द्वारा यूनिट हेड और रामलीला समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। इस पवित्र और.शुभ कार्य के साथ रामलीला के आयोजन का आरंभ हुआ। रामलीला में भगवान राम की जीवन गाथा को बहुत ही सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया गया। मंच पर कलाकारों की अदाकारी और.पात्रों के संवाद ने दर्शकों को रामायण के समय में ले जाकर खड़ा कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनिट हेड संदीप पाटिल ने कलाकारों और.आयोजकों को बधाई दी और.कहा कि इस तरह के आयोजनों से हमारी सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रद्धा श्रीवास्तव एवं वैशाली यश ने किया।

# एक आधुनिक सुकरात : डॉ राममनोहर लोहिया

हमारे नायक डॉ. राममनोहर लोहिया पर शिव का सर्वाधिक प्रभाव रहा। मनसा शिव, वचसा शिव, कर्मणा शिव, जीवन भी अविवादित रहे। भारत के वंचितों, शोषितों के उद्धार के लिए। संभवतः इस विवाह पक्ष की तरफ ध्यान ही नहीं गया। मानस से हमेशा पीड़ितों के आंसुओं दुख कातरता सभा उनक व्यक्तित्व कवी हा सुकरात क समान मौलिक चिंतक, अक्खड़, बेबाक, शब्दों को बिना चबाये बोलने वाले तेजस्वी वक्ता तो वे थे ही लेकिन द्वेष बुद्धि से परे। स्वपोषित गरीबी और स्वाच्छादित अंकिचन जीवन उन्होंने ओढ़ रखा था। भारत के गरीब उनके इष्ट स्वरूप थे। यह तो उनके कर्म से स्पष्ट परिलक्षित होता था। भारतीय संसद में तो वे मानो ऋषि अष्टावक्र के समान अग्निवाण रूपी वाणी उगलते हुए ही मिलेंगे।

लोहिया के अतिरिक्त कई अन्य सांसदों ने इस आवाज का स्वर दन में अपना योगदान किया। आचार्य कृपलानी, अटल बिहारी वाजपेयी, मधु लिमये, हीरेन मुखर्जी किशन पटनायक आदि कई नाम उल्लेखनीय है। तबतक भारत की जनता को और अधिकांश सांसदों, विधायकों को भी इस बात की जानकारी नहीं थी कि संसदीय लोकतंत्र में सरकार पर अंकुश रखने के लिए क्या-क्या उपाय उपलब्ध है। और उनका कैसे उपयोग किया जाता है। प्रश्नकाल, शून्यकाल, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, स्थगन प्रस्ताव, निंदा प्रस्ताव आदि का क्या महत्व है। इसे इसी समय समझा गया। शासक दल के भारी बहुमत के कारण विपक्ष में बोले की हिम्मत नहीं होती थी और सत्तापक्ष के लोग सिर्फ हाथ उठाने का काम करते थे। लेहिया ने इस प्रवृत्ति के प्रति सावधान किया था। 'जनतंत्र की अवज्ञा भी खतरनाक है और आज्ञाकारिता भी'।

डॉक्टर लोहिया के शारीरिक गठन एवं पार्थिव व्यक्तित्व का ऐसा चिंतन किया है। सांवली नाटी सी पहलवानी सांचे में ढली मूर्ति, विशाल माथा, चश्मे के शीशे में चमकने वाली तीखी, बांधने वाली नजर, आत्मविश्वास की दृढ़ता और गहराई का संकेत देने वाली थोड़ी होठों के किनारे से छलकती शरारत भरी नटखट हंसी, दिलदार खुली तबीयत, उत्फुल मानसिकता आदि प्रमुख विशेषताएं थी डॉक्टर लोहिया के व्यक्तित्व की। उनका जन्म उत्तर प्रदेश के फैजाबाद जिले में स्थित अकबरपुर नामक ग्राम में 23 मार्च 1910 को हुआ था। उनके पिता का नाम हीरालाल और माता का नाम चंद्री था। डॉक्टर लोहिया का परिवार मिजार्पुर से आकर अकबरपुर में बसा था। लोहे का कारोबार होने के कारण लोहिया के परिवार के साथ लोहिया शब्द जुड़ गया था।

लोहिया परिवार के कई पुरुषों की मौत असमय हो गई थी इसलिए राम मनोहर को किसी अज्ञात शाप से बचाने के लिए टोने के रूप में किसी मेहतरानी अथवा मुसलमान स्त्री को बेच दिया गया था। दो ढाई साल की अवस्था में लोहिया की मां की मृत्यु हो जाने के उपरांत उनके पालन-पोषण का भार उनकी दादी ने संभाला।लोहिया का बचपन जिन परिस्थितियों में बीता उन परिस्थितियों ने उनकी अस्थाई प्रवृत्तियों का निर्माण किया। सभी स्त्रियों के प्रति उनके मन में जो आदर की भावना थी, वह संभवत इसलिए आयी कि उन्हें अपनी मनोवैज्ञानिक निर्माण की अवस्था में औरतों का प्यार मिला था।

उनकी प्राथमिक शिक्षा अकबरपुर में टंडन पाठशाला में हुई। सिर्फ पांचवी कक्षा में उन्होंने अकबरपुर के ही विश्वनाथ विद्यालय में प्रवेश लिया। पढ़ाई में तीव्र बुद्धि लोहिया को खेलकूद एवं बांसुरी बजाने का अत्यधिक शौक था। कारोबार के उद्देश्य से पिता कुछ समय मुंबई में रहने लगे तो राम मनोहर भी वहां प्रसिद्ध मारवाड़ी स्कूल में प्रविष्ट हुए। इसी छात्रावास में उन्हें स्वाधीनता आंदोलन के प्रथम संस्कार मिले। पिता पूर्व से ही गांधी जी के भक्त थे और उनके कार्यक्रमों के प्रति आकृष्ट थे।

## सूडोकु नवताल- 7581

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7580 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

# घुसपैठ का गहराता संकट, ग्वालियर की घटना से बड़ा सबक लेने की जरूरत

डॉ. मयंक चतुर्वेदी



मध्यप्रदेश के ग्वालियर से हाल ही में सामने आया बांग्लादेशी नागरिकों का मामला एक पुलिस कार्रवाई भर नहीं है; यह भारत की आंतरिक सुरक्षा, जनसंख्या संतुलन और प्रशासनिक चौकसी पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। महाराजपुरा एयरबेस जैसे संवेदनशील क्षेत्र के पास बिना वैध दस्तावेजों के बारह वर्षों तक आठ बांग्लादेशी नागरिकों का रहना इस ओर संकेत करता है कि अवैध विदेशी घुसपैठ सीमावर्ती इलाकों तक सीमित नहीं रही, अब यह देश के भीतर गहराई तक फैल चुकी है।

गुजरात में सबसे बड़ी कार्रवाई अप्रैल 2025 में हुई, जब सूरत और अहमदाबाद से हजारों संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने पाया कि ये लोग वर्षों से फर्जी पहचान पत्रों और किरायेदारी के आधार पर रह रहे थे। हरियाणा के गुरुग्राम में भी सैकड़ों अवैध घुसपैठियों को पकड़ा गया, जिनमें बड़ी संख्या में बांग्लादेशी नागरिक शामिल थे। दिल्ली में भी स्थिति कम चिंताजनक नहीं है। उत्तर-पश्चिम दिल्ली, वजीरपुर और दिल्ली कैंट इलाकों में पुलिस ने कई बांग्लादेशी परिवारों को पकड़ा, जो एक दशक से अधिक समय से बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे थे। इनसे बरामद मोबाइल डेटा और पहचान पत्रों ने जांच एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है।

उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में 90 बांग्लादेशी नागरिक पकड़े गए, जिनमें 22 बच्चे शामिल थे। ये सभी ईंट भट्टों पर मजदूरी कर रहे थे और फर्जी नामों से स्थानीय ठेकेदारों के अधीन कार्यरत थे। वहीं, असम के करीमगंज जिले में पुलिस ने छह बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार कर वापस सीमा पार भेजा।

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के रानीनगर और एलागुला इलाकों से आठ बांग्लादेशी नागरिक पकड़े गए, जो अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए थे। त्रिपुरा में भी पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने संयुक्त कार्रवाई में 16 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया। ये सभी लोग मनोपुर और सेपाहीजाला क्षेत्रों में पकड़े गए।

इन घटनाओं से स्पष्ट है कि बांग्लादेशी घुसपैठ अब असम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल जैसे पारंपरिक प्रवेश मार्गों से आगे बढ़कर देश के औद्योगिक और शहरी इलाकों तक पहुंच चुकी है। गुजरात, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश दक्षिण भारत के राज्यों में इनकी मौजूदगी ने यह संकेत दिया है कि आर्थिक अवसरों और ढीली प्रशासनिक निगरानी ने इस अवैध प्रवासन को और बढ़ावा दिया है।

हरियाणा पुलिस की सूचना पर ग्वालियर में हुई कार्रवाई बताती है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों का नेटवर्क पूर्वोत्तर राज्यों के साथ हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, दक्षिण भारत के राज्य और अब मध्यप्रदेश तक पहुंच चुका है। पानीपत में गिरफ्तार कुछ बांग्लादेशी नागरिकों की निशानदेही पर जब पुलिस ग्वालियर पहुँची, तो महाराजपुरा क्षेत्र से आठ लोगों को पकड़ा गया। जांच में खुलासा हुआ कि सभी बांग्लादेश के निवासी हैं, जो वर्षों से मजदूरी के बहाने भारत में रह रहे थे। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

वस्तुतः देखा जाए तो यह मामला कानून तोड़ने तक सीमित नहीं है; यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। एयरबेस जैसे सामरिक महत्व के क्षेत्र में विदेशी नागरिकों का रहना किसी भी दृष्टि से स्वीकार्य नहीं कहा जा सकता। पुलिस को इनके मोबाइल फोन से कई संदिग्ध संपर्क मिले हैं, जिनकी जांच एटीएस और आईबी जैसी एजेंसियां कर रही हैं। यह आशंका निराधार नहीं कि ऐसे लोग स्थानीय सूचनाएं जुटाकर विदेशी नेटवर्क तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हों।

सबसे गंभीर प्रश्न यह है कि इतने वर्षों तक किसी एजेंसी को इसकी भनक क्यों नहीं लगी? स्थानीय लोगों का कहना है कि ये परिवार मजदूरी करते थे, किराए पर रहते थे और किसी को शक नहीं हुआ। यह दशार्ता है कि किरायेदारी सत्यापन प्रणाली और स्थानीय पुलिस निगरानी व्यवस्था कमजोर है। देश के अधिकांश शहरों में हजारों लोग बिना किसी दस्तावेज या पहचान पत्र जांच के किराए पर रह रहे हैं। यह स्थिति ग्वालियर तक सीमित नहीं है, आज ये एक राष्ट्रीय समस्या बन चुकी है।

गृहमंत्री अमित शाह ने कुछ समय पहले कहा था कि विदेशी इस्लामी घुसपैठ भारत की जनसंख्या में असंतुलन पैदा कर रही है। ग्वालियर की घटना इस कथन को और प्रासंगिक बनाती है। भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले बांग्लादेशी, म्यांमार और पाकिस्तान मूल के नागरिकों की संख्या को लेकर वर्षों से विवाद बना हुआ है। सरकारी और स्वतंत्र अध्ययनों में आंकड़े भिन्न हैं, 2001 की जनगणना के अनुसार भारत में लगभग 30 लाख बांग्लादेशी मूल के लोग पाए गए थे, जबकि बाद के वर्षों में कुछ रिपोर्टों ने यह संख्या एक से दो करोड़ तक बताई।

भारत-बांग्लादेश सीमा लगभग 4,100 किलोमीटर लंबी है, जो विश्व की सबसे लंबी खुली सीमाओं में गिनी जाती है। यह सीमा नदियों, दलदली इलाकों और जनजातीय क्षेत्रों से होकर गुजरती है, जिससे निगरानी कठिन हो जाती है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के प्रयासों के बावजूद हर वर्ष हजारों लोग अवैध रूप से सीमा पार करते हैं। गृह मंत्रालय के हालिया आंकड़े बताते हैं कि पिछले तीन वर्षों में लगभग पाँच हजार बांग्लादेशी नागरिकों के घुसपैठ प्रयासों को रोका गया है, परंतु जितने पकड़े जाते हैं, उनसे कहीं अधिक लोग अंदर पहुंच जाते हैं।

समस्या यह है कि वर्षों तक रहकर ये अदृश्य नागरिक बन जाते हैं। पहचान पाना कठिन हो जाता है कि कौन वास्तविक भारतीय है और कौन अवैध प्रवासी। असम में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) की प्रक्रिया के दौरान यह चुनौती स्पष्ट रूप से सामने आई। हजारों घुसपैठिए उसमें शामिल पाए गए। जिसे लेकर अब तक विवाद बना हुआ है। कुल मिलाकर अवैध प्रवासन देश की जनसंख्या, रोजगार और संसाधनों पर गहरा दबाव डाल रहा है। सीमावर्ती राज्यों जैसे असम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में पिछले चार दशकों में जनसांख्यिकीय संतुलन में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। कई स्थानों पर इससे सामाजिक असंतोष, आंदोलन और हिंसा तक की स्थिति बनी। यह सांख्यिकीय नहीं, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक स्थिरता का प्रश्न बन चुका है।ग्वालियर की घटना ने दिखाया है कि थोड़ी सी लापरवाही राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन सकती है। गृहमंत्री अमित शाह का यह कहना प्रासंगिक है कि अवैध घुसपैठ कानून-व्यवस्था का नहीं, राष्ट्रीय सुरक्षा और जनसंख्या नीति का प्रश्न है। यदि इस पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाले वर्षों में यह संसाधन-संघर्ष और सामाजिक असंतुलन की गंभीर चुनौती बन सकता है। ग्वालियर की घटना ने देश को यह सिखाया है कि अवैध प्रवासन अब सीमा पार का नहीं, घर के भीतर का मुद्दा बन चुका है। यदि इतने संवेदनशील क्षेत्र में विदेशी नागरिक वर्षों तक बिना जांच के रह सकते हैं, तो यह हमारी सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर कमजोरी को उजागर करता है।

अब समय है कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर एक समग्र राष्ट्रीय नीति बनाएं, जिसमें सीमा नियंत्रण, नागरिकता सत्यापन, कानूनी प्रवर्तन और मानवीय दृष्टिकोण का संतुलित समावेश हो। भारत की ताकत उसकी विविधता और सह-अस्तित्व में है, पर यह तभी सुरक्षित रह सकती है जब हम अपने सीमांत, नागरिक पहचान और सुरक्षा ढांचे को मजबूत करें। ग्वालियर की घटना एक चेतावनी है यदि हमने समय रहते सबक नहीं लिया, तो इसकी कीमत एक शहर नहीं, पूरा राष्ट्र चुकाएगा, इतना तो तय ही है। यहां निष्कर्ष यही है कि सावधानी में देश की सुरक्षा निहित है, अब सावधान हम सभी को होना है और यदि कहीं भी हमारे आसपास किसी पर शक हो रहा है तो हम पुलिस को सूचना अवश्य दें।

# घोष केवल संगीत और वादन नहीं, यह साधना है

नितिन गर्गे



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का जब भी पथ संचलन निकलता है, तब घोष उसका सौंदर्य बढ़ाता है। संघ कार्य का यह शताब्दी वर्ष है। इन 100 वर्षों में जिस प्रकार संघ का क्रमिक विकास हुआ है, उसी प्रकार संघ के घोष का भी क्रमिक विकास हुआ है। दिसंबर, 1926 में जब संघ का पहला पथ संचलन निकला था, तब घोष में केवल एक आनक और एक शंख ही शामिल हुआ था। घोड़े पर चढ़कर पहले सरसेनापति मार्तंड राव जोग आगे चलते थे तथा पीछे बिगुल वादक एवं स्वयंसेवक संचलन करते थे।

विगत 100 वर्षों में यह यात्रा घोष की बड़ी और समृद्ध इकाई तक पहुँच गई है। घोषदल की इकाई में पणव (बास ड्रम), आनक (साइड ड्रम), शंख, वंशी, झल्लरी (झांझ), ट्राइंगल (त्रिभुज ), नियंत्रण और संकेत के लिए घोषदंड शामिल रहता है। आरएसएस का मत है कि घोष केवल संगीत का माध्यम नहीं, बल्कि यह वीरता, पराक्रम और राष्ट्रनिर्माण की भावना का प्रतीक है। शंख, ढोल और रणभेरी जैसे वाद्ययंत्र प्राचीन काल से ही ऊर्जा, उत्साह और विजय के संदेशवाहक रहे हैं। युद्धभूमि में भी ये रणवाद्य वीरता और उमंग का संचार करते थे। संघ का घोष दल उसी गौरवशाली परंपरा को आज के समाज तक पहुंचा रहा है। समय के साथ विदेशी ब्रास बैंड का प्रचलन बढ़ा, लेकिन संघ के घोष में जो धुनें बजाई जाती हैं, वे भारतीय रागों पर आधारित होती हैं। यहां तक कि विदेशी धुनों को भी भारतीय स्वरूप में ढालकर उन्हें हमारी सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप प्रस्तुत किया जाता है।

प्रारंभिक समय में अंग्रेजी पद्धति का घोष सिखाया जाता था। बाद में, पुणे के वरिष्ठ स्वयंसेवक हरि विनायक दात्ये ने अथक परिश्रम कर इसका भारतीयकरण किया तथा सारे घोष वाद्यों की लिपि को भातखंडे लिपि में लिपिबद्ध किया। उनके द्वारा किया गया यह प्रयास संगीत के क्षेत्र में किया गया अद्भुत योगदान सिद्ध हुआ। आज सम्पूर्ण देश में घोष, जिसे रण संगीत के रूप में जाना जाता है, प्रचलित है। अपने भारतीय रागदारी से युक्त यह लिपि विभिन्न तालों जैसे कहरवा, दादरा, खेमटा पर आधारित है। आज इन तालों पर आधारित अनेक रचनाओं का निर्माण स्वयंसेवकों द्वारा किया गया है, जैसे- गणेश, भूप, केदार, शिवरंजिनी, चेतक, तिलक कामोद आदि सभी वाद्यों में कुल 90 से अधिक रचनाओं का समावेश है। जिस प्रकार माथे पर लगी बिंदी अपना विशेष स्थान रखती है, उसी प्रकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में घोष का स्थान है। संचलन में घोष का स्वर स्वयंसेवकों में जोश एवं उत्साह भर देता है। मध्यभारत प्रान्त में लगभग 180 से अधिक घोष की इकाई है जहाँ घोष का अभ्यास होता है। अलग रुचि एवं आयु वर्ग के करीब 4000 वादक जुड़े हुए हैं। विजयादशमी पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष में मध्यभारत प्रांत में एक नए इतिहास का सृजन करने जा रहा है। पहली बार नगर-नगर, गली-गली और छोटी-छोटी इकाइयों तक में पथ संचलन का भव्य आयोजन हो रहा है, इसके लिए बड़ी संख्या में घोष दल तैयार हुए हैं। 180 से अधिक प्रशिक्षित घोष शिक्षकों द्वारा नये स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया गया है। शताब्दी वर्ष के लिए प्रत्येक नगर में 8 से 10 घोष इकाई (वाद्य दल) तैयार हो गई हैं।

मध्य भारत प्रान्त में घोष के उल्लेखनीय कार्यक्रम

नवम्बर 2021 में ग्वालियर में स्वर साधक संगम घोष शिविर आयोजित किया गया था, जिसमें सम्पूर्ण प्रान्त के 27 जिलों से 500 से अधिक वादकों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत भी उपस्थित रहे। इसी प्रकार, भोपाल के प्रताप जिले द्वारा अपना वार्षिकोत्सव ह्यस्वर नाद संगमह्न किया गया था, जिसमें कक्षा 4 से लेकर महाविद्यालयीन विद्यार्थियों द्वारा 5 भागों मे 29 रचनाओं का वादन प्रस्तुत किया गया। इनमें घोष विभाग की प्रथम लिखित रचना गणेश गोरखकल्याण, प्रसाद, जननी, हंसध्वनि तथा गीत जयोस्तुते, आर्यावर्त, ए मेरे प्यारे वतन, केशव रचना का मनमोहक आकृतियों के प्रदर्शन पर वादन किया गया।

संघ में घोष का क्या महत्व है, इस संदर्भ में सह सरकार्यवाह आलोक कुमार कहते हैं कि संघ में घोष केवल वादन या मनोरंजन नहीं है, बल्कि यह एक साधना है, जो मनुष्य को अनुशासन, समन्वय और राष्ट्रहित से जोड़ती है। इसके साथ ही वेद मंत्र सच्छध्वं संवदध्वं, सं वो मनांसि जानताम्। देवा भागं यथा पूर्वे, संज्ञानाना उपासते। का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि जब सभी मिलकर एक साथ चलते हैं तो केवल कदम ही नहीं, बल्कि मन भी एक हो जाते हैं। यही घोष साधना का उद्देश्य है- राष्ट्र को एक दिशा में, एक मन होकर आगे बढ़ाना।

# गहन चोट से शब्दों का अभाव

हृदयनारायण दीक्षित

राष्ट्र स्तब्ध है। देश की सर्वोच्च न्यायपीठ के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंके जाने की घटना से जन गण मन आहत है। हालांकि मुख्य न्यायाधीश ने अब तक घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी। अब उन्होंने कहा है कि, जो कुछ हुआ उससे बहुत स्तब्ध था। मुख्य न्यायाधीश ने यह भी कहा कि उनके सहयोगी न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां ने इससे भिन्न राय प्रकट की है। यह अच्छी बात है कि मुख्य न्यायाधीश ने इसे एक भुला दिया गया अध्याय बताया है, लेकिन देश में इस घटना पर अच्छी खासी बहस है। भुइयां ने कहा है, इस पर मेरी अपनी राय है। वह भारत के चीफ जस्टिस हैं। यह उच्चतर संस्था का अपमान है।

राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित इस घटना ने कई दिशाओं में नया सोचने की आवश्यकता प्रकट की है। घटना की गंभीरता का पता इसी बात से चलता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी घटना की निंदा की है। प्रधानमंत्री ने मुख्य न्यायाधीश से व्यक्तिगत बात भी की। देश का बड़ा हिस्सा अवाक है।

भारतीय राजव्यवस्था की तीन प्रमुख संस्थाएं हैं। विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका के मध्य शक्ति के पृथक्करण प्रत्यक्ष हैं। भारतीय न्यायपालिका की प्रतिष्ठा विश्वस्तरीय है। न्यायपालिका विधि की व्याख्या करती है। इसका खूबसूरत इतिहास है। खेदजनक है कि इसी गौरवशाली इतिहास में यह एक आत्महीन अध्याय जुड़ गया है। आगे आने वाली पीढ़ियां इस घटना के विवरण पढ़ेंगीं। लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति को अपना मत व्यक्त करने का अधिकार है और यह अधिकार संवैधानिक भी है। इस घटना के आरोपी अधिवक्ता राकेश किशोर को ऐसी विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं दी जा सकती। यहां प्रश्न अभिव्यक्ति की आजादी का है भी नहीं। यह सीधे आपराधिक कृत्य है।

आदर्श समाजच्में परस्पर सम्मान की प्रकृति स्वाभाविक आवश्यकता होती है। प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा, महिमा और निजता के सम्मान से समाज मजबूत होते हैं। भारतीय समाज में ऊंचे आदर्श और प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा, महिमा का सम्मान हजारों वर्षों की प्राचीन परंपरा है। महाभारत और रामायण जैसे महाकाव्यों में पक्ष और विपक्ष के संवाद आदर से भरे पूरे हैं। इस घटना से भारत के मन में एक गहन पीड़ा उठी है।


हम अपने बच्चों को सिखाते हैं। उन्हें सभ्यता के संस्कार देते हैं। करणीय-अकरणीय की सूची बताते हैं। युवा मन 15-20 वर्ष से प्रारंभ होता है। परिवार और समाज में इस बात का प्रशिक्षण मिलता है कि अपशब्द से बचना चाहिए। अपशब्द उचित नहीं होते। विद्यालय और कॉलेज जैसे शिक्षण संस्थाएं संस्कारवान पीढ़ी तैयार करते हैं। समाज के सभी रिश्ते नाते प्रेम पूर्ण व्यवहार का ही प्रतिपादन करते हैं। अधिवक्ता की डिग्री सामान्य कागज का टुकड़ा नहीं है। यह किसी भी व्यक्ति को किसी भी अन्य व्यक्ति की तरफ से बोलने का अधिकार देती है। न्यायालय औपचारिक रूप में ही नहीं आदर के योग्य हैं, वे वास्तव में न्याय के मंडप, मंदिर हैं। इसलिए न्यायालय में अधिकृत रूप से प्रवेश करने वाले अधिवक्ता, न्यायमूर्ति आदर के पात्र होते हैं। सभी पद और दायित्व उत्तरदायित्व भी देते हैं। कर्तव्य पालन से समाज सुदृढ़ होते हैं। राष्ट्रजीवन का अधिष्ठान कर्तव्यवाची है। यहां जूता फेंकने वाले अधिवक्ता के बारे में कहा जा सकता है कि उनकी पढ़ाई और योग्यता के बावजूद कोई कमी है। ऐसी योग्यता के बावजूद उनके द्वारा यह कृत्य किया जाना घोर निंदा का विषय है। ऐसे अपराध की निंदा के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं।

अनेक सवाल हैं। समाज अपने बिगड़े सदस्य को ठीक करने के लिए निंदा, आलोचना का प्रयोग करता है। राष्ट्र राज्य अपने बिगड़ैल सदस्यों को दण्ड भी देते हैं। दण्ड व्यवस्था का उद्देश्य स्वतंत्र व स्वाभिमानी नागरिक तैयार करना होता है। कानून और समाज अपने साथ राष्ट्र का यश भी बढ़ाते हैं। यशस्वी राष्ट्र का जन गण मन वैभव से भरा रहता है। भारत भी वैभवशाली राष्ट्र है। सारी दुनिया भारत कच एक शक्तिशाली राष्ट्र मानती है। निंदा और आलोचना में कुछ निश्चित शब्दों द्वारा असहमति प्रकट की जाती है। लेकिन यह घटना बड़ी है। गहन आहत राष्ट्र के मन में निंदा और आलोचना के शब्द जल्दी जल्दी नहीं आते। इस चोट ने शब्दों का अभाव पैदा किया है। मूलभूत प्रश्न है कि इन्हें किन शब्दों में निंदित करें? किन शब्दों से आलोचना करें? आखिरकार भारत के राष्ट्र जीवन में कहां पर खोट है, जिसके कारण भाईचारा, परस्पर सम्मान, संस्थाओं का सम्मान और संवैधानिक संस्थाओं का भी सम्मान नहीं हो रहा है। क्या हमारे पास ऐसी नैतिक शक्ति है कि लोग ऐसे अपराधों के बारे में सोचना बंद कर दें। समाज बहुत कुछ देता है। उसके बदले में कुछ लेता भी है। अपने नागरिकों को नैतिकता और परस्पर आत्मीयता सिखाने की जिम्मेदारी समाज की है। समाज के उत्कृष्ट आदर्श का पालन करते रहना हम सबका कर्तव्य है।

भारत का संविधान अनेक अधिकार देता है। संविधान के प्रति आस्था एक बड़ा मुद्दा है। शासन व्यवस्था संविधान से ही पैदा होती है। अपनी बात कहने के लिए हिंसा का रास्ता नहीं अपनाया जा सकता। दबी जुबान कहा सजा सकता है कि समाज में असंतोष है। परस्पर अविश्वास का वातावरण है। लोगों में निराशा है।

## दैनिक पंचांग

**13 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय |
|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला 06.19 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | वृश्चिक 08.33 ब.से |
| मंगल | तुला में | धनु 10.49 बजे से |
| बुध | तुला में | मकर 12.54 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कुंभ 14.41 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मीन 16.14 बजे से |
| शनि | मीन में | मेष 17.44 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृष 19.24 बजे से |
| केतु | सिंह में | मिथुन 21.22 बजे से |
| राहुकाल | 7.30 से 9.00 बजे तक | कर्क 23.36 बजे से |
| | | सिंह 01.52 बजे से |
| | | कन्या 04.04 बजे से |

**सोमवार** 2025 वर्ष का 286 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** सप्तमी 12.25 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** आर्द्रा 12.27 बजे को समाप्त। **योग** परिघ 08.10 बजे तदनन्तर शिव 05.55 बजे रात्र को समाप्त। **करण** बव 12.25 बजे तदनन्तर बालव 23.43 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 21.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 07° 47' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872496 **जूलियन दिन** 2460961.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** रबी उस्सानी **तारीख** 20 **विशेष** अहोई अष्टमी, राधा कुंड स्नान, कालाष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ द्वारा बिना दावे की शराब जब्त

**साहिबगंज :** रविवार त्योहारी मौसम के दौरान, मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के निर्देशन एवं मंडल सुरक्षा आयुक्त ए.के. कुल्लू के पर्यवेक्षण में, रेल सुरक्षा बल मालदा मंडल द्वारा अपने क्षेत्राधिकार में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु सतर्कता अभियान को और अधिक तीव्र किया गया है। ह्लऑपरेशन सतर्कह्व के तहत चलाए जा रहे इन विशेष जांच अभियानों के दौरान आरपीएफ टीमों द्वारा शराब बरामदगियाँ की गईं। साहिबगंज स्टेशन में 11 अक्टूबर 2025 को प्लेटफॉर्म संख्या-2 पर नियमित जांच के दौरान आरपीएफ टीम को एक संदिग्ध बिना दावा किया गया बैग मिला। जांच में उसमें से 09 बोतलें (6,750 मिलीलीटर) शराब की बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 7,220/रुपए है। बरामद सभी शराब को आगे की कार्रवाई हेतु संबंधित आबकारी विभाग को सौंप दिया गया है। मालदा मंडल प्रशासन अपने क्षेत्र में सुरक्षा, कानून व्यवस्था एवं निष्पक्ष कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आरपीएफ द्वारा नियमित निरीक्षण, खुफिया जानकारी पर आधारित विशेष अभियान एवं रोकथाम उपायों के माध्यम से अवैध शराब परिवहन एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है, विशेषकर त्योहारों एवं चुनावी अवधि के दौरान।

### भारतीय हलधर किसान यूनियन की बैठक में कई प्रस्ताव लिए



**साहिबगंज:** जिला के भारतीय हलधर किसान यूनियन की बैठक रविवार को स्थानीय रेलवे जनरल इंस्टीट्यूट के मैदान में की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण यादव ने किया। बैठक में कई प्रस्ताव लिए गए। जिला अध्यक्ष लक्ष्मण यादव ने बताया कि 2018 से 2024 तक के पीएम फसल बीमा योजना का भुगतान जल्द करने, बाढ़ में खरीफ फसल डूब जाने के कारण बीमा भुगतान की कार्यवाही शीघ्र करने, किसानों के लगान रशीद काटने की व्यवस्था करने, किसानों को पशु चारा की व्यवस्था करने और किसानों को नि:शुल्क खाद और बीज की करने की मांग को लेकर प्रस्ताव लिया गया है। मौके पर सकलदीप मंडल, रामगोविन्द ठाकुर, मनु प्रसाद यादव, बास्किनाथ यादव, लक्ष्मण राय सहित दर्जनों अन्य मौजूद थे।

# जमशेदपुर में सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के दिवस पर राष्ट्रीय सेमिनार संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**जमशेदपुर :** रविवार को जमशेदपुर - सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के दिवस पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार जमशेदपुर स्थित मोतीलाल नेहरू ऑडिटोरियम में आरटीआई कार्यकर्ता संघ और झारखंड मानवाधिकार संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया आरटीआई कार्यकर्ता के केन्द्रीय कोषाध्यक्ष स्वर्गीय अनुप कुमार बेहरा को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरटीआई कार्यकर्ता संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष दिल बहादुर ने किया और आरटीआई कार्यकर्ता संघ का वार्षिक प्रतिवेदन संघ के केन्द्रीय महासचिव कृतिवास मंडल द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं मानवाधिकार संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार किनू के द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया और स्वागत भाषण संघ के उपाध्यक्ष पूर्वी घोष के द्वारा दिया गया सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के विषय वस्तु सूचना का अधिकार और पारदर्शिता लोकतंत्र की नींव है एवं मानवाधिकार संरक्षण के विषय वस्तु को प्रस्तुत करते हुए संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष दिल बहादुर ने कहा कि जनसूचना अधिकार का मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करना है उन्होंने कहा कि पारदर्शिता एक नियम है तथा गोपनीयता एक अपवाद है। मुख्य अतिथि नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के कुलपति डा प्रभात पाणी ने राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि पारदर्शिता जागरूकता और सहभागिता ये तीनों स्तम्भ भारत में सूचना का अधिकार के तहत लोकतंत्र को जागरूक नागरिको और सूचना की पारदर्शिता की आवश्कता होती है जो लोकतंत्र के कामकाज के लिए भ्रष्टाचार को रोकने और सरकार व उसके तंत्रों को जवाबदेह बनाने के लिए भी महत्वपूर्ण है ये अधिनियम प्रत्येक सार्वजनिक प्राधिकरण के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने और उसे बढ़ावा देने का प्रयास करता है ताकि भ्रष्टाचार को रोकने और सरकारों और उनके उपकरणों को सरकार के प्रति जवाबदेह बनाने के लिए बड़े पैमाने पर नागरिकों के लिए सूचना कैअधिकार की एक विशेष व्यवस्था स्थापित कि जा सके।

## मनरेगा कर्मचारी संघ ने अपनी मांगों को लेकर एक अहम बैठक की



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के रेलवे जेनरल इंस्टीच्यूट मैदान में झारखण्ड मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वावन पर जिला कमेटी की बैठक अनवारुल हक की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मनरेगा कर्मचारी संघ अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्य में पूर्ण निर्धारित कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु 20 अक्टूबर को अपने परिवार के संघ दीपावली पर्व को नहीं मनाते हुए उसी दिन 30 घंटे का मुख्यमंत्री आवास घेराव करने का निर्णय लिया गया। वहीं बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी मनरेगा कर्मी इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने अपने प्रखंड में बैठक करेंगे। मौके पर मनोज दुबे, कन्हैया कुमार, चार्ल्स मरांडी, अरुण कुमार उपाध्याय, अंबिका प्रसाद मंडल, मो अमजद आलम, सुनील कुमार, कृष्णकांत पासवान, सुबोध कुमार, विनोद कुमार साह, दिनेश कुमार पंडित, मनोज यादव सहित मनरेगा कर्मी मौजूद थे।

## आरपीएफ ने फरक्का एक्सप्रेस से 20 बोतल अवैध शराब बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** बरहरवा रेलवे सुरक्षा बल बरहरवा को 11 अक्टूबर 2025 को एक बड़ी सफलता मिली, जब उन्होंने विश्वसनीय सूचना के आधार पर ट्रेन संख्या 15733 में छापेमारी कर अवैध शराब की 20 बोतलें जब्त की।आरपीएफ इंस्पेक्टर बरहरवा, संजीव कुमार, के नेतृत्व में कॉन्स्टेबल अनिल कुमार साह, कॉन्स्टेबल अकबाल अंसारी, एएसआई जे.के.दुबे, और ट्रेन एस्कॉर्टिंग पार्टी के कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान, टीम ने ट्रेन के कोच संख्या एस-03 की तलाशी ली और एक सीट के नीचे लावारिस अवस्था में रखे 02 अलग-अलग कार्टून पाए गए। संदेह होने पर कार्टूनों की जांच की गई। कोच में मौजूद एक यात्री ने बताया कि एक व्यक्ति न्यू फरक्का रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ा था और कार्टूनों को सीट के नीचे रखकर वहीं उतर गया। कार्टूनों की जांच करने पर, उनमें अवैध शराब पाई गई। पहला कार्टून जांच करने पर 09 बोतल बकार्डी लिमोन रम, प्रत्येक 750 एम एल, कुल मात्रा 6750 मिली है। इसकी अनुमानित कीमत 4086/रुपए और 454/प्रति बोतल है। दूसरा कार्टून जांच में 11 बोतल 8 पीएम प्रीमियम ब्लैक रिजर्व व्हिस्की, प्रत्येक 750 मिली, कुल मात्रा 8250 मिली है।

## बंदरगाह विस्थापितों ने अपने पुनर्वास मांगो को लेकर की एक अहम बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला के सकरीगली, समदानाला बंदरगाह के विस्थापितों ने रविवार को आश्रम में एक अहम बैठक की। इसकी अध्यक्षता बीरबल मंडल ने की। इस दौरान उन्होंने बताया कि 2015 में डीसी, ऐसी व अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों ने बंदरगाह के लिए जमीन के बदले बंदरगाह के आसपास ही पुनर्वास का आश्वासन दिया था। जिसके बाद ग्रामीणों ने संविधान व सरकार के आदेश का पालन करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए अपनी जमीज बंदरगाह के लिए दे दी। इसके बाद कार्मचारियों के घर तोड़ने के दौरान ग्रामीणों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। बताया कि एक पिता के ने अगर अपने 4 बच्चों के लिय 8 कट्ठा जमीन रखी थी तो कार्मचारियों ने सिर्फ एक अवार्ड बनाया। उनकी 8 कट्ठा जमीन जा रही है तो सरकार 3 का वैल्यू देने की बात कर रही है। मोची टोला में 16 एकड़ जमीन दिखा कर बसाने की बात कही गई थी। खाली जमीन वाले खाली हटाने का प्रयास किया गया। विस्तापितों ने तालझारी प्रखण्ड के बांसकोला में उन्हें पुनर्वासित न कर बंदरगाह के आसपास ही बसाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि वे गंगा पार के रामपुर, बलुआ, टोपरा और काला दियारा में खेती और पशुपालन कर अपना जीवन यापन करते है। इस कारण उन्हें रोज दियारा जाना होता है। लेकिन उनका वर्तमान निवास स्थान से बांसकोला करीब 04 किलोमीटर दूर है। यदि उन्हें बांसकोला में बसाया जाता है तो वे रोज आवागमन नहीं कर पाएंगे। मौके पर रामानन्द सिंह, बीरबल मंडल, रामसिपही सिंह, प्रमोद मंडल, जगरनाथ सिंह, छंगलू सिंह, विकास कुमार सिंह, अजय मंडल, कैलाश मंडल, अमित मंडल सहित दर्जनों अन्य मौजूद थे।

## कुकड़ू प्रीमियर लीग में जय मां तारा ने मारी बाजी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** कुकड़ू में आयोजित आठ दलीय कुकड़ू प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का रविवार को भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साव शामिल हुए। यह टूनार्मेंट पिछले चार सप्ताह से लगातार प्रत्येक शनिवार और रविवार को खेला जा रहा था, जिसमें कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले में जय मां तारा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रामू 11 को हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 26,000 नकद पुरस्कार और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया, जबकि उपविजेता टीम को ?21,000 नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। टूनार्मेंट के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज का सम्मान दिया गया जिसका स्पॉन्सरशिप कुंदन ऑटो पार्ट्स ने किया । समापन के अवसर पर संबोधित करते हुए अशोक साव ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। ऐसे आयोजन ग्रामीण युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और शारीरिक स्फूर्ति को बढ़ावा देते हैं।आयोजन समिति ने बताया कि आने वाले दिनों में इस तरह के टूनार्मेंट को और व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा ताकि स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर मंच मिल सके।मौके पर उप मुखिया प्रतिनिधि मनोज मछुआ, विष्णु कुमार, रामभजन कुमार, बसंत पोद्दार, राशिद अंसारी,सुमन पोद्दार, नारायण पोद्दार,संजय कुमार, कमिटी के सदस्य समेत हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

### आरसीसी बड़ा नाला निर्माण में भारी अनियमितता की 14 को होगी जांच

**साहिबगंज:** शहर के नगर परिषद के वार्ड संख्या 28 में जेल गेट से सुभाष चौक तक बनाए गए आरसीसी बड़ा नाला निर्माण कार्य में समाजसेवी सिद्धेश्वर मंडल ने अनियमितता का आरोप लगाते हुए विभाग से इसकी जांच कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की थी। इसको लेकर जिला ग्रामीण विकास शाखा के निदेशक ने 09 सदस्यीय जांच टीम गठित का गठन किया है। जांच टीम 14 अक्टूबर को मामले की जांच करेगी। जिला ग्रामीण विकास शाखा के निदेशक ने स्थल जांच के दौरान चाईबासा आरईओ के कार्यपालक अभियंता राधेश्याम मांझी, गोड्डा नगर परिषद के सहायक अभियंता रवि शेखर और साहिबगंज गंगा पम्प नहर के कनीय अभियंता बालेश्वर मुर्मू को भी मौके पर उपस्थित होकर जांच में सहयोग का निर्देश दिया है। इस दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता, मानक और संभावित गड़बड़ियों की जांच की जाएगी। उन्होंने शिकायतकर्ता सिद्धेश्वर मंडल, संवेदक गणेश तिवारी और नगर परिषद के कार्यपालक अभियंता को भी जांच में शामिल होकर सहयोग का निर्देश दिया है।

### पलामू का कुख्यात सुजीत सिन्हा साहिबगंज जेल में शिफ्ट



**साहिबगंज :** पलामू का कुख्यात सुजीत सिन्हा शनिवार को साहिबगंज मंडल कारा में शिफ्ट हो गया। इसके पूर्व पलामू केंद्रीय कारा से उसे कड़ी सुरक्षा के बीच साहिबगंज लाया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसके पहले उसकी शिफ्टिंग को लेकर गृह, कारा व आपदा विभाग से साहिबगंज मंडल कारा को पत्र प्राप्त हो चुका था। 10 अगस्त 2025 को सुजीत सिन्हा को चाईबासा जेल से पलामू जेल लाया गया था। अधिकारियों के अनुसार इसके बाद से ही उसकी गतिविधियों में तेजी देखी गई। जिसके बाद सुरक्षा और प्रशासनिक कारणों से उसे पलामू जेल से हटाने का निर्णय लिया गया था। पलामू के रेडमा निवासी सुजीत सिन्हा पर पलामू जिले में ही 20 से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल होने का आरोप है।

## मंडरो प्रखंड के करम पहाड़ में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का हुआ शुभारंभ

प्रत्युष नवबिहार संवाददता



**साहिबगंज :** जिला स्वास्थ विभाग द्वारा रविवार को मंडरो प्रखंड के करम पहाड़ में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया है। अभियान का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि सीएस डॉ. रामदेव पासवान ने दीप प्रज्वलित व बच्चों को पोलियो के दो बूंद खुराक पिलाकर किया। इस दौरान जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. किरण माला व डॉ. मुकेश कुमार भी शामिल हुये। सीएस ने कहा कि पोलियो को जड़ से मिटाना है। इसके लिए शत प्रतिशत सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद खुराक पिलाना होगा। इसके लिए लोगो की सहयोग की जरूरत है। वही पोलियो अभियान के प्रथम दिन सभी बूथों पर अपने बच्चो को दो बून्द पोलियो की खुराक पिलाये। जबकि दूसरे व तीसरे दिन सहिया बहनों द्वारा अपने पोषक क्षेत्रो में घर-घर जाकर शून्य से पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद खुराक पिलाएगी। वही सीएस ने अपील करते हुए कहा कि पल्स पोलियो अभियान में सहयोग कर इसे शत प्रतिशत सफल बनाने की अपील करते हुए शून्य से पांच साल तक के बच्चों को दो बूंद पोलियो की खूराक पिलाने की बात कही है। डॉ. किरण माला व डॉ. मुकेश कुमार ने ग्रामीणों को पोलियो से संबंधित कई जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ विभाग जिला स्तर के पदाधिकारी भी क्षेत्र भ्रमण के दौरान अभियान की निगरानी करेंगे। वही दो लाख 64 हजार 486 बच्चो को पोलियो रोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में कूल 1354 बूथ बनाये गए है। 13 व 14 अक्टूबर को दूसरे व तीसरे दिन घर-घर जाकर खुराक पिलाना है। मौके पर डीपीएम समेत कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व राष्ट्रीय चेयरमैन मांगे राम शर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि पर नि:शुल्क मेगा हेल्थ चेकअप कैंप



**रामगढ़ :** विश्व ब्राह्मण संघ सह विप्र फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में विश्व ब्राह्मण संघ एवं विप्र फाउंडेशन के द्वारा माननीय मांगे राम शर्मा, बाबु जी को श्रद्धांजलि के रूप में, नि:शुल्क मेगा चेकअप कैम्प लगाया गया। रविवार को स्थान: ज्ञान मंदिर स्कूल के सभागार में सर्व प्रथम मुख्य अतिथियों को झारखंड प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा एवं डॉक्टर अभिषेक कुमार , अंजलि प्रसाद व विशिष्ट अतिथि झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष इला रानी पाठक व महेश मिश्रा, डॉक्टर राम नीलेख दुबे सभी ने संयुक्त रूप से विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित किया एवं उसके उपरांत मंत्रोच्चारण किया गया। उसके बाद सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एवं पुष्पों गुच्छे दे कर, जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय, ज्ञान ब्रम्ह पाठक तथा कीर्ति गौरव ने सभी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से अपराह्न 3 बजे तक लगातार चला, विश्व ब्राह्मण संघ के पूर्व राष्ट्रीय चेयरमैन माननीय मांगे राम शर्मा, बाबु जी की 2 री पुण्यतिथी पर कुल 278 बड़े एवं स्कूल के छात्रों ने लाभ उठाया , दांतों के डॉक्टर अभिषेक कुमार व डॉक्टर अंजलि प्रसाद तथा शुगर व Bp के राम नीलेख दुबे , बबलू दुबे एवं उनकी टीम के द्वारा शुगर तथा Bp जांच किया गया साथ में सभी डॉक्टरों ने फ्री परामर्श दिये एवं दवाइयां इत्यादि बिल्कुल नि:शुल्क दिया गया,झारखंड प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि आगे भी इसी तरह का फ्री हेल्थ चेकअप कैम्प लगाया जाएगा, मांगे राम शर्मा बाबु जी को शत शत नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि एवं सहयोग के लिये सभी को बहुत बहुत आभार, अंतिम में जिला महासचिव अरुण बनर्जी ने सभी का धन्यवाद ब्यक्त किये।

### महिला से हुई नृशंस हत्या, आक्रोशित ग्रामीणों ने मार्ग किया जाम



**भदानी नगर (रामगढ़) :** चैनगडा ऑभर ब्रिज के समीप घाघरा निवासी 40 वर्षीय अंजलि गाडी के साथ ट्रक चालक व उपचालक द्वारा रेप कर हत्या किए जाने की घटना का अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन रामगढ़ जिला सचिव नीता बेदिया द्वारा खड़े शब्दों में निंदा की गई। ट्रक चालक द्वारा रेप कर हत्या कर देने जेसे गंभीर घटना का अंजाम देकर फरार हो जाता है। लगभग 36 घंटा बीच जाने के बाद भी घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार किए जाने में पुलिस का हाथ अब तक खाली है। जिला पुलिस की लापरवाही के कारण समाज में बच्ची, लड़कियां, महिलाएं व बृद्धा कोई भी नारी सुरक्षित नहीं है। महिला के साथ दुर्व्यवहार, छेड़खानी, बलात्कार व हत्या जैसी घटना घटित होना रामगढ़ जिला में आम बात बनकर रह गया है। अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन के जिला सचिव नीति बेड़िया द्वारा घटना में शामिल सभी दोषियों को अभिलंब गिरफ्तार करने की मांग की गई है। ज्ञात हो कि बीते रात आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा रामगढ़ पतरातू मार्ग को अवरोध कर दिया गया था। जो देर रात तक लगातार चलता रहा। ग्रामीणों द्वारा पतरातू अंचल अधिकारी मनोज चौरसिया को एक मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें ग्रामीणों द्वारा मृतक के परिजन को 50 लाख का मुआवजा, एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी व आश्रित लड़कियों को उच्च शिक्षा की व्यवस्था किया जाने, आवास योजना का लाभ दिलाने, सीसीटीवी कैमरा क फुटेज व कानून व्यवस्था दुरुस्त किए जाने का मांग की गई थी। जिस पर गहन वार्ता किए जाने के बाद सुबह लगभग 4 बजे जाम को खत्म कराया गया।

### जिला लोक अदालत में एक दिवस प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**साहिबगंज :** झालसा के निदेर्शानुसार ई-कोर्ट प्रोग्राम को लेकर अखिल कुमार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज के मार्गदर्शन में रविवार को पूर्वाहन 10 .30 से 04 बजे तक साहिबगंज सिविल कोर्ट परिसर स्थित लोक अदालत भवन में मास्टर ट्रेनर अमरेंद्र कुमार मोहंती, संजय कुमार देव एवं विकास कुमार चौरसिया, ओम प्रकाश सिंह के द्वारा साहिबगंज एवं राजमहल के अधिवक्ता एवं अधिवक्ता क्लर्क को ट्रेनिंग दिया गया। उक्त एक दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम में ई-कोर्ट फाइलिंग की उपयोगिता, एवं ई -कोर्ट प्रोसेस, कंप्यूटर के द्वारा ऑनलाइन फाइलिंग, पेपरलेस वर्क, वीडियो कॉन्फ्रेंस के द्वारा आगुर्मेंट, गवाही इत्यादि के संबंध में मास्टर ट्रेनर अमरेंद्र कुमार मोहंती, संजय कुमार देव, ओम प्रकाश सिंह एवं विकास कुमार चौरसिया के द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। आगे मास्टर ट्रेनर ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिवक्ता अपने मोबाइल फोन में कैसे ई-कोर्ट रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। अधिवक्ता एवं अधिवक्ता क्लर्क दोनों अपने-अपने मोबाइल फोन में ई-कोर्ट रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं और आने वाले समय में सिविल कोर्ट के सारा प्रक्रिया पेपरलेस हो जाएगा। कोर्ट में सारा फिलिंग ई कोर्ट के द्वारा ऑनलाइन के माध्यम से किया जाएगा। न्यायालय में गवाही इत्यादि भी ऑनलाइन किया जाएगा। उक्त मौके पर साहिबगंज अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेमनाथ तिवारी, सचिव विजय करण, देवनारायण यादव, विवेक कुमार, संजय देव, साहिबगंज अधिवक्ता क्लर्क पवन कुमार पासवान, झारखंड उच्च न्यायालय के वरिय अधिवक्ता सुधांशु शेखर चौधरी एवं राजमहल अधिवक्ता संघ के अधिवक्ता प्रदीप कुमार चौरसिया, राजमहल अधिवक्ता क्लर्क विश्वकर्मा राय, सहित दर्जनों अधिवक्ता एवं अधिवता क्लर्क उपस्थित थे।

### दीपावली, काली पूजा व छठ पर्व को लेकर तीनपहाड़ थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक



**साहिबगंज:** जिला के तीनपहाड़ थाना परिसर में दीपावली, काली पूजा व महा पर्व छठ को लेकर रविवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक राजमहल पुलिस इंस्पेक्टर राजीव रंजन की अध्यक्षता में की गई। बैठक मे दोनों समुदाय के लोग सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति पूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की। इंस्पेक्टर ने कहा कि पूजा व विसर्जन शांतिपूर्ण माहौल में हो। तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडेय ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

# सेंसेक्स की टॉप 10 कंपनियों में से आठ का मार्केट कैप 1.94 लाख करोड़ बढ़ा

## टीसीएस, भारती एयरटेल और रिलायंस में बढ़त, एचयूएल व एलआईसी को नुकसान

**मुंबई**

बीते सप्ताह शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी देखने को मिली, जिससे सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,94,148.73 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) सबसे बड़ी लाभ में रहने वाली कंपनी रही। सप्ताह भर में बीएसई सेंसेक्स 1,293.65 अंक की छलांग लगाकर बंद हुआ। इसी बढ़त का असर देश की प्रमुख कंपनियों के मार्केट कैप पर भी पड़ा। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 45,678.35 करोड़ बढ़कर 10,95,701.62 करोड़ पर पहुंच गया। इसके बाद इन्फोसिस को 28,125.29 करोड़ का लाभ हुआ, जिससे उसका मार्केट कैप 6,29,080.22 करोड़ हो गया। एचडीएफसी बैंक ने भी 25,135.62 करोड़ की बढ़त दर्ज की और उसका मूल्यांकन 15,07,025.19 करोड़ तक पहुंच गया। इसी तरह भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 25,089.27 करोड़ बढ़कर 11,05,980.35 करोड़ हो गया। अन्य लाभ में रहने वाली कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज (25,035.08 करोड़ की बढ़त), बजाज फाइनेंस (21,187.56 करोड़), भारतीय स्टेट बैंक (12,645.94 करोड़) और आईसीआईसीआई बैंक (11,251.62 करोड़) शामिल हैं। दूसरी ओर, हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) और भारतीय जीवन बीमा निगम की बाजार हैसियत में गिरावट दर्ज की गई। एचयूएल का मार्केट कैप 3,571.37 करोड़ घटकर 5,94,235.13 करोड़ रह गया, जबकि एलआईसी को 4,648.88 करोड़ की गिरावट के साथ 5,67,858.29 करोड़ पर संतोष करना पड़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज 18.70 लाख करोड़ के बाजार मूल्यांकन के साथ अब भी देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है, उसके बाद एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल का स्थान है।

# दिवाली पर मोमबत्ती का बिजनेस: कम निवेश में मुनाफे का सुनहरा मौका

**नई दिल्ली**



दिवाली की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और बाजार रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाने लगे हैं। अगर आप इस त्योहार पर अपना बिजनेस शुरू करने का सोच रहे हैं, तो मोमबत्ती (कैण्डल) का कारोबार आपके लिए बेहतरीन अवसर साबित हो सकता है। भले ही इलेक्ट्रिक लाइट्स की बिक्री बढ़ गई है, लेकिन दिवाली पर रंग-बिरंगी मोमबत्तियों की मांग अभी भी जबर्दस्त रहती है। महज 10,000 रुपये के शुरुआती निवेश से आप कैंडल मेकिंग बिजनेस शुरू कर सकते हैं और मोटा मुनाफा कमा सकते हैं। दिवाली पर घर के हर कोने को रोशन करने वाली मोमबत्तियों की मार्केट काफी बढ़ जाती है। त्योहारी सीजन में व्यापारी महज कुछ दिनों में अच्छी कमाई कर लेते हैं। कैंडल की मांग सिर्फ दिवाली तक ही सीमित नहीं है, बल्कि जन्मदिन, पार्टियों और धार्मिक आयोजनों के लिए सालभर बनी रहती है। आज यह बिजनेस सिर्फ छोटी दुकानों तक सीमित नहीं है, बल्कि रिटेल, थोक और ऑनलाइन मार्केट में भी धड़ल्ले से बिक रहा है। छोटे स्तर पर इसे शुरू करने के लिए महज 10,000 से 15,000 रुपये निवेश की जरूरत होती है और आप इसे घर के किसी छोटे कोने से भी चला सकते हैं। इस बिजनेस में किसी महंगी मशीन की आवश्यकता नहीं होती। मोमबत्ती बनाने का मैटेरियल आसानी से मार्केट में उपलब्ध है। शुरुआत में आप सांचों का इस्तेमाल कर अलग-अलग डिज़ाइन की मोमबत्तियां बना सकते हैं। इसके लिए मोम, धागा, रंग और ईथर तेल की जरूरत होती है। सुगंधित मोमबत्तियां बनाने के लिए सेंट का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। इन सामग्रियों को स्थानीय बाजार या ऑनलाइन आसानी से खरीदा जा सकता है। जब बिजनेस बढ़ने लगे, तो आप ऑटोमैटिक मशीन खरीद सकते हैं। मैनुअल मशीन से प्रति घंटे 1800 मोमबत्तियां, जबकि फुली ऑटोमैटिक मशीन से प्रति मिनट 200 मोमबत्तियां तैयार की जा सकती हैं। सरकार द्वारा उपलब्ध लोन या अन्य छोटे कारोबार लोन के जरिए बिजनेस को और बढ़ाया जा सकता है।

# भारत को रोल्स-रोयस बनाएगी अपना होम मार्केट




**नई दिल्ली**

भारत में कंपनी रोल्स-रोयस अपने वैश्विक विस्तार की तैयारी कर रही है। भारत को कंपनी अपना होम मार्केट बनाने की योजना है। यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब भारत और ब्रिटेन अगले जेनरेशन फाइटर जेट इंजन के संयुक्त विकास पर विचार कर रहे हैं। कंपनी के सीईओ तुफान एरगिनबिलजिक ने मुंबई में कहा कि रोल्स-रोयस भारत में अपने सहयोग और साझेदारी को अगले स्तर तक ले जाना चाहती है और इसकी अत्याधुनिक तकनीक भारत की 'विकसित भारत' यात्रा में अहम योगदान देगी। भारत और ब्रिटेन के बीच नेक्स्ट-जेनरेशन फाइटर इंजन को-डेवलपमेंट प्रोग्राम पर बातचीत जारी है। अगर यह समझौता होता है, तो रोल्स-रोयस किसी भारतीय कंपनी के साथ मिलकर इस इंजन का निर्माण करेगी। कंपनी दुनिया की उन चुनिंदा संस्थाओं में है, जो फाइटर जेट इंजन डिज़ाइन और निर्माण करती हैं। यह साझेदारी भारत के रक्षा आत्मनिर्भरता मिशन को नई दिशा दे सकती है। कंपनी ने भारत में अपने ग्लोबल कैपेबिलिटी एंड इनोवेशन सेंटर का विस्तार किया है। यह सेंटर डिजिटल इंजीनियरिंग, डिजाइन और एंटरप्राइज सर्विसेज में नई तकनीक विकसित करेगा। आने वाले वर्षों में यह सेंटर रोल्स-रोयस का सबसे बड़ा ग्लोबल हब बनेगा, जो सिविल, डिफेंस और पावर सिस्टम बिजनेस को सपोर्ट करेगा। 2030 तक भारत से सप्लाई चेन सोर्सिंग दोगुना करने और स्थानीय टैलेंट डेवलपमेंट व मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं को मजबूत करने की योजना है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि रोल्स-रोयस का भारत में विस्तार दोनों देशों के आर्थिक और तकनीकी संबंधों को नई ऊंचाई देगा।

# एसबीआई की नई पहल: महिला कर्मचारियों की हिस्सेदारी बढ़ाने का लक्ष्य

**कामकाजी महिलाओं के लिए सुविधाएं, नेतृत्व विकास और समावेशी कार्यस्थल की दिशा में ठोस कदम**

देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने लैंगिक विविधता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीति बनाई है। बैंक का उद्देश्य अगले पांच वर्षों में अपने कार्यबल में महिलाओं की हिस्सेदारी को 27 फीसदी से बढ़ाकर 30 फीसदी करना है। एसबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों में महिला भागीदारी पहले से ही लगभग 33 फीसदी है, लेकिन कुल कार्यबल में यह केवल 27 फीसदी है। इस अंतर को पाटने के लिए बैंक ने कई कदम उठाए हैं। बैंक की एम्पावर हर पहल के माध्यम से महिलाओं को नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

इसके तहत कोचिंग, मार्गदर्शन और नेतृत्व विकास सत्र आयोजित किए जाते हैं।

इसके अलावा, मातृत्व अवकाश या बीमारी के बाद लौटने वाली महिला कर्मचारियों के लिए पुनर्वास प्रशिक्षण और पारिवारिक संपर्क कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। कामकाजी माताओं को क्रेश भत्ता, गर्भवती महिलाओं को पोषण भत्ता और स्तन व गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जांच जैसी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। बैंक ने गर्भाशय ग्रीवा कैंसर का टीकाकरण अभियान भी शुरू किया है।

बैंक की 340 से अधिक शाखाएं केवल महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित की जा रही हैं, जो समावेशी कार्यस्थल की दिशा में एक मजबूत संकेत है।

# भारत बना दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश

## 125 जीडब्ल्यू सौर क्षमता के साथ जापान को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली**

भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी के अनुसार भारत अब 125 गीगावाट (जीडब्ल्यू) स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता के साथ दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। इस उपलब्धि के साथ भारत ने जापान (96 जीडब्ल्यू) को पीछे छोड़ दिया है। अगस्त 2025 के अंत तक भारत की कुल नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता 192 जीडब्ल्यू तक पहुंच गई है। इसमें सौर, पवन, बायोमास और जलविद्युत परियोजनाएं शामिल हैं। सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक यह क्षमता 500 जीडब्ल्यू तक पहुंच जाए। 2025 में भारत ने केवल अप्रैल से सितंबर के बीच 25 जीडब्ल्यू रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता जोड़ी है। इसमें 21.7 जीडब्ल्यू सौर ऊर्जा और 3.09 जीडब्ल्यू पवन ऊर्जा शामिल है। जुलाई 2025 तक देश की कुल सौर ऊर्जा क्षमता 119.02 जीडब्ल्यू थी, जिसमें से 90.99 जीडब्ल्यू जमीन आधारित सौर संयंत्रों और 19.88 जीडब्ल्यू रूफटॉप सिस्टम से आई है। वहीं तापीय ऊर्जा की हिस्सेदारी में गिरावट दर्ज की गई है। अब देश की कुल स्थापित बिजली क्षमता 485 जीडब्ल्यू है, जिसमें तापीय (कोयला व गैस) बिजली सिर्फ 49.9 फीसदी रह गई है।



2015 में यह आंकड़ा 70 फीसदी था। यह एक ऐतिहासिक बदलाव है जो भारत के हरित ऊर्जा की ओर बढ़ते कदम को दर्शाता है। इंटरनेशनल थिंक टैंक एम्बर के अनुसार इस वर्ष की पहली छमाही में भारत में सौर ऊर्जा उत्पादन में 17 टेरावाट-घंटे की वृद्धि हुई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 25 फीसदी अधिक है। यह परिवर्तन भारत को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ा रहा है।

# भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता बढ़ाएगा निर्यात और निवेश




**नई दिल्ली** भारत और ब्रिटेन के बीच वृहद आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) पर 24 जुलाई को हस्ताक्षर हुए हैं, जो अगले साल लागू होने की संभावना है। विशेषज्ञों के अनुसार यह समझौता भारत के निर्यात को बढ़ावा देगा और ब्रिटेन से निवेश आकर्षित करेगा। एक वैश्विक पेशेवर सेवा नेटवर्क के मुतो बिक कपड़ा, वाहन कलपुर्जा, जूते-चप्पल और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्र इस समझौते से लाभान्वित होंगे, क्योंकि लगभग 99 फीसदी भारतीय निर्यात के लिए शुल्क-मुक्त बाजार मिलेगा। इसके साथ ही, भारतीय आईटी, वित्तीय, स्वास्थ्य सेवा और पेशेवर सेवा प्रदाताओं के लिए ब्रिटेन के बाजार में नए अवसर खुलेंगे। यह समझौता कुशल पेशेवरों की आवाजाही को आसान बनाएगा और शिक्षा, नवोन्मेषण व अनुसंधान में सहयोग को मजबूत करेगा।

# एक साल की एफडी पर 10 बैंक दे रहे आकर्षक ब्याज दरें

**वरिष्ठ नागरिकों को मिल रहा अतिरिक्त लाभ**




**नई दिल्ली** अगर आप अपनी सेविंग्स को सुरक्षित निवेश में लगाना चाहते हैं तो फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) इस समय एक बेहतरीन विकल्प साबित हो सकता है। बाजार की अनिश्चितता और शेयर बाजार की अस्थिरता को देखते हुए एफडी एक ऐसा निवेश है जो तय ब्याज दर के साथ मानसिक संतुलन भी देता है। खास बात यह है कि वर्तमान में कई बैंक एक साल की एफडी पर 7 फीसदी से लेकर 8 फीसदपी तक का आकर्षक ब्याज दे रहे हैं। डीसीबी बैंक और तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक सामान्य ग्राहकों को 7.25 फीसदी और वरिष्ठ नागरिकों को 7.75 फीसदी ब्याज दे रहे हैं। वहीं केनरा बैंक, कर्नाटक बैंक, आरबीएल बैंक और बैंक ऑफ इंडिया जैसे बैंक भी 7 फीसदी से 7.5 फीसदी तक का रिटर्न दे रहे हैं। विदेशी बैंक डॉयचे बैंक भी 1 साल की एफडी पर 7 फीसदी ब्याज ऑफर कर रहा है। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई सामान्य ग्राहकों को 6.80 फीसदी और वरिष्ठ नागरिकों को 7.30 फीसदी ब्याज दे रहा है। इसी तरह बैंक ऑफ बड़ौदा और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया 6.75 फीसदी से 7.25 फीसदी तक का रिटर्न दे रहे हैं।

# सितंबर में टाटा मोटर्स और मारुति सुजुकी की बिक्री में वृद्धि

**हुंदै और टोयोटा की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट**




**नई दिल्ली** सितंबर 2025 में टाटा मोटर्स और मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने अपनी खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर बढ़ोतरी दर्ज की है। टाटा मोटर्स की बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 13.75 फीसदी हो गई, जबकि पिछले साल यह 11.52 फीसदी थी। कंपनी ने इस महीने 32,586 वाहनों की बिक्री की। वहीं, मारुति सुजुकी ने 1,23,242 इकाइयों की खुदरा बिक्री की, जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी 41.17 फीसदी तक बढ़ गई। पिछले साल सितंबर में मारुति की बिक्री 1,15,530 वाहन थी। दूसरी ओर, हुंदै मोटर इंडिया की बिक्री और बाजार हिस्सेदारी दोनों में कमी आई है। इस साल सितंबर में हुंदै की बिक्री 35,812 रही, जबकि पिछले साल 38,833 वाहन बेचे गए थे। बाजार हिस्सेदारी 13.72 फीसदी से घटकर 11.96 फीसदी हो गई। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की भी बाजार हिस्सेदारी गिरकर 6.78 फीसदी रह गई, जबकि पिछले साल यह 7.35 फीसदी थी। कंपनी की बिक्री में मामूली गिरावट देखी गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने 37,659 वाहनों की बिक्री की, हालांकि उसकी बाजार हिस्सेदारी लगभग स्थिर रही। किआ इंडिया की बिक्री में मामूली वृद्धि हुई लेकिन बाजार हिस्सेदारी घटकर 6.78 फीसदी रह गई। दोपहिया क्षेत्र में हीरो मोटोकॉर्प ने बाजार हिस्सेदारी बढ़ाकर 25.10 फीसदी कर ली, जबकि होंडा मोटरसाइकिल की हिस्सेदारी घटकर 25.05 फीसदी रह गई। टीवीएस मोटर कंपनी की हिस्सेदारी भी बढ़ी। कुल मिलाकर, यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 6 फीसदी और दोपहिया वाहन बिक्री 6.5 फीसदी बढ़ी है।

# अमेरिका-चीन तनाव, महंगाई आंकड़े और तिमाही नतीजे तय करेंगे बाजार की चाल

## वैश्विक तनाव से बाजार में सतर्कता बढ़ी

- घरेलू महंगाई आंकड़ों और कंपनियों के नतीजों पर नजर
- फेडरल रिजर्व चेयरमैन के भाषण से मिल सकते हैं संकेत

**मुंबई**

इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार की दिशा कई प्रमुख कारकों पर निर्भर करेगी, जिनमें अमेरिका-चीन व्यापार तनाव, घरेलू महंगाई के आंकड़े और प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजे शामिल हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ये घटनाएं निवेशकों की धारणा को निर्णायक रूप से प्रभावित करेंगी। अमेरिका और चीन के बीच शुल्क को लेकर बढ़ते तनाव ने वैश्विक बाजारों में चिंता बढ़ा दी है। शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट में भारी गिरावट देखी गई नैस्डैक 3.56 फीसदी, एसएंडपी 500 में 2.71 फीसदी और डॉव जोन्स में 1.90 फीसदी की गिरावट आई। इससे वैश्विक निवेशक जोखिम लेने से कतरा सकते हैं, जिसका असर भारतीय बाजारों पर भी पड़ेगा। इस बीच घरेलू मोर्चे पर निवेशकों की नजर खुदरा और थोक मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर होगी। सरकार 13 अक्टूबर को सितंबर महीने की खुदरा मुद्रास्फीति (सीपीआई) और 14 अक्टूबर को थोक मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़े जारी करेगी। इन आंकड़ों से भारतीय रिजर्व बैंक की आगामी मौद्रिक नीति का रुख स्पष्ट हो सकता है।

इसके अलावा, निवेशकों की निगाहें इंफोसिस, एचसीएल टेक, विप्रो, टेक महिंद्रा जैसी आईटी कंपनियों के तिमाही नतीजों पर टिकी होंगी। साथ ही, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक जैसे दिग्गजों के नतीजे भी बाजार की चाल में अहम भूमिका निभा सकते हैं।




वैश्विक स्तर पर, 14 अक्टूबर को फेडरल रिजर्व चेयरमैन जेरोम पावेल का भाषण निवेशकों के लिए खास रहेगा। उनकी टिप्पणियों से ब्याज दरों और मुद्रास्फीति को लेकर फेड की रणनीति का संकेत मिल सकता है।

पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 1.59 फीसदी और एनएसई निफ्टी में 1.57 फीसदी की तेजी रही, लेकिन आने वाला सप्ताह अस्थिरता और सतर्कता से भरा रह सकता है। विश्लेषकों ने सलाह दी है कि निवेशक इस सप्ताह सतर्क रणनीति अपनाएं और महत्वपूर्ण घटनाक्रमों पर करीबी नजर बनाए रखें।

# अरुणाचल प्रदेश सरकार ने महंगाई भत्ता तीन फीसदी बढ़ाया

**नई दिल्ली** अरुणाचल प्रदेश सरकार ने राज्य के सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) में तीन प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की है। इस वृद्धि के बाद डीए-डीआर का कुल प्रतिशत 55 फीसदी से बढ़कर 58 फीसदी हो गया है। यह वृद्धि 1 जुलाई 2025 से प्रभावी होगी। इससे पहले मई 2025 में भी डीए और डीआर को 53 फीसदी से बढ़ाकर 55 फीसदी किया गया था। यह इस साल कर्मचारियों के लिए दूसरी बार डीए और डीआर में बढ़ोतरी है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने बताया कि जुलाई से सितंबर 2025 तक का एरियर भी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को दिया जाएगा। साथ ही अक्टूबर के वेतन और पेंशन में संशोधित डीए-डीआर को शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस निर्णय को कर्मचारी कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता बताया और कहा कि इसका उद्देश्य राज्य के सरकारी कर्मचारियों और सेवानिवृत्तों को सम्मानित और समर्थ महसूस कराना है। अरुणाचल प्रदेश के इस फैसले के बाद राज्य के 75,000 से अधिक नियमित सरकारी कर्मचारी, पेंशनभोगी और एआईएस अधिकारी इस लाभ से सीधे प्रभावित होंगे। अब अरुणाचल प्रदेश के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता केंद्र सरकार के कर्मचारियों के समान स्तर पर आ गया है।

# इस सप्ताह सात कंपनियां करेंगी स्टॉक स्प्लिट

## शेयरों की कीमतें कम होने से निवेश करना होगा आसान

**नई दिल्ली**

यह सप्ताह शेयर बाजार के निवेशकों के लिए बेहद खास रहने वाला है। इस हफ्ते निवेशकों को एक साथ तीन बड़े अवसर मिलेंगे स्टॉक स्प्लिट, बोनस शेयर और डिविडेंड। कुल 7 प्रमुख कंपनियों ने अपने शेयरों का स्टॉक स्प्लिट करने की घोषणा की है, जिससे शेयरों की कीमत कम होगी और उनमें निवेश करना आसान हो जाएगा। स्टॉक स्प्लिट करने वाली कंपनियों में गोकुल एग्रो रिसोर्सेज मिटेड, टाटा इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड, वेलक्योर ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड, एबी इंफ्राबिल्ड लिमिटेड, नर्मदा मैकप्लास्ट ड्रिप इरिगेशन सिस्टम्स लिमिटेड, रोलेक्स रिंग्स लिमिटेड और सुनरक्षक इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड शामिल हैं।

इनमें से अधिकांश कंपनियों की एक्स-डेट 14 से 17 अक्टूबर के बीच है, जिससे पहले निवेश करने पर निवेशक स्टॉक स्प्लिट का लाभ उठा सकते हैं। इसके साथ ही कॉनकार्ड और वेलक्योर अपने निवेशकों को बोनस शेयर देने जा रही है। वही टीसीएस, एलेकॉन और आनंद राठी वेल्थ ने इंटरिम डिविडेंड की घोषणा की है।

विशेषज्ञों के अनुसर यह समय लंबी अवधि के निवेश के लिए अनुकूल हो सकता है, खासकर उन कंपनियों में जिनकी वित्तीय स्थिति मजबूत है।




निवेशकों को सलाह दी जाती है कि वे एक्स-डेट और रिकॉर्ड डेट का ध्यान रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से निर्णय लें।

# डीमार्ट का मुनाफा बढ़ा, 8 नए स्टोर खुले, ई-कॉमर्स में तेजी

**पहली तिमाही में 685 करोड़ का जबरदस्त मुनाफा, आय भी 15.4 फीसदी उछला**

**नई दिल्ली** डीमार्ट सुपरमार्केट और हाइपरमार्केट चेन संचालित करने वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में अच्छा प्रदर्शन किया है। कंपनी का शुद्ध मुनाफा 3.9 फीसदी बढ़कर 684.85 करोड़ रुपए हो गया, जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में यह आंकड़ा कम था। इस दौरान कंपनी की कुल आय 15.4 फीसदी बढ़कर 16,676.30 करोड़ रुपए रही। हालांकि ऐबिटिडा (ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की कमाई) 1,214 करोड़ रुपए रही, जो पिछले साल के 1,094 करोड़ रुपए से अधिक है। बावजूद इसके ऐबिटिडा मार्जिन 7.6 फीसदी से घटकर 7.3 फीसदी पर आ गया, जो परिचालन लागत में बढ़ोतरी का संकेत है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दो साल से अधिक पुराने स्टोर्स की बिक्री में 6.8 फीसदी की वृद्धि देखी गई है। साथ ही इस तिमाही में 8 नए स्टोर खोले गए, जिससे 30 सितंबर 2025 तक डीमार्ट के कुल स्टोर्स की संख्या 432 हो गई। सरकार द्वारा हाल ही में की गई जीएसटी दरों में कटौती का लाभ भी डीमार्ट ने ग्राहकों तक पहुंचाया।

# कियोसाकी की चेतावनी: अब नहीं चलेगी 60/40 निवेश रणनीति

**'रिच डैड पुअर डैड' के लेखक ने शेयर-बॉन्ड आधारित पारंपरिक मॉडल को बताया फेल**

**नई दिल्ली** फाइनेंशियल एडवाइजर और मशहूर किताब 'रिच डैड पुअर डैड' के लेखक रॉबर्ट कियोसाकी ने पारंपरिक 60/40 निवेश रणनीति को पूरी तरह खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह मॉडल 1971 में खत्म हो गया था, जब अमेरिका ने गोल्ड स्टैंडर्ड को छोड़ा और डॉलर की वैल्यू सिर्फ सरकार के भरोसे पर टिक गई। कियोसाकी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि अब डॉलर और अमेरिकी सरकार पर भरोसा करना मुश्किल है, क्योंकि अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा कर्जदार देश बन चुका है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, कौन मूर्ख होगा जो ऐसे देश के बॉन्ड खरीदेगा? कियोसाकी ने कहा कि अब समय आ गया है कि लोग बिटकॉइन, सोना और चांदी जैसे असली संपत्तियों में निवेश करें। उनके मुताबिक ये संपत्तियां मुद्रास्फीति और सरकारी छेड़छाड़ से बचाने में सक्षम हैं। वे इन्हें पीपुल्स मनी कहते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अब बड़ी वित्तीय कंपनियां जैसे मॉर्गन स्टेनली भी 60/20/20 मॉडल को अपनाने की सिफारिश कर रही हैं, जिसमें वैकल्पिक निवेश को जगह दी जा रही है। कियोसाकी ने कहा कि मैं 30 साल पहले ही आर्थिक रूप से आज़ाद हो गया था। मुझे कभी किसी फॉर्मूले की जरूरत नहीं पड़ी। उन्होंने सलाह दी कि हर व्यक्ति को अपने हिसाब से सही निवेश रणनीति अपनानी चाहिए।

# एक गांव और 4 दावेदार, लोग बोले-चुनाव का बहिष्कार करेंगे:न सड़क, न बिजली, न पानी; नेता सिर्फ वोट लेने आते हैं



**चंपारण।** भारत-नेपाल के बॉर्डर पर बसा भिखनाठोरी गांव। आजादी से आज तक यहां बिजली नहीं पहुंच सकी। सड़क कटकर कच्ची हो गई और गांव की पहचान वोटर कार्ड से लेकर आधार कार्ड तक ही सीमित है। इसे लेकर वन विभाग कहता है कि पूरे गांव की जमीन हमारी है। रेलवे का भी यही दावा है। रामनगर का राज परिवार इसे अपनी जमीन बताता है। वहीं गांव के लोगों का कहना है कि ये उनकी जमीन है। पश्चिमी चंपारण जिले में 179 घरों वाले इस गांव का विकास चार दावेदारों के बीच अटका है। गांव भारत-नेपाल बॉर्डर पर बसा है। गांव की आबादी करीब 2 हजार है। ये फॉरेस्ट एरिया में है। लोगों का आरोप है कि इसी वजह से वन विभाग आए दिन जमीन खाली करने का नोटिस भेजता है और बुलडोजर चलाने की धमकी देता है।गांव वाले बताते हैं कि कागजों में ये भारत का हिस्सा है, लेकिन हकीकत में इसे अब भी पहचान की दरकार है। यहां न बिजली है, न सड़क और न लोगों के पास मकानों का मालिकाना हक। बिजली के लिए मकानों पर लगी सोलर प्लेट ही सहारा है। धूप निकले तभी घरों में बल्ब जलता है वरना रात अंधेरे में कटती है। गांव वालों का कहना है कि अगर हमें हक न मिला तो चुनाव का बहिष्कार करेंगे। गांव में किस तरह की परेशानियां हैं? गांव के जमीन पर अलग-अलग विभाग क्यों अपना दावा कर रहे हैं? गांव वालों को आज तक बिजली और सड़क क्यों नहीं मिल सका? ये जानने के लिए हम भिखनाठोरा गांव पहुंचे।हमें गांव तक पहुंचने के लिए करीब 7 किलोमीटर तक जंगल से होते हुए कच्ची सड़क से गुजरना पड़ा। PWD की पुरानी सड़क उखड़ी पड़ी थी। गांव में हमें नल-जल की पाइपलाइन दिखी लेकिन बिजली न होने से मोटर नहीं चलता। इसलिए पानी की सुविधा भी नहीं मिल रही है। गांव के लोग नदी से पानी से बर्तन धोते मिले। गांव में स्कूल की बिल्डिंग खड़ी है लेकिन छत नहीं डल सकी। थोड़ा आगे बढ़े तो कुछ गांव वाले मिले। ग्राम वनाधिकार समिति के अध्यक्ष पूर्णा प्रसाद बताते हैं, गांव रामनगर के राजा ने बसाया था। नेपाल से आने वाले बौद्ध भिक्षु यहां ठहरते थे, क्योंकि आगे घना जंगल है। इसीलिए गांव का नाम भिखनाठोरी पड़ गया। 1865 में जॉर्ज पंचम भी गांव आए थे। उन्हीं के लिए रेल लाई गई। वे कहते हैं, हम आजादी के पहले से बसे हैं। 2013 में नीतीश कुमार आए और वनाधिकार समिति बनी। 2006 के वन अधिकार नियम के तहत तीन पीढ़ी से बसे लोगों को बसावट का पर्चा मिलना था। हमने 179 दावा पत्र अनुमंडल पदाधिकारी और बीडीओ को दिया। तत्कालीन DM श्रीधर सिंह राजी भी थे, लेकिन वन विभाग ने सब अटका दिया।गांव में रहने वाले सुनेश सहनी कहते हैं, हम पर अवैध बसावट के आरोप लगे हैं, लेकिन ये जमीन हमारी है। पूर्वजों के समय से बसे हैं। सरकार का नियम है कि अगर 12 साल से अवैध या गैरमजरूआ जमीन पर बसे हैं तो बिना अनुमति सरकार दे दे लेकिन वन विभाग जबरदस्ती दावा ठोक रहा। कहता है कि जंगल में बसे हो, खाली करो वरना तोड़ देंगे लेकिन उनके पास हमें हटाने के कागज नहीं हैं। अगर विभाग गलत नीयत रखेगा तो हम अनशन और आंदोलन करेंगे। गांव के पास भारत सरकार की सारी सुविधाएं हैं। 2017 की बाढ़ में कटाव हुआ तो सरकार ने 40 करोड़ खर्च कर बांध बनवाया। अगर ये गांव न होता तो क्यों बनवाता नेता लिखित शिकायत पर आश्वासन देते हैं लेकिन कार्रवाई नहीं करते। 1947 में आजादी के सर्वे में गांव जंगल सर्वे से छूट गया। हम आज भी गुलाम जैसे जी रहे। सरकार से मांग है कि वन विभाग से निदान कराएं और हमें बसावट का पर्चा दें। सरकार ने बिजली पास की लेकिन वन विभाग ने उसे पास के भतुजला गांव में डायवर्ट कर दिया। भतुजला को पर्चा मिला लेकिन हमें नहीं। PWD ने अंडरग्राउंड बिजली रोकी, विरोध किया गया तो 22 लोगों पर केस हो गया। सड़क न होने से अस्पताल जाना मुश्किल। नेपाल बॉर्डर दो कदम पर है, वहां विकास है लेकिन यहां नहीं। मोतीलाल सरकार से मांग करते हुए कहते हैं, हमें बसावट का पर्चा मिले। 2006 में भारत सरकार ने कानून बनाया कि वनवासियों और परंपरागत लोगों को बसावट का पर्चा देंगे, वो चाहे भूमिहीन हो या गैर-भूमिहीन। अगर हटाना है तो विस्थापित करें और प्रति परिवार पैसा दें। हम उसी कानून की बात करते हैं। इस बार के चुनाव में इसे मुद्दा बताते हुए वे कहते हैं, नेता वोट मांगने आएंगे तो कहेंगे, बसावट का पर्चा दीजिए वरना वोट नहीं करेंगे। आप सालों से सत्ता में हैं, विधायक बने लेकिन कोई काम नहीं किया। यहां बाकी सरकारी सुविधाएं हैं- पोस्ट ऑफिस, स्कूल सब है लेकिन गांव की पहचान नहीं है।नेता सिर्फ वोट ले जाते हैं। सांसद-विधायक एक-दो बार आते हैं, वोट पड़ने के बाद फिर कोई नजर नहीं आता। हम गरीब, असहाय लोग उनके पीछे दौड़ते हैं। सड़क की दुर्दशा देखिए, पहले अच्छी थी। 2014-15 में टेंडर हुआ, डबल लाइन के लिए उखाड़ा लेकिन काम बंद कर दिया। अब सब अधर में है।भिखनाठोरी गांव के पूर्व मुखिया दयानंद सहनी कागज दिखाते हुए कहते हैं, मेरे पास 1966 की आईडी है। हमारे पूर्वज 100 साल से पहले से यहां बसे थे। ये राजा रामनगर की जमीन थी। आजादी से पहले सारी जनता राजा की जमीन पर बसी थी। यहां पत्थर का व्यवसाय होता था। आजादी के बाद भी बसावट बनी रही। अंग्रेजों के समय रेल आई। रेल ने जमीन ली, वन विभाग ने भी अधिग्रहण किया। वन विभाग ही अन्याय कर रहा है, रोड नहीं बनने दे रहा, बिजली नहीं आने दे रहा। पानी के लिए हाल में बिहार सरकार ने तीन बोरिंग लगाईं। PHE ने पहले भी कोशिश की। हमारे पास सब कुछ है, आईडी, राशन कार्ड, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, टीकाकरण केंद्र और आशा कार्यकर्ता।

## CSP केंद्र संचालक से 5 लाख की लूट, घर के पास ही हुई वारदात



**मुजफ्फरपुर।** में बाइक सवार बेखौफ लुटेरों ने हथियार के बल पर एक बड़ी लूट की घटना को अंजाम दिया। लुटेरों ने सीएसपी केंद्र के संचालक से 5 लाख की लूट की और हल्ला करने पर फायरिंग की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। यह घटना जिले के मिठनपुरा थाना क्षेत्र के जगदीशपुरी मुहल्ले में देर रात हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।पीड़ित चक्रेश कुमार जैन ने बताया कि नगर थाना क्षेत्र के इस्लामपुर रोड में उनके बेटे की पीएनबी की सीएसपी केंद्र है। हर दिन का कलेक्शन लेकर रात में घर लौटते हैं। घटना के दिन भी वे अपनी स्कूटी से लौट रहे थे।इसी दौरान घर के पास की गली के मोड़ पर बाइक पर सवार दो बदमाश आए और कहा, बैग लाओ, नहीं दोगे तो गोली मार देंगे। इसके बाद बदमाशों ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया। फिर एक और बाइक पर आए लुटेरों ने रुपयों का बैग और घर के लिए लाए सामान लेकर फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और पूछताछ की। पूरे मामले में एसडीपीओ टाउन वन सुरेश कुमार ने बताया कि घटना देर रात करीब 10 बजे हुई। सीएसपी केंद्र के संचालक अपने कलेक्शन को लेकर घर लौट रहे थे, तभी बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें निशाना बनाया। पुलिस अब अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## टाटा मोटर सर्विस सेंटर में लगी आग



**पटना।** के पाटलिपुत्र पाटलिपुत्र इंडस्ट्रियल एरिया में आग लग गई है। टाटा मोटर सर्विस सेंटर में आग लगी है। जहां 2 गाड़ियां पूरी तरह से जलकर राख हो गई है। फिलहाल टाटा मोटर सर्विस सेंटर में आग की लपटों पर काबू पा लिया है। दमकल के पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि लगभग 9:40 पर सूचना मिली कि पाटलिपुत्र इंडस्ट्रियल एरिया में एक सर्विस सेंटर में आग लग गई है। जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड घटना स्थल पर पहुंची और 20 मिनट के अंतराल में ही आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं इस घटना में सर्विस सेंटर में मौजूद दो गाड़ियां पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। अग्निशमन पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि अग्निशमन की कुल पांच गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची और फौरन आग पर काबू पा लिया गया।आग लगने के करण अभी स्पष्ट नहीं है। अग्निशमन विभाग की ओर से आग लगने के कारण की जांच की जा रही है। हालांकि इस घटना में किसी प्रकार की कोई कैजुअल्टी सामने नहीं आई है।

## छात्र नेता खुशबू पाठक लड़ेंगी चुनाव, 70वीं बीपीएससी आंदोलन के दौरान रही थीं 9 दिन जेल में



**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। भोजपुर जिले में प्रथम चरण के चुनाव होने हैं और कई उम्मीदवार चुनावी मैदान में सक्रिय हो गए हैं। इसी बीच, भोजपुर की छात्र नेता खुशबू पाठक, जिन्होंने 70वीं बीपीएससी शिक्षक भर्ती पेपर लीक कांड के खिलाफ सड़कों से लेकर जेल तक संघर्ष किया, अब राजनीतिक मैदान में उतरने जा रही हैं।9 दिन बेऊर जेल में बिताने वाली छात्रा अब बड़हरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़कर छात्रों, युवाओं और महिलाओं की आवाज विधानसभा तक पहुंचाने का संकल्प लेकर सामने आई हैं। खुशबू पाठक ने घोषणा की है कि वे आगामी विधानसभा चुनाव में बड़हरा से प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरेंगी। उनका कहना है कि वे युवाओं, छात्रों और महिलाओं की आवाज बनकर राजनीति में नई दिशा देना चाहती हैं।खुशबू पाठक लंबे समय से शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और प्रतियोगी परीक्षाओं में सुधार की मांग को लेकर आंदोलन करती रही हैं। वे 70वीं बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा में पेपर लीक प्रकरण के विरोध में हुए आंदोलन की प्रमुख चेहरों में से एक रही हैं। इसी दौरान उन्हें गिरफ्तार किया गया और उन्होंने पटना के बेऊर जेल में 9 दिन बिताए। खुशबू का कहना है कि उनका चुनावी एजेंडा स्पष्ट है, प्रतियोगी परीक्षाओं को समय पर कराना, नौकरियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करना, अभ्यर्थियों को कट ऑफ मार्क्स की बुकलेट उपलब्ध कराना और युवाओं तथा महिलाओं के हितों की रक्षा करना। खुशबू ने कहा कि युवाओं को सिर्फ सड़कों पर आंदोलन करने के बजाय राजनीति में भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उनका मानना है कि जब तक युवा आगे नहीं आएंगे, तब तक व्यवस्था में बदलाव संभव नहीं है। बड़हरा प्रखंड के पीपरपांती गांव की रहने वाली खुशबू पाठक ने बताया कि वे राजनीति को समाज सेवा का माध्यम मानती हैं और छात्रों के अधिकारों की लड़ाई को विधानसभा के मंच तक ले जाने का संकल्प लेकर चुनावी मैदान में उतर रही हैं।

## तेज प्रताप ने गया जी में छानी जलेबी



**गया जी।** जिले के वजीरगंज विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को जनशक्ति जनता दल (खखऊ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने वजीरगंज से प्रेम कुमार को पार्टी प्रत्याशी के रूप में उतारने की घोषणा की।तेज प्रताप यादव ने अपने पिता लालू प्रसाद यादव के अंदाज में मंच से जनता को संबोधित करते हुए कहा कि युवा हो, नौजवान हो ज्यादा चिल्लाओगे तो नस फट जाएगा। उन्होंने मंच से ही प्रत्याशी को हाथ जोड़ने को कहा।अपने चुनाव चिन्ह ब्लैक बोर्ड का जिक्र करते हुए तेज प्रताप ने कहा कि सभी लोग ब्लैक बोर्ड पर ही पढ़े हैं। यहां तक कि नरेंद्र मोदी भी ब्लैक बोर्ड पर ही पढ़े हैं। शिक्षा का आधार ब्लैक बोर्ड ही है। देश का कोई भी नेता हो, वह ब्लैक बोर्ड के सामने ही पढ़ाई किया है। बहुत सारे दल हैं, लेकिन ज्ञान सबको ब्लैक बोर्ड के सामने से ही मिलेगा। पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बार-बार बिहार आते हैं और जुमले देकर धोखा देते हैं। कहते हैं कि बिहार में सभी चीनी मिल चालू करवाएंगे, लेकिन अब तक कुछ चालू नहीं हुआ बस चाय ही पी रहे हैं।तेज प्रताप ने अपने राजनीतिक सफर का जिक्र करते हुए कहा कि हमें बहुत कम उम्र में मौका मिला। हम स्वास्थ्य मंत्री बने, महुआ से विधायक बने। जनता से वादा किया था कि मेडिकल कॉलेज देंगे और हमने वह वादा पूरा किया। बिहार में डबल इंजन की सरकार के दौरान कई को नियुक्ति पत्र हमने अपने हाथों से दिया। लेकिन षड्यंत्र रचा गया, सबको लग गया कि दूसरा लालू प्रसाद यादव पैदा हो रहा है, इसलिए हमें सरेंडर करने को मजबूर किया गया। उन्होंने कहा कि हमारा संगठन ग्राउंड लेवल पर काम करता है। हम चार ही वादे करते हैं और उसे पूरा करते हैं। बिहार में जो भी समस्या होगी, उसका समाधान सड़क पर उतरकर करवाने का काम करेंगे। जलेबी की दुकान पर रुकी गाड़ीजनसभा समाप्त होने के बाद जब तेज प्रताप यादव तरवां बाजार से गुजर रहे थे, तो अचानक उनका काफिला एक जलेबी की दुकान पर रुक गया। तेज प्रताप खुद दुकान में उतरे, जलेबी छानी और फिर उसे खाया। इस दौरान समर्थक और कार्यकर्ता भी दुकान पर जुटे और सभी ने मिलकर जलेबी का स्वाद लिया।

## 13 अक्तूबर को जनशक्ति जनता दल उम्मीदवारों की करेगा घोषणा



**पटना।** जनशक्ति जनता दल (जेजेडी) 13 अक्तूबर (सोमवार) को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा करेगी। पार्टी के संस्थापक और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पूर्व नेता तेज प्रताप यादव ने शनिवार को यह जानकारी दी। तेज प्रताप यादव खुद महुआ विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। ये वही सीट जिससे उन्होंने 2015 के चुनाव में राजद के टिकट पर जीत दर्ज की थी।इस मौके पर तेज प्रताप ने कहा कि मैं परसों अपने उम्मीदवारों की घोषणा करूंगा। परसों जोरदार एलान होग। मैं महुआ से चुनाव लड़ूंगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे अन्य पार्टियों से बातचीत कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि सब लोग मुझसे मिलने आ रहे हैं। बता दें कि राजद से निष्कासन के बाद तेज प्रताप यादव ने जनशक्ति जनता दल (जेजेडी) की स्थापना की। वर्तमान में महुआ विधानसभा सीट राजद के नेता मुकेश कुमार रौशन के पास है, और इसी सीट से तेज प्रताप यादव चुनाव मैदान में उतरने वाले हैं। तेज प्रताप यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री दारोगा राय की पोती ऐश्वर्या से शादी की थी। हालांकि कुछ ही महीनों में ऐश्वर्या ने घर छोड़ दिया और आरोप लगाया कि उन्हें पति और ससुरालवालों ने घर से निकाल दिया। इस मामले में दंपति का तलाक मामला पारिवारिक न्यायालय में लंबित है। इतना ही नहीं, उन्हें एक फेसबुक पोस्ट को लेकर विवाद के बाद गंभीर नैतिक और सामाजिक मूल्यों के उल्लंघन के चलते पार्टी और यादव परिवार से निष्कासित कर दिया गया था। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 6 नवंबर को और दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होगा। वोटों की गिनती 14 नवंबर को की जाएगी। इस चुनाव में एक तरफ भाजपा के नेतृत्व में एनडीए है, जबकि दूसरी ओर तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाला महागठबंधन मैदान में उतरेगा, जो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सत्ता से हटाने की कोशिश में है। हालांकि, बिहार की सियासी लड़ाई में चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने भी राज्य की सभी 243 सीटों पर दावा ठोका है।

## संक्षिप्त डायरी

### मोतिहारी में नाव पलटी, एक की मौत



**मोतिहारी।** में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब लखौरा थाना क्षेत्र के लखौरा पुरबारी टोला में सिकरहना नदी में एक नाव पलट गई। इस हादसे में 15 लोग नदी में डूब गए, जबकि एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई है। रविवार सुबह ग्रामीण पशुओं के लिए चारा लेकर लौट रहे थे, तभी नदी पार करते समय नाव तेज हवा की चपेट में आ गई। हवा के दबाव से नाव का संतुलन बिगड़ गया और वह देखते ही देखते नदी के बीचोंबीच पलट गई। मृतक की पहचान कैलाश सहनी (45) के रूप में हुई है। लापता में बाबूलाल साहनी (45) और मुकेश साहनी (26) शामिल हैं।घटना के बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तुरंत नदी में कूदकर रेस्क्यू अभियान शुरू किया। स्थानीय लोगों की मदद से करीब 12 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिन्हें तुरंत स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में भर्ती कुछ लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। गुगली साहनी, दिलीप साहनी, जंगली सहनी, सत्यनारायण सहनी, गोपालजी प्रसाद, डिस्को साहनी, राजू साहनी, राधेश्याम साहनी और शिवपूजन साहनी को निकाला गया है।सिकरहना नदी में बाढ़ के कारण धारा बेहद तेज वहीं, 2 लोग अब भी लापता हैं, जिनकी तलाश में स्थानीय प्रशासन और पुलिस की टीम सिकरहना नदी के किनारे सर्च अभियान चला रही है। इलाके के लोगों के अनुसार, सिकरहना नदी में हाल ही में आई बाढ़ के कारण धारा बेहद तेज है, जिससे नावों का संचालन खतरनाक हो गया है। बाढ़ का पानी पूरे इलाके में फैला हुआ है और आसपास के कई गांव जलमग्न हैं।लोगों से सावधानी बरतने की अपील स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बिना जरूरत नदी पार न करें और नाव से यात्रा करते समय सावधानी बरतें। फिलहाल, लखौरा थाना पुलिस मौके पर कैंप कर रही है और घटना की जांच में जुटी हुई है। हादसे के बाद से पूरे क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल है।

### पान दुकानदार की हत्या के बाद 5 घंटे सड़क जाम



**सुपौल।** सदर थाना क्षेत्र के बैरो गांव में पान दुकानदार की हत्या के बाद शनिवार को आक्रोशित लोगों ने नवहट्टा-कर्णपुर मार्ग पर बेरौ चौक के समीप सड़क जाम कर आगजनी की। लोगों का आक्रोश इतना बढ़ गया था कि मौके पर सैकड़ों पुलिस बल की मौजूदगी और वरीय अधिकारियों की समझाइश के बावजूद वे शांत नहीं हुए। ग्रामीण शव को बीच सड़क पर रखकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते रहे और इलाके में पुलिस चौकी की मांग करते रहे। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की शाम बैरो गांव के वार्ड 12 में साजन मुखिया (25) की हत्या सिगरेट उधारी नहीं देने को लेकर कर दी गई थी। आरोपी युवक आदित्य कुमार ने विवाद के दौरान साजन को गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद उसे आनन-फानन में सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी आदित्य कुमार को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया।इसके बावजूद शनिवार को जैसे ही शव घर पहुंचा, ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने नवहट्टा-कर्णपुर मार्ग को बेरौ चौक पर जाम कर आगजनी शुरू कर दी। हालात को देखते हुए सदर SDM इंद्रवीर कुमार, सदर SDPO, निर्मली और त्रिवेणीगंज के SDPO, साइबर DSP समेत करीब 150 पुलिस बल तैनात किए गए। इसके बावजूद लोग प्रशासन की बात सुनने को तैयार नहीं थे।करीब 5 घंटे तक जाम रही सड़क करीब 5 घंटे तक जाम जारी रहने के बाद जिलाधिकारी सावन कुमार के हस्तक्षेप से स्थिति नियंत्रण में आई। SDM ने मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से बातचीत कर मृतक की पत्नी को हरसंभव सरकारी सहायता, आशा की नौकरी और 3 डिसमिल जमीन देने का सुझाव दिया। साथ ही सदर SDPO ने जल्द ही क्षेत्र में पुलिस चौकी स्थापित करने की बात कही। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए और जाम समाप्त किया गया।

### दूसरी पत्नी साथ घर लौटा युवक, पहली पत्नी पहुंची थाने



**जमुई ।** के बरहट थाने में शनिवार रात एक विवाहित युवक 80 दिन बाद अपनी प्रेमिका से शादी कर घर लौटा। दूसरी पत्नी को देखकर उसकी पहली पत्नी आक्रोशित हो गई और उसे लेकर थाने पहुंच गई। यहां करीब 3 घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला।बरहट निवासी राहुल कुमार (28) मोबाइल रिचार्ज का व्यवसाय करता है। उसकी शादी 21 जून 2021 को बांका के बेलहर साहिबगंज निवासी रेणु कुमारी (25) से हुई थी। इस शादी से उन्हें एक 3 साल की बेटी भी है।जमुई रेलवे स्टेशन पर हुई गीता कुमारी से राहुल की मुलाकात राहुल की मुलाकात 2022 में जमुई रेलवे स्टेशन पर झारखंड के देवघर निवासी गीता कुमारी से हुई थी। गीता ने राहुल को बताया कि उसका पति रवि कुमार शराब के नशे में उससे मारपीट करता था, जिसके कारण वह अपना ससुराल छोड़कर चली आई थी।3 साल से थे रिलेशनशिप मेंराहुल ने गीता की मदद की, जिसके बाद दोनों मोबाइल पर घंटों बात करने लगे और धीरे-धीरे एक-दूसरे से प्यार करने लगे। वे 3 साल से रिलेशनशिप में थे। 80 दिन पहले दोनों घर छोड़कर भाग गए, शादी कर ली और दार्जिलिंग, जम्मू-कश्मीर सहित देश के अलग-अलग इलाकों में घूम रहे थे। शनिवार रात राहुल अपनी दूसरी पत्नी गीता के साथ बरहट स्थित अपने घर पहुंचा। दूसरी पत्नी को देखते ही पहली पत्नी रेणु कुमारी भड़क गई और दोनों को पकड़कर बरहट थाने ले आई। थाने में करीब 3 घंटे तक हंगामा चलता रहा। ससुराल से भाग कर जमुई पहुंची थी गीता शादी कर घर पहुंची राहुल की दूसरी पत्नी गीता ने बताया कि उसका पहला पति आए दिन उसके साथ मारपीट करता था। जिस कारण 2022 में वह अपने ससुराल से भाग कर जमुई पहुंची थी। जहां रेलवे स्टेशन पर राहुल से मुलाकात हुई और उसे रोते देखा उसने हमदर्दी जताया। जिसके बाद दोनों एक दूसरे से प्यार करने लगे थे और उस वक्त राहुल ने गीता को शादीशुदा होने की बात नहीं बताया था।20 लाख की कर रहे थे मांग बाद में पता चला कि वह शादीशुदा है तो वह अपने घर देवघर चली गई। जबकि राहुल की पहली पत्नी रेणु कुमारी ने बताया कि गीता उसके पति को अपने बस में कर लिया और 20 लाख की मांग कर रहे थे हालांकि मामले की जानकारी के बाद बरहट थाने की पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।



# कैसे सिद्ध किया जाए पूजा-पाठ



जिस तरह मंत्रों में शक्ति बताई गई है उसी प्रकार विभिन्न प्रकार की मालाएं भी पूजा-अर्चना में सिद्धिदायक सिद्ध होती हैं। अभिमंत्रित मालाओं में तो अद्भुत आध्यात्मिक शक्ति आ जाती है, जिससे साधक को तुरंत सफलता मिलती है। माला के बिना मंत्र जप का पूर्ण फल नहीं मिल पाता है। देवी-देवताओं के जप के लिए काम में ली जाने वाली जप मालाओं का इस्तेमाल यदि तरीके से किया जाए तो नतीजे बेहतरीन मिलते हैं। माला का उचित प्रयोग करने से शीघ्र सिद्धि भी मिलती है।

## कमलगट्टे की माला

यह माला लक्ष्मी जी को अत्यंत प्रिय है। लक्ष्मी जी के मंत्रों का जप करने से शीघ्र सिद्धि मिलती है। यह माला धन प्राप्ति, स्थिर लक्ष्मी के लिए श्रेष्ठ है।
**लक्ष्मी मंत्र-** ऊँ श्री ह्रीं श्री कमले कमलालये प्रसीद श्री ह्रीं श्री ऊँ महालक्ष्मै नमः॥

## कुश ग्रंथि की माला

कुश नामक घास की जड़ को खोदकर उसकी गांठों से बनाई गई यह कुश ग्रंथि माला सभी प्रकार के कायिक, वाचिक और मानसिक विकारों का शमन करके साधक को निष्कलुष, निर्मल और सतेज बनाती है। इसके प्रयोग से व्याधियों का नाश होता है।
**गणेश मंत्र-** ऊँ गं गणपत्यै नमः।

## मूंगे की माला

मूंगे की माला गणेश और लक्ष्मी की साधना में प्रयुक्त होती है। धन-संपत्ति, द्रव्य और स्वर्ण आदि की प्राप्ति की कामना के लिए की जाने वाली साधना मूंगे की माला को अत्यधिक प्रभावशाली माना गया है। मंगल ग्रह का जप भी इस माला से किया जाता है।
**मंगल मंत्र-** ऊँ अं अंगारकाय नमः।

## तुलसी की माला

वैष्णव भक्तों तथा राम और कृष्ण की उपासना के लिए यह माला उत्तम मानी गई है। इस माला को धारण करने वाला पूर्ण शाकाहारी होना चाहिए। धारक का प्याज व लहसुन से भी पूरी तरह दूर रहने से सकारात्मक परिणाम मिलते हैं।
**कृष्ण मंत्र-** ऊँ नमोभगवते वासुदेवायः।
ऊँ कृष्णं शरणं गच्छामिः॥

## स्फटिक माला

स्फटिक माला सौम्य प्रभाव से युक्त होती है। इसके धारक को चंद्रमा, शुक्र व शिवजी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इन देवताओं के जातक प्रिय होते हैं। मानसिक शांति, सात्विक और पुष्टि कार्यों की साधना के लिए यह माला उत्तम मानी जाती है। **चंद्र मंत्र-** ऊँ सों सोमाय नमः।
**शुक्र मंत्र-** ऊँ शुं शुक्राय नमः।

## शंख माला

शंख माला विशेष तांत्रिक प्रयोगों में प्रभावशाली रहती है। शिवजी की साधना और सात्विक कामनाओं की पूर्ति के लिए इसे धारण करना उत्तम माना जाता है।
**शिव मंत्र-** ऊँ नमः शिवायः।
**रुद्र गायत्री-** ऊँ तत्पुरुषाय विधमहे महादेवाय धीमहि, तन्नो रुद्रः प्रचोदयातः।

## वैजयंती माला

यह माला भगवान विष्णु की आराधना में प्रयुक्त होती है। श्रीविष्णु को वैजयंती बहुत प्रिय है। माना जाता है कि इसको धारण करने या जाप करने से भगवान प्रसन्न होते हैं और सदा आशीर्वाद रखते हैं। वैष्णव भक्त इसे सामान्य रूप में भी धारण कर सकते हैं। **विष्णु मंत्र-** ऊँ नमो नारायणः

## हल्दी की माला

हल्दी की यह माला गणेशजी को प्रसन्न करने के लिए काम में ली जाती है। गणेश पूजा में प्रयोग लाई जाने वाली इस माला का बृहस्पति ग्रह और देवी बगलामुखी की साधना में भी प्रयोग किया जाता है।
**गुरु मंत्र-** ऊँ ग्रां ग्रीं ग्रौ गुः गुरवे नमः।

## पारद माला

इसका दूसरा नाम त्रिलोक्य विजय माला है। इसके पहनने से दरिद्रता दूर होती है तथा शिव व शनि प्रसन्न होते हैं। आकस्मिक धनागमन होने की संभावना बढ़ती है। शरीर के समस्त रोग स्वतः ही धीरे-धीरे कम होने लगते हैं। शनि की साढ़ेसाती दोष निवारण में भी यह राहत प्रदान करती है।

## मोती माला

यह माला चंद्रमा की तथा आकर्षण व मानसिक शांति के लिए उपयुक्त है। इसे पहनने से स्त्रियों के सौंदर्य में वृद्धि व शीतलता का अनुभव होता है।
**चंद्र मंत्र-** ऊँ सों सोमाय नमः।

## चंदन की माला

यह दो प्रकार की होती है- सफेद और लाल चंदन की। सफेद चंदन की माला का प्रयोग शांति पुष्टि कर्मों में तथा राम, विष्णु आदि देवताओं की उपासना व राहू ग्रह की शांति के लिए जप किया जाता है। जबकि लाल चंदन की माला गणेशोपासना तथा साधना (दुर्गा, लक्ष्मी, त्रिपुरसुंदरी) आदि की साधना के लिए प्रयुक्त होती है। लाल चंदन की माला से सूर्य का भी जप किया जाता है। धन- धान्य की प्राप्ति की साधना में भी इस माला का प्रयोग किया जाता है।
**राहू मंत्र-** ऊँ भ्रां भ्री भ्रौ रांः राहवे नमः।
**सूर्य मंत्र-** ऊँ धृर्णि सूर्य आदित्य श्री ऊँ।

## रोग विनाशक रुद्राक्ष माला

रुद्राक्ष शिव को परम् प्रिय है। वैज्ञानिक तौर पर रुद्राक्ष में चुंबकीय, विद्युतीय और आकर्षण शक्तियां पाई जाती हैं। इसके स्पर्श एवं उपयोग से अनेक पापों से छुटकारा मिलता है। इससे दीर्घायु एवं स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है। रुद्राक्ष के उपयोग से स्नायु रोग, स्त्री रोग, गले के रोग, रक्तचाप, मिरगी, दमा, नेत्र रोग, सिर दर्द आदि कई बीमारियों से लाभ होता है। श्रद्धा-भक्ति से धारण किया गया रुद्राक्ष सम्पूर्ण कामनाओं को सिद्ध करता है। रुद्राक्ष सामान्यतः एक से इक्कीस मुख तक पाए जाते हैं परन्तु पंद्रह से इक्कीस मुख रुद्राक्ष प्रायः दुर्लभ होते हैं। एक मुखी रुद्राक्ष साक्षात भगवान शंकर का स्वरूप है। यह अत्यंत दुर्लभ है व कई कार्यों में सफलता देता है।

# बुध देवता की कृपा से पाएं धन-वैभव का प्रसाद

बुध ग्रह को ग्रहों में राजकुमार की उपाधि दी गई है। बुध ग्रह को भगवान विष्णु का प्रतिनिधि कहा जा सकता है। इसीलिए धन, वैभव आदि का संबंध बुध से है। बुध की दिशा उत्तर है तथा उत्तर दिशा कुबेर का स्थान भी है। बुध से जुड़ा सर्वाधिक महत्वपूर्ण गुण धर्म है। अनुकूलनशीलता हर हाल में खुद को ढाल लेना सिर्फ बुध प्रधान व्यक्ति ही कर सकता है। बुध को कई महत्वपूर्ण तथ्यों का कारक ग्रह माना गया है जैसे - वाणी का कारक, बुद्धि का कारक, त्वचा का कारक, मस्तिष्क की तंत्रिका तंत्र का कारक आदि। जन्म या वर्ष कुंडली में बुध ग्रह अशुभफलदायी हो तो भगवान विष्णु का ध्यान करके शुक्ल पक्ष के बुधवार को आरंभ करके 9000 की संख्या में बीज मंत्र का जप करना चाहिए। बुध के तांत्रोक्त मंत्र हैं

**ऊँ स्त्रीं श्रीं बुधाय नमः**
**ऊँ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः**
**ऊँ स्त्रीं स्त्रीं बुधाय नमः**

दान योग्य वस्तुएं मूंगी, 5 हरे फल, चीनी, हरे पुष्प, हरी इलायची, कांस्य पत्र, पन्ना सोना, हाथी का दांत, हरी सब्जी, हरा कपड़ा, दक्षिणा सहित दान करें।
उपाय कुंडली में बुध शुभ होते हुए भी फलकारक न हो तो निम्न उपाय शुभ होंगे-

- हरे रंग का पन्ना बुधवार को सोने की अंगुठी में धारण करें।
- हरे रंग के वस्त्र पहनें परंतु यदि बुध अशुभ हो तो हरे वस्त्र कदापि न पहनें।
- बुधवार को चांदी या कांस्य के गोल टुकड़े को हरे रंग के कपड़े में लपेट कर जेब में रखें या भुजाओं के साथ बांधें।

## यदि बुध अशुभ हो तो

- मूंगी साबत के सात दानें, हरा पत्थर, कांसे का गोल चुकड़ा, हरे वस्त्र में लपेट कर बुधवार को चलते पानी में बहाना शुभ होगा। पानी में बहाते समय कम से कम सात बार बीज मंत्र पढ़ें।
- हरे रंग के वस्त्र किसी हिजड़े को बुधवार के दिन देना शुभ होता है।
- 6 इलायची हरे रूमाल में लपेटकर अपने पास रखें तथा इसके पश्चात एक इलायची व तुलसी पत्र का सेवन करना शुभ रहेगा।



# ऐसा करने से शनि का कोप शांत होता है...

सूर्य पुत्र शनि देव का नाम सुनकर लोग सहम से जाते हैं। शनि की टेढ़ी चाल से किसे डर नहीं लगता, उनके क्रोध से देवता भी थर-थर कांपते हैं, कहते हैं शनि की कृपा राजा को रंक और रंक को राजा बना सकती है। लेकिन शनि देव इंसान के कर्मों के अनुसार ही फल देते हैं। शनिदेव का व्रत एवं पूजन करने से वह प्रसन्न हो जाते हैं। शनि देव की प्रसन्नता के बाद व्यक्ति को परेशानियों से मुक्ति मिल जाती है और शनि की दशा के समय उनके भक्तों को कष्ट की अनुभूति नहीं होती है।

- शनिवार के दिन शनि देव को नीले लाजवंती का फूल, तिल, तेल, गुड़ अर्पण करें।
- पीपल में जल दें और पीपल की जड़ पर तिल या सरसों के तेल का दीपक जलाएं।
- शनि मन्त्र ऊँ शनैश्वराय नम का जाप करें।
- काली चींटियों को गुड़ एवं आटा खिलाएं।
- किसी कुत्ते को तेल चुपड़ी हुई रोटी खिलाएं। कुत्ता शनिदेव का वाहन है और जो लोग कुत्ते को खाना खिलाते हैं उनसे शनि अति प्रसन्न होते हैं।
- तिल और उड़द से बने पकवान शनिदेव को भोग लगाएं। शनिवार को साबुत उडद किसी भिखारी को दान करें या कौए को खिलाएं।
- काले रंग का वस्त्र धारण करें।
- शनिवार के दिन शनि भगवान का व्रत रखें। शनि चालीसा का पाठ, शनि मंत्रों का जाप एवं हनुमान चालीसा का पाठ करें।
- शनि की शांति के लिए नीलम भी पहन सकते हैं। काले घोड़े की नाल का छल्ला मध्यमा अंगुली में धारण करें।
- शनिवार को शनि ग्रह की वस्तुओं का दान करें, शनि ग्रह की वस्तुएं हैं काला उड़द, चमड़े का जूता, नमक, सरसों तेल, तेल, नीलम, काले तिल, लोहे से बनी वस्तुएं, काला कपड़ा आदि।

## भगवान गणेश को प्रसन्न करने के लिए

# सबसे सरल व उत्तम उपाय

भगवान गणेश की कोई भी मूर्त देखें तो उनके साथ सर्वदा उनका प्रिय भोजन मोदक अवश्य होता है। गणेश जी के हाथ में रखे मोदक का अर्थ है कि उनके हाथ में आनंद प्रदान करने की शक्ति है। मोदक मान का प्रतीक है इसलिए उसे ज्ञानमोदक कहकर भी संबोधित किया जाता है। जिस प्रकार मोदक मीठा होता है वैसे ही ज्ञान से प्राप्त आनंद भी मीठा होता है।

शास्त्रों के मतानुसार भगवान गणेश को प्रसन्न करने के लिए सबसे सरल व उत्तम उपाय है मोदक का भोग। गणपति पूजा में अगर अपने मोदक का भोग अर्पित नहीं किया तो आपकी पूजा अधूरी ही रहती है। इसका कारण यह है कि गणेश जी को सबसे प्रिय मोदक है। गणेश जी का मोदक प्रिय होना भी उनकी बुद्धिमानी का परिचय है। मोद यानी आनंद व क का अर्थ है छोटा-सा भाग। अत: मोदक यानी आनंद का छोटा-सा भाग। मोदक का आकार नारियल समान यानी ख नामक ब्रह्मरंध्र के खोल जैसा होता है। कुंडलिनी के ख तक पहुंचने पर आनंद की अनुभूति होती है। पद्म पुराण के सृष्टि खंड में गणेश जी को मोदक प्रिय होने का जो वृतांत मिलता है उसके अनुरूप मोदक का निर्माण अमृत से हुआ है। यजुर्वेद के अनुसार गणेश जी परब्रह्म स्वरूप हैं। लड्डू को ध्यानपूर्वक देखने से ज्ञात होता है कि उसका आकार ब्रह्माण्ड के समान है। गणेश जी के हाथों में लड्डू का होना यह भी दर्शाता है कि गणेश जी ने ब्रह्माण्ड को धारण कर रखा है। सृष्टि के समय गणेश जी ब्रह्मण्ड को प्रलय रूपी मुख में रख लेते हैं और सृष्टि के आरंभ में इसकी रचना करते हैं।



# वो 21 नाम जो करेंगे समस्याओं का निदान

क्या आपके घर में कलह क्लेश रहता है, कोई भी काम करते हैं तो बनते-बनते बिगड़ जाते हैं, शत्रु अकारण परेशान करते रहते हैं, स्वास्थ्य खराब रहता है, कोई न कोई रोग तन को लगा ही रहता है, बच्चे की बुद्धि का विकास नहीं हो रहा है तो फिर आप जान लिजिए वो 21 नाम जो करेंगे आपकी समस्याओं का निदान।

धार्मिक उपायों में भगवान गणेश का सबसे पहले ध्यान किया जाता है क्योंकि श्री गणेश संकटों को दूर करने वाले देवता माने जाते हैं। गणेश जी अपने भक्तों की श्रद्धा और भक्ति देखते हैं। जो भक्त इनके प्रति जितनी श्रद्धा रखता है गणेश जी उस पर उतने ही कृपालु बने रहते हैं।

1- ऊँ सुमुखाय नमः
2- ऊँ गणाधीशाय नमः
3- ऊँ उमापुत्राय नमः
4- ऊँ गजमुखाय नमः
5- ऊँ लंबोदराय नमः
6- ऊँ हरसूनवे नमः
7- ऊँ शूर्पकर्णाय नमः
8- ऊँ वक्रतुण्डाय नमः
9- ऊँ गुहाग्रजाय नमः
10- ऊँ एकदंताय नमः
11- ऊँ हेरम्बाय नमः
12- ऊँ चतुर्होत्रे नमः
13- ऊँ सर्वेश्वराय नमः
14- ऊँ विकटाय नमः
15- ऊँ हेमतुण्डाय नमः
16- ऊँ विनायकाय नमः
17- ऊँ कपिलाय नमः
18- ऊँ कटवे नमः
19- ऊँ भालचंद्राय नमः
20- ऊँ सुराग्रजाय नमः
21- ऊँ सिद्धिविनायकाय नमः

# फॉलोऑन खेलते हुए वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 173 रन बनाये

**–कैम्पबेल और होप ने अर्धशतक लगाकर पारी संभाली**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम ने मेहमान टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भी अपना शिकंजा कस दिया है। दूसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज की टीम ने फॉलोआन खेलते हुए अपनी दूसरी पारी में 173 रनों के अंदर ही दो विकेट गंवा दिये। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय जॉन कैम्पबेल 87 रन पर जबकि शे होप 66 रन बनाकर खेल रहे थे। इस मैच में मेहमान टीम अब भी 97 रन से पीछे है। भारतीय टीम ने पहली पारी पांच विकेट पर 518 रन पर घोषित की थी। वहीं वेस्टइंडीज टीम अपनी पहली पारी में सिर्फ 248 रनों पर ही सिमट गयी थी। इससे भारतीय टीम को पहली पारी के आधार पर 270 रन की बढ़त मिल गयी थी।

दूसरी पारी में वेस्टइंडीज टीम शुरुआती झटकों के बाद संभली। शाई होप और जॉन कैंपबेल ने भारतीय गेंदबाजों का अच्छी तरह से सामना किया।

वहीं इससे पहले स्पिनर कुलदीप यादव के पांच विकेट से भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज की पहली पारी को 248 के स्कोर पर समेट दिया। कुलदीप यादव के अलावा रवींद्र जडेजा को 3 और बुमराह-सिराज को 1-1 विकेट मिला। वेस्टइंडीज ने टी ब्रेक तक 2 विकेट खो दिए। वेस्टइंडीज ने तीसरे सत्र में अच्छा खेल दिखाया। कैम्पबेल ने अर्धशतक लगाया। यह इस सीरीज में किसी भी वेस्टइंडीज के बल्लेबाज का पहला अर्धशतक था। वहीं इससे पहले भारत ने पहली पारी में यशस्वी जायसवाल 175 और शुभमन गिल के नाबाद शतक 129 रनों की सहायता से अपनी पहली पारी में 518 रन बनाए थे।




# स्मृति मंधाना ने रचा इतिहास, बेलिंडा क्लार्क का 26 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा




**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने रविवार को महिला क्रिकेट इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला विश्व कप मैच के दौरान एक कैलेंडर वर्ष में 1000 वनडे रन पूरे करने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनकर नया रिकॉर्ड बनाया।

**छक्के से पूरा किया ऐतिहासिक मील का पत्थर**

मंधाना को इस उपलब्धि तक पहुंचने के लिए 18 रनों की आवश्यकता थी, जिसे उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज सोफी मोलिनक्स की गेंद पर शानदार छक्का लगाकर हासिल किया। उनका यह उपलब्धि हासिल करना न सिर्फ भारतीय क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण था, बल्कि महिला क्रिकेट के इतिहास में भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

**एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक रन**

स्मृति मंधाना ने इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में 1997 में बेलिंडा क्लार्क के बनाए 970 रनों का रिकॉर्ड तोड़ा था। मंधाना ने पारी के आठवें ओवर में अयाबोंगा खाका की गेंद पर छक्का जड़कर क्लार्क का रिकॉर्ड ध्वस्त किया। अब वह 1000 रन के आंकड़े को पार कर चुकी हैं।

**लगातार तीसरा वनडे विश्व कप**

29 वर्षीय स्मृति मंधाना अपना तीसरा वनडे विश्व कप खेल रही हैं। वह 2017 विश्व कप में उपविजेता रही भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं। अब मंधाना वनडे में 5000 रन पूरे करने के करीब हैं। यह मुकाम हासिल करने पर वह यह उपलब्धि प्राप्त करने वाली दूसरी भारतीय और कुल पाँचवीं महिला बल्लेबाज़ बन जाएंगी।

**विश्व कप में मिला-जुला प्रदर्शन**

हालाँकि रिकॉर्ड्स के बावजूद, मंधाना का मौजूदा विश्व कप में प्रदर्शन थोड़ा अस्थिर रहा है। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 8, पाकिस्तान के खिलाफ 23, और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 23 रन बनाए। भारत ने शुरुआती दो मैच जीते, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शीर्ष क्रम के फ्लॉप होने से टीम को 3 विकेट से हार झेलनी पड़ी।

# अरशद नदीम के कोच सलमान इकबाल पर लगा आजीवन प्रतिबंध

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान के शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ी अरशद नदीम के लंबे समय से कोच रहे सलमान इकबाल पर पाकिस्तान एमेच्योर एथलेटिक्स महासंघ (PAAF) ने रविवार को आजीवन प्रतिबंध लगा दिया है। उन पर पंजाब एथलेटिक्स संघ के संविधान का उल्लंघन करने का आरोप है। प्रतिबंध के तहत, सलमान इकबाल अब किसी भी एथलेटिक्स गतिविधि, कोचिंग या संगठनात्मक भूमिका में भाग नहीं ले सकेंगे।

**पंजाब एथलेटिक्स संघ के चुनाव विवाद से जुड़ा मामला**

महासंघ ने आरोप लगाया कि इकबाल ने अगस्त में पंजाब एथलेटिक्स संघ के चुनाव कराकर नियमों का उल्लंघन किया। सितंबर के मध्य में गठित एक जांच समिति ने रिपोर्ट सौंपी और 10 अक्टूबर को इकबाल पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की थी।

**अरशद नदीम के प्रदर्शन पर उठे सवालों के बाद बढ़ा विवाद**

यह फैसला उस विवाद के तुरंत बाद आया जब पाकिस्तान खेल बोर्ड (क्क्स्क्) ने इकबाल से टोक्यो विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अरशद नदीम के खराब




प्रदर्शन पर स्पष्टीकरण मांगा था। क्क्स्क्ने यह भी पूछा था कि एथलीट के प्रशिक्षण और यात्रा पर खर्च कैसे किया गया। इकबाल ने अपने जवाब में खुलासा किया कि पिछले एक वर्ष से PAAF ने अरशद नदीम से जुड़े किसी भी मामले में भाग नहीं लिया, और उन्हें दक्षिण अफ्रीका में प्रशिक्षण और पिंडली की चोट से उबरने के लिए निजी आर्थिक मदद का सहारा लेना पड़ा।

**कोच और संघ के बीच गहराता टकराव**

सलमान इकबाल कई वर्षों से अरशद नदीम के मुख्य कोच और मेंटर रहे हैं और उन्होंने पाकिस्तान के लिए कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में एथलीट को तैयार किया। हालांकि अब इस निर्णय के बाद पाकिस्तान के सबसे सफल एथलीटों में से एक नदीम का कोचिंग भविष्य असमंजस में पड़ गया है।

# ऑल फॉर्मेट के बादशाह : धोनी, कोहली, रोहित और बुमराह का धमाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम में कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने चाहे टेस्ट हो, वनडे हो या टी20 तीनों फॉर्मेट में अपनी छाप छोड़ी है और सभी फॉर्मेट में कम से कम 50 मैच खेलने का गौरव हासिल किया है। एमएस धोनी, विराट कोहली और रोहित शर्मा ऐसे नाम हैं जो इस सूची में सबसे ऊपर रहते हैं, और अब जसप्रीत बुमराह भी इस खास क्लब में शामिल हो गए हैं। बुमराह वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने 50वें टेस्ट मैच में खेल रहे हैं, जिससे वह सभी फॉर्मेट में कम से कम 50 मैच खेलने वाले सातवें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। जसप्रीत बुमराह वनडे में 89 और टी20 में 75 मैच खेल चुके हैं। वे अपना 50वां टेस्ट दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेल रहे है। इससे पहले, एमएस धोनी इस लिस्ट में पहले शामिल हुए थे। धोनी ने अपने इंटरनेशनल करियर में 90 टेस्ट,




350 वनडे और 98 टी20 मैच खेले थे। उन्होंने 15 अगस्त 2020 को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन उनके योगदान को भारतीय क्रिकेट में हमेशा याद किया जाएगा।

विराट कोहली और रोहित शर्मा भी इस सूची में दिग्गजों के रूप में शामिल हैं। विराट कोहली ने 123 टेस्ट, 302 वनडे और 125 टी20 मैच खेले हैं, जबकि रोहित शर्मा ने 67 टेस्ट, 273 वनडे और 159 टी20 मैचों में देश का प्रतिनिधित्व किया। दोनों खिलाड़ियों ने टेस्ट और टी20 क्रिकेट से रिटायरमेंट ले लिया है, लेकिन वनडे फॉर्मेट में वे अब भी सक्रिय हैं। रवींद्र जडेजा और आर अश्विन की जोड़ी भी सभी फॉर्मेट में कम से कम 50 मैच खेलने वाले भारतीय खिलाड़ियों में शामिल है। अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट ले लिया है और उन्होंने 106 टेस्ट, 116 वनडे और 65 टी20 मैच खेले। वहीं जडेजा अब भी वनडे और टेस्ट में सक्रिय हैं और उन्होंने 86 टेस्ट, 204 वनडे और 74 टी20 मैच खेलकर टीम इंडिया को सेवा दी है।

केएल राहुल इस क्लब में छठे भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने अब तक 64 टेस्ट, 85 वनडे और 72 टी20 मैच खेले हैं और लगातार भारत के लिए योगदान दे रहे हैं। इस सूची से स्पष्ट है कि एमएस धोनी, विराट कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा, आर अश्विन और केएल राहुल जैसे खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट के हर फॉर्मेट में अपनी शानदार छवि बनाए हुए हैं। इनके अनुभव और प्रदर्शन ने टीम इंडिया को विश्व क्रिकेट में एक अलग पहचान दिलाई है और ये खिलाड़ी आने वाले वर्षों में भी युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बने रहेंगे।

# वाशेरोट ने अपने चचेरे भाई रिंडरनेच को हराकर शंघाई मास्टर्स खिताब जीता

शांघाई । वैलेंटिन वाशेरोट ने क्वालीफाइंग दौर से मुख्य दौर में जगह बनाने के बाद रविवार को अपने चचेरे भाई आर्थर रिंडरनेच को 4–6, 6–3, 6–3 से हराकर शंघाई



मास्टर्स का खिताब अपने नाम किया। विश्व रैंकिंग में 204वें स्थान पर काबिज 26 साल के वाशेरोट एटीपी मास्टर्स 1000 के इतिहास में सबसे कम रैंकिंग वाले विजेता है। वह एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर का खिताब जीतने वाले मोनाको के पहले खिलाड़ी भी है। वाशेरोट ने सेमीफाइनल में 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन दिग्गज नोवाक जोकोविच को हराया था जबकि रिंडरनेच ने चार ग्रैंडस्लैम का फाइनल खेलने वाले दानिल मेदवेदेव को शिकस्त दी थी।

# न्यूजीलैंड से मिली हार को नहीं भूलना चाहते हैं गंभीर



नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर अपने आक्रामक अंदाज के लिए जाने जाते हैं। गंभीर के कोच बनने के बाद से ही टीम को शुरुआत में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करारी हार मिली थीं। जिसके बाद वह आलोचना का शिकार हुए थे। इसके बाद गंभीर टीम को चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप जिताने में सफल हुए हैं पर वह न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी ही धरती पर मिली हुई हार को नहीं भूल पा रहे। तब भारतीय टीम को टेस्ट सीरीज में अपनी ही धरती पर 0–3 से हार का सामना करना पड़ा था। ये पहला अवसर था जब न्यूजीलैंड की टीम भारत की धरती पर टेस्ट सीरीज जीती थी। इस हार के कारण ही भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल की दौड़ से भी बाहर हो गयी थी। आकाश चोपड़ा से बातचीत के दौरान गंभीर ने कहा है कि कोचिंग करियर में मिले इस झटक से वह कभी नहीं उबर पायेंगे। साथ ही कहा कि वह इस प्रकार की हार को भूलना भी नहीं चाहते। यही बात उन्होंने टीम से भी कही है। गंभीर ने कहा कि कभी–कभी अतीत को याद रखना भी जरूरी होता है। अगर ऐसा नहीं होता है तो आप चीजों को हल्के में लेने लगते हैं. आपको कभी भी किसी चीज को हल्के में नहीं लगते हैं। सभी सोचते थे कि हम न्यूजीलैंड को आसान से हरा सकते हैं।'

# रोहित शर्मा के ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर रहेंगी सबकी निगाहें

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट के हिटमैन रोहित शर्मा पर एक बार फिर पूरी क्रिकेट दुनिया की नजरें टिकी हुई हैं। टीम इंडिया की कप्तानी छिनने के बावजूद उन्होंने अपने खेल और फिटनेस पर पूरा ध्यान केंद्रित किया है। सूत्रों के मुताबिक, रोहित ने पिछले कुछ महीनों में करीब 15 किलो वजन घटाया है और अब पहले से कहीं अधिक फिट और फुर्तीले नजर आ रहे हैं। उनकी यह नई ऊर्जा और समर्पण बताती है कि वह अब भी मैदान पर कुछ साबित करने के इरादे से उतरने वाले हैं। आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरा रोहित शर्मा के अंतरराष्ट्रीय करियर के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह श्रृंखला उनके लिए 'करो या मरो' जैसी साबित हो सकती है। यदि रोहित वहां शानदार प्रदर्शन करते हैं, तो चयनकर्ताओं के लिए उन्हें नजरअंदाज करना मुश्किल होगा। वहीं, कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि इस दौरे के बाद रोहित अपने अंतरराष्ट्रीय करियर से संन्यास ले सकते हैं।



हालांकि, उनके अनुभव, बल्लेबाजी की समझ और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए क्रिकेट विशेषज्ञ अब भी मानते हैं कि रोहित के पास टीम इंडिया को देने के लिए बहुत कुछ बाकी है। टी20 प्रारूप में भी रोहित शर्मा को एक भरोसेमंद खिलाड़ी के रूप में देखा जाता है। उनका शांत स्वभाव, मैच सिचुएशन को समझने की क्षमता और टीम को संतुलित रखने की कला उन्हें बाकी खिलाड़ियों से अलग बनाती है। कप्तानी भले ही उनसे चली गई हो, लेकिन उनकी उपस्थिति टीम के लिए अब भी प्रेरणादायक मानी जाती है। फिटनेस पर ध्यान देकर उन्होंने यह संदेश दिया है कि उम्र या पद नहीं, बल्कि मेहनत और अनुशासन ही किसी खिलाड़ी को महान बनाते हैं। दिलचस्प बात यह है कि जिम्बाब्वे के स्टार ऑलराउंडर सिकंदर रजा द्वारा चुनी गई एक विशेष टीम में भी रोहित शर्मा को शामिल किया गया है। इस चयन ने यह दिखा दिया है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी और विश्लेषक अब भी रोहित के अनुभव, नेतृत्व और मैच जिताने की क्षमता को ऊंचा दर्जा देते हैं। यही वजह है कि भारतीय फैंस के बीच भी यह चर्चा जोरों पर है कि क्या रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया में अपने बल्ले से एक बार फिर इतिहास रचेंगे। रोहित का यह नया रूप फिट, केंद्रित और दृढ़ यह साबित करता है कि वह अब भी क्रिकेट के सबसे ऊर्जावान खिलाड़ियों में से एक हैं। ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर उनका प्रदर्शन यह तय करेगा कि आने वाले वर्षों में भारतीय क्रिकेट में उनकी भूमिका कितनी महत्वपूर्ण बनी रहती है।

# आईपीएल 2026 की नीलामी दिसंबर में, भारत में आयोजन की बढ़ी संभावना


**–रिटेंशन की समय सीमा 15 नवंबर तय**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 की नीलामी दिसंबर के दूसरे या तीसरे सप्ताह में होने की संभावना जताई जा रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 13 से 15 दिसंबर के बीच यह आयोजन हो सकता है। एक खबर के अनुसार फ्रेंचाइजी अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने बीसीसीआई से बातचीत की है और चर्चा इन्हीं तारीखों पर केंद्रित है। हालांकि, अभी तक लीग की गवर्निंग काउंसिल ने अंतिम कार्यक्रम तय नहीं किया है। इस बार नीलामी भारत में ही आयोजित होने की संभावना अधिक है, जबकि पिछले दो वर्षों में यह विदेश में हुई थी। पहले दुबई में (2023) और फिर सऊदी अरब के जेद्दा में (2024)। फ्रेंचाइजियों का मानना है कि अगर इस बार मिनी नीलामी भारत में होती है, तो यह कोई चौंकाने वाली बात नहीं होगी।

हालांकि, इस संबंध में अंतिम फैसला अभी नहीं लिया गया है। रिटेंशन की समय सीमा 15 नवंबर तय की गई है, यानी तब तक सभी टीमों को यह बताना होगा कि वे किन खिलाड़ियों को बनाए रख रही हैं और किन्हें रिलीज करने की योजना है। पिछले सीजन में सबसे निचले पायदान पर रही चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स में कुछ बड़े बदलाव संभव हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, रिलीज लिस्ट में दीपक हुड्डा, विजय शंकर, राहुल त्रिपाठी, सैम करन और सीएसके के डेवोन कॉनवे जैसे खिलाड़ियों के नाम शामिल हो सकते हैं। आर. अश्विन के आईपीएल से संन्यास लेने के बाद पांच बार की चैंपियन टीम चेन्नई सुपर किंग्स के पास पहले ही 9.75 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि जुड़ चुकी है। वहीं, राजस्थान रॉयल्स में संजू सैमसन की स्थिति पर भी नजर है, हालांकि उनके कप्तान पद को लेकर फिलहाल कोई निर्णय नहीं हुआ है।

सूत्रों के मुताबिक, रॉयल्स द्वारा श्रीलंकाई स्पिनरों वानिंदु हसरंगा और महेश तीक्षाना को रिलीज करने की योजना पर विचार चल रहा था, लेकिन मुख्य कोच कुमार संगकारा की वापसी के बाद इसमें बदलाव की संभावना है। इसके अलावा, टी नटराजन, मिशेल स्टार्क, आकाशदीप, मयंक यादव और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ियों को भी नई टीमों की तलाश करनी पड़ सकती है। इस बीच, ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन नीलामी में सबसे चर्चित नामों में से एक माने जा रहे हैं। चोट के कारण पिछली नीलामी से बाहर रहे ग्रीन इस




बार कई फ्रेंचाइजियों के रडार पर हैं। माना जा रहा है कि इस मिनी नीलामी में उन पर भारी बोली लग सकती है।

# रोनाल्डो गोल करने से चूके लेकिन पुर्तगाल ने आयरलैंड को 1–0 से हराया



लंदन । दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो पेनल्टी किक पर गोल करने से चूक गए लेकिन आखिरी क्षणों में रुबेन नेवेस के गोल की बदौलत पुर्तगाल ने विश्व कप क्वालीफाइंग के यूरोपीय चरण में शनिवार को यहां आयरलैंड को 1–0 से हराकर ग्रुप एफ की तालिका में अपनी बढ़त मजबूत कर ली। रोनाल्डो मैच के 75वें मिनट में पेनल्टी पर चूक गए लेकिन नेवेस ने (90+1 मिनट) में गोल कर टीम को लगातार तीसरी जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही टीम ने ग्रुप तालिका में नौ अंक के साथ दूसरे स्थान पर काबिज हंगरी पर पांच अंक की बढ़त कायम कर ली है। ग्रुप के दूसरे मैच में हंगरी ने डेनियल लुकाक्स और ज़ोम्बोर ग्रुबर के गोल की मदद से आर्मेनिया को 2–0 से हराया। स्पेन ने ग्रुप ई के मैच में जॉर्जिया को 2–0 से हराने के बाद तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। बार्सिलोना के चोटिल प्रतिभाशाली खिलाड़ी लामिन यामल की गैरमौजूदगी में येरेमी पिनो और मिकेल ओयारजाबल के गोल से यूरोपीय चैंपियन स्पेन ने जीत दर्ज की। ग्रुप के अन्य मैच में तुर्की ने बुल्गारिया को 6–1 से हराया। नॉर्वे ने ग्रुप आई में एर्लिंग हालैंड की हैट्रिक से इस एकतरफा मैच को 5–0 से अपने नाम किया। हालैंड के नाम अब नॉर्वे के लिए 46 मैचों में 51 गोल हो गए है। टीम की यह छह मैचों में छठी जीत है और वह ग्रुप तालिका में इटली से छह अंक आगे 18 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर है। इटली ने एस्टोनिया को 3–1 से हराया।

# जोहर कप 2025: भारत ने न्यूजीलैंड को 4-2 से हराकर जारी रखा अजेय अभियान

**जोहर बहारू (मलेशिया) (एजेंसी)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने सुल्तान जोहोर कप के दूसरे मैच में न्यूजीलैंड को 4-2 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इससे पहले भारत ने टूर्नामेंट के पहले मैच में ब्रिटेन को 3-2 से मात दी थी।

भारत ने मैच की शुरुआत जबरदस्त दबाव के साथ की। पहले क्वार्टर के दूसरे मिनट में अर्शदीप सिंह ने तेज़ी से दाईं ओर दौड़ लगाकर गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। क्वार्टर के अंत में कप्तान रोहित की पासिंग पर पीबी सुनील ने पेनल्टी कॉर्नर का शानदार वैरिएशन गोल में बदलकर स्कोर 2-0 किया।

दूसरे क्वार्टर में अरिजीत सिंह हुंडल ने सर्कल के अंदर तेजी से घूमकर तीसरा गोल दागा और भारत की बढ़त 3-0 हो गई। तीसरे




क्वार्टर में न्यूजीलैंड ने गस नेल्सन के गोल से 3-1 किया और वापसी की कोशिश की।

चौथे क्वार्टर में आर कुमुर ने पेनल्टी कॉर्नर का उपयोग करते हुए 4-1 का स्कोर बनाया। मैच के अंतिम मिनट में ऐडन मैक्स ने न्यूजीलैंड के लिए दूसरा गोल दागा, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने मजबूत खेल दिखाकर मैच को काबू में रखा।

अर्शदीप सिंह की तेज़ और चुस्त शुरुआत भारत के लिए महत्वपूर्ण रही। पीबी सुनील और आर कुमुर की पेनल्टी कॉर्नर क्षमता ने स्कोरिंग में मदद की। अरिजीत सिंह हुंडल की सर्कल में तेज़ी और समन्वय ने मैच पर भारतीय टीम का दबदबा बनाए रखा।

न्यूजीलैंड की टीम ने अंतिम कुछ मिनटों में वापसी की कोशिश की, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति और गोलकीपर की शानदार परफ़ॉर्मेंस ने जीत सुनिश्चित की।

भारत ने लगातार दो मैच जीतकर अजेय अभियान जारी रखा है और अब उसकी नजरें मंगलवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले पर हैं। टीम का मनोबल उच्च और रणनीति स्पष्ट दिख रही है, जिससे इसे टूर्नामेंट में लंबा रास्ता तय करने की उम्मीद है।

# जडेजा का लक्ष्य 2027 एकदिवसीय विश्वकप खेलना

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने कहा है कि वह अभी संन्यास नहीं ले रहे और उनका लक्ष्य 2027 एकदिवसीय विश्वकप खेलना है।



वेस्टइंडीज़ के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में 3 विकेट लेने वाले जडेजा ने कहा, 'मैं 2027 विश्व कप खेलने के लिए तैयार हूं।' वहीं उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है। जिसके बाद से ही कहा जा रहा था कि अब वह इस प्रारुप के लिए चयन समिति के पसंदीदा नहीं रहे। वहीं ये भी कहा गय कि अब उन्हें केवल लंबे प्रारुप में ही जगह मिलेगी। वहीं जडेजा ने इन सभी संभावनाओं को सिरे से नकार दिया है। उन्होंने कहा, 'यह मेरे हाथ में नहीं है कि चयनकर्ता क्या सोचते हैं। उन्होंने मुझे ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर रहने का कारण बताया था पर मेरा ध्यान इस प्रारुप पर बना हुआ है। । जब भी अवसर मिलेगा मैं अपनी ओर से अच्छा प्रदर्शन करुंगा।' जडेजा ने यह भी कहा कि एकदिवसीय विश्वकप जीतना उनका लक्ष्य है। इससे पहले साल 2023 में टीम फाइनल में पहुंचकर भी ये खिताब नहीं जीत पायी थी। इसलिए उन्हें लगता है कि अभी 'कुछ अधूरा काम बाकी है।' उन्होंने कहा, 'अगली बार जब मौका मिलेगा, मैं पूरी तैयारी के साथ उतरुंगा। पिछली बार हम थोड़ा पीछे रह गए थे, इस बार जो अधूरा रह गया, उसे पूरा करना चाहूंगा।'

# कुलदीप यादव ने पांचवीं बार फाइफर किया अपने नाम, बने दुनिया के नंबर 1 गेंदबाज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को टीम इंडिया ने मेहमान टीम को 248 रन पर आउट कर दिया। इस दौरान भारत के लिए बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव सबसे सफल गेंदबाज रहे। कुलदीप ने पांचवीं बार टेस्ट मैच की एक पारी में 5 विकेट लिए। इसके साथ ही उन्होंने स्पिनर के तौर पर टेस्ट में सबसे ज्यादा बार 5 विकेट लेने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। उनके अलावा इंग्लैंड के जॉनी वार्डले ने 5 बार ऐसा किया है।

बता दें कि, कुलदीप यादव का रिकॉर्ड जॉनी वार्डले से काफी बेहतर है। उन्होंने इंग्लैंड के स्पिनर के मुकाबले आधे टेस्ट में ये कारनामा कर दिया। वार्डले ने 28 टेस्ट में 5 बार पंजा खोला। वहीं कुलदीप ने केवल 15 टेस्ट में ऐसा कर दिया। साउथ अफ्रीका के पॉल एडम्स तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 45 टेस्ट में 4 बार पारी में 5 विकेट झटके।

वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में कुलदीप ने 26.5 ओवर में 82 रन देकर 5 विकेट झटके। कुलदीप ने पहला विकेट दूसरे दिन शनिवार को लिया था। उन्होंने अलिक अथानाज को रविंद्र जडेजा के हाथों कैच कराया। उन्होंने 41 रन बनाए। कुलदीप ने तीसरे दिन पहले सत्र में साई होप 36 और टेविन इमलाच 21 को पवेलियन भेजा।

इसके बाद कुलदीप ने जस्टिन ग्रीव्स को पवेलियन भेजा। उन्होंने 17 रन बनाए। उन्होंने पांचवां विकेट जायडन सील्स के तौर पर लिया। उन्होंने 13 रन बनाए। कुलदीप यादव ने टेस्ट में 15 मैच की 27 पारियों में 21.09 के औसत और 3.52 की इकॉनमी से 65 विकेट लिए हैं। 40 रन देकर 5 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## फर्जी पासपोर्ट से भरी उड़ान, यूएई से डिपोर्ट होकर भारत में फंसा, धोखाधड़ी में गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्लैक लिस्ट किए जाने के सात साल बाद एक व्यक्ति दूसरे नाम से पासपोर्ट बनवाकर यूएई पहुंच गया। एयरपोर्ट पर तकनीकी जांच के जरिए फर्जीवाड़े का खुलासा हो गया। यूएई एयरपोर्ट के अधिकारियों ने उसे तुरंत भारत निर्वासित कर दिया। आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचने पर उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने फर्जीवाड़ा का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी यात्री से पूछताछ कर फर्जीवाड़े में शामिल आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। सात अक्तूबर की देर रात पंजाब के जालंधर का रहने वाला सतनाम नाम का व्यक्ति यूएई से आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचा। उसके पास पासपोर्ट था। दस्तावेजों की जांच में पता चला कि यूएई में ब्लैकलिस्ट होने की वजह से उसे वहां प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। लेकिन उसके पासपोर्ट की जांच में पता चला कि उसने इससे पहले यूएई की यात्रा नहीं की थी। शक होने पर इमिग्रेशन अधिकारियों ने यात्री से पूछताछ की। सतनाम ने खुलासा किया कि उसका असली नाम नसतार है। उसने नसतार नाम से पासपोर्ट बनाकर यूएई गया था, लेकिन अवधि से अधिक वहां रुकने की वजह से उसे पकड़ लिया गया और बाद में ब्लैकलिस्ट कर दिया गया।

## उत्तराखंड में पड़ने लगी गुलाबी ठंड, लोगों से सेहत के प्रति सजग रहने की अपील

**-दिन और रात के तापमान में 13 डिग्री से ज्यादा की गिरावट**

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड में सुबह-शाम कड़ाके की सर्दी पड़ने लगी है। दिन और रात के तापमान में 13 डिग्री से ज्यादा का अंतर आ गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों से सेहत के प्रति सजग रहने की अपील की है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक ने बताया कि प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। आगामी एक सप्ताह तक प्रदेशभर में धूप खिली रहेगी। वरिष्ठ फिजिशियन के मुताबिक दिन में मौसम गर्म और रात, सुबह एवं शाम को ठंड होने से सेहत पर असर पड़ता है। जब ठंड हो तो एहतियात बरतें। पंखा चलाने को लेकर एहतियात बरतें। गुलाबी ठंड एक मौसमीय घटना है जो उत्तर भारत, खासकर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और पहाड़ी इलाकों में पड़ती है। इसका असर मुख्य रूप से दिसंबर-जनवरी में दिखता है। गुलाबी ठंड में अत्यधिक ठंडी रातें और सुबह के समय का असामान्य तापमान रहता है। इसे इसलिए 'गुलाबी' कहा जाता है क्योंकि सुबह के समय सूरज की पहली किरणों में घास, खेत और पेड़ गुलाबी-लाल रंग में दिखाई देते हैं।

## मुंबई एयरपोर्ट पर 12.58 करोड़ का सोना पकड़ाया, कर्मचारियों समेत 13 गिरफ्तार

मुंबई (एजेंसी)। राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई एयरपोर्ट पर 12.58 करोड़ रुपए मूल्य का सोना जब्त किया है और इस संबंध में 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन गोल्डन स्वीप' के तहत डीआरआई की मुंबई जोनल इकाई ने सोने की तस्करी के गिरोह का पर्दाफाश किया है। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से बताया कि इस मामले में हवाई अड्डा कर्मचारियों समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में दो बांग्लादेशी और छह श्रीलंकाई नागरिक हैं। कुल 10.5 किलोग्राम सोना जब्त किया गया है, जिसकी कीमत करीब 12.58 करोड़ रुपए है। अधिकारियों ने बताया कि मुंबई पहुंचने पर, संबंधित ट्रांजिट यात्री तस्करी का सोना अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान क्षेत्र में मौजूद एयरपोर्ट के कर्मचारियों को सौंप देते थे। उन्होंने कहा कि इसके बाद कर्मचारी सोने को हवाई अड्डा परिसर से बाहर ले जाकर बाहरी लोगों को सौंप देते थे।

## दिल्ली को 'भारत की कौशल राजधानी' बनाने सरकार की प्रतिबद्धता : मंत्री सूद

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय (डीएसईयू) के स्थापना दिवस पर दिल्ली को 'भारत की कौशल राजधानी' बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। गृह, उच्च शिक्षा और प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री की भी जिम्मेदारी संभालने वाले सूद ने कहा कि डीएसईयू की पहुंच और प्रभाव को दिल्ली से बाहर तक ले जाना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि मैं यहां केवल एक मंत्री के रूप में ही नहीं बल्कि कौशल विकास के जरिए हो रहे परिवर्तन में एक भागीदार के रूप में भी हूं। शासन का मतलब पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सेवाएं पहुंचाना है। सूद ने डीएसईयू को शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता के एक साथ आगे बढ़ने वाले कौशल भारत दृष्टिकोण का जीवंत उदाहरण बताया। उन्होंने विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों से लंबित मुद्दों को समयबद्ध तरीके से हल करने के लिए समिति का गठन करने की घोषणा की। शिक्षा सुधारों पर सरकार के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए मंत्री सूद ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन और दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के सिद्धांत पर काम कर रही है। डीएसईयू के कुलपति अशोक कुमार नागावत ने कहा कि डीएसईयू भारत का पहला विश्वविद्यालय है जिसने एनईपी को पूरी तरह लागू किया है।

## केरल फिर देश का रोल मॉडल : अत्यंत गरीबी खत्म करने वाला दक्षिण एशिया का पहला राज्य

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। केरल राज्य एक बार फिर अपनी मजबूत सरकारी और सामाजिक भागीदारी के दम पर देश के लिए रोल मॉडल बनने जा रहा है। राज्य ने आधिकारिक तौर पर अपने यहाँ से अत्यंत गरीबी (Extreme Poverty) खत्म करने की घोषणा कर दी है, जिसकी औपचारिक घोषणा 1 नवंबर को होगी। ऐसा करने वाला केरल देश का ही नहीं, बल्कि दक्षिण एशिया का पहला राज्य होगा। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के मुताबिक, संयुक्त राष्ट्र के अनुसार जिनकी आय ?158.10 प्रति दिन से कम है, वे अत्यंत गरीबी की श्रेणी में आते हैं। केरल ने इससे आगे बढ़कर भोजन, आय, स्वास्थ्य और आवास को आधार बनाया और इस पहल को मानवीय गरिमा नाम दिया। केरल में स्वर्णम्मा जैसी 1.03 लाख लोग हैं, जो अत्यंत गरीबी में जीवन गुजार रहे थे, जिनकी जिंदगी अब बदल गई है।

# घुसपैठ पर कांग्रेस का शाह से बड़ा सवाल, पिछले 11 साल से क्या कर रहे थे?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के घुसपैठ संबंधी बयान पर कांग्रेस ने तीखा पलटवार किया है। पार्टी ने आरोप लगाया कि अमित शाह आगामी विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने के लिए दुष्प्रचार की राजनीति कर रहे हैं।

दरअसल, अमित शाह ने शनिवार को एक कार्यक्रम में कहा था कि कुछ राजनीतिक दल घुसपैठियों को वोट बैंक के रूप में देखते हैं। और सवाल किया था कि गुजरात और राजस्थान की सीमाओं पर घुसपैठ क्यों नहीं होती? शाह ने यह भी दावा किया था कि भारत में मुस्लिम आबादी में 24.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि हिंदू आबादी में 4.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। उन्होंने इस असंतुलन का कारण पाकिस्तान और बांग्लादेश से हो रही अवैध घुसपैठ को बताया था।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर पोस्ट कर गृह मंत्री पर तीखा हमला किया। उन्होंने लिखा, सहकारिता मंत्री ने 10 अक्टूबर को हिंदू-मुस्लिम विवाद को हवा देने और चुनावों से पहले मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने की कोशिश की। खेड़ा ने आरोप लगाया कि शाह ने मुसलमानों की बढ़ती आबादी का हवाला देकर यह संकेत दिया कि भारत में व्यापक मुस्लिम घुसपैठ हो रही है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा, अगर मुस्लिम आबादी घुसपैठ के कारण बढ़ी है, जैसा कि गृह मंत्री दावा कर रहे हैं, तो वे पिछले 11 सालों से क्या कर रहे थे? खेड़ा ने कहा कि शाह को जल्द ही यह एहसास हो गया कि वह गृह मंत्री भी हैं, और इसलिए उन्होंने अपना बयान सोशल मीडिया से हटा लिया।

कांग्रेस नेता ने आंकड़े पेश करते हुए कहा कि 2005 से 2013 के बीच यूपीए सरकारों ने 88,792 बांग्लादेशी नागरिकों को निर्वासित किया था, जबकि भाजपा शासन में 11 वर्षों में यह संख्या 10,000 से भी कम रही। उन्होंने तंज कसा, ÷खाली बर्तन ज्यादा खड़कते हैं।÷ वहीं, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भी शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि अमित शाह वेपन ऑफ मास डिसइनफॉरमेशन (दुष्प्रचार का व्यापक हथियार) और वेपन ऑफ इंटिमिडेटरी मास पोलराइजेशन (धमकी आधारित जनध्रुवीकरण का हथियार) का इस्तेमाल कर रहे हैं। कांग्रेस का कहना है कि अमित शाह के ऐसे बयान देश में साम्प्रदायिक तनाव को बढ़ाने का काम करते हैं, जबकि गृह मंत्री का दायित्व शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना है।

## कसौली चिदंबरम बोले- ऑपरेशन ब्लू स्टार एक गलत कदम था, इंदिरा गांधी ने जान देकर चुकाई कीमत

**कसौली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने एक कार्यक्रम में कहा, कि 1984 में स्वर्ण मंदिर में सैन्य कार्रवाई यानी 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' गलत कदम था और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकाई। चिदंबरम हिमाचल प्रदेश के कसौली में आयोजित खुशवंत सिंह साहित्य महोत्सव में हिस्सा लेने पहुंचे थे।

कार्यक्रम में चिदंबरम हरिंदर बावेजा की किताब ÷दे विल शूट यू, मैडम÷ पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा, मैं किसी फौजी अफसर का अनादर नहीं कर रहा, लेकिन स्वर्ण मंदिर को वापस पाने का तरीका गलत था। कुछ साल बाद हमने बिना सेना के सही तरीका अपनाया। ब्लू स्टार गलत रास्ता था और श्रीमती गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह फैसला अकेले इंदिरा गांधी का नहीं था, बल्कि सेना, पुलिस, गुप्तचर एजेंसियों और सिविल सेवा के संयुक्त निर्णय का परिणाम था। उन्होंने कहा, इसका सारा दोष केवल इंदिरा गांधी पर डालना अनुचित है। क्या आप ऐसा करेंगे? यह सवाल उन्होंने कार्यक्रम के दौरान लेखिका हरिंदर बावेजा से पूछा।

वर्तमान पंजाब की स्थिति पर बोलते हुए चिदंबरम ने कहा कि खालिस्तान आंदोलन अब लगभग समाप्त हो चुका है, और राज्य की वास्तविक समस्या आर्थिक संकट और बेरोजगारी है। उन्होंने कहा, कि पंजाब की मेरी यात्राओं से स्पष्ट है कि अलगाव की मांग व्यावहारिक रूप से खत्म हो गई है। अब सबसे बड़ी चिंता आर्थिक स्थिति की है, और यही कारण है कि सबसे अधिक अवैध प्रवासी पंजाब से हैं।

## तालिबानी विदेश मंत्री की भारत यात्रा को लेकर ओवैसी ने कहा, भारत को काबुल से पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित करने चाहिए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी की भारत यात्रा के बीच एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने तालिबान को लेकर बड़ा बयान दिया है। ओवैसी ने कहा, कि भारत को तालिबान सरकार के साथ सिर्फ बातचीत तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित करने चाहिए, ताकि देश के सुरक्षा और रणनीतिक हित सुरक्षित रह सकें।

सांसद ओवैसी ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा, कि उन्होंने 2016 में संसद में अपने भाषण के दौरान ही यह भविष्यवाणी की थी कि अफगानिस्तान में एक दिन फिर से तालिबान की वापसी होगी। ओवैसी के अनुसार, उन्होंने उस समय ही भारत सरकार को तालिबान से संवाद शुरू करने की सलाह दी थी, लेकिन तब भाजपा नेताओं ने उनकी बात का विरोध किया था। सांसद ओवैसी ने कहा, मैंने 2016 में संसद में कहा था कि तालिबानी आएंगे, उनसे बात करो। आज उनके विदेश मंत्री भारत में हैं और पाकिस्तान की वायुसेना वहां बमबारी कर रही है। यह समय भारत के लिए अपनी नीति पर पुनर्विचार करने का है। हमें अफगानिस्तान के साथ पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित करने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की अफगानिस्तान में मौजूदगी उसके भू-राजनीतिक और सुरक्षा हितों के लिए अत्यंत आवश्यक है।

सांसद ओवैसी ने इसी बीच ईरान के चाबहार बंदरगाह के महत्व पर भी जोर देते हुए कहा, कि भारत इस बंदरगाह के माध्यम से अफगानिस्तान तक व्यापारिक और रणनीतिक मार्ग मजबूत कर सकता है। इससे न केवल चीन और पाकिस्तान के प्रभाव को संतुलित किया जा सकेगा, बल्कि मध्य एशिया में भारत की स्थिति भी सशक्त होगी।

## ऑपरेशन सिंदूर में किया गया धर्म युद्ध के सिद्धांतों का पालन, आर्मी चीफ ने दी पाकिस्तान को दो टूक चेतावनी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर स्पष्ट शब्दों में कहा, कि भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान धर्म युद्ध के सिद्धांतों का पालन किया। उन्होंने बताया कि सेना ने इस अभियान में केवल आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया, जबकि आम नागरिकों और सामान्य सैन्य प्रतिष्ठानों पर किसी भी तरह का हमला नहीं किया गया।

सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने यह बयान हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के चैल स्थित राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल के शताब्दी समारोह में दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल अनुशासन, नैतिकता और मानवीय मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध हैं। सेना का लक्ष्य केवल आतंकवाद का खात्मा है, न कि किसी देश या नागरिक को नुकसान पहुंचाना। आर्मी चीफ ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने धर्म युद्ध के सिद्धांतों का पालन किया। हमने केवल आतंकवादियों के ठिकानों पर प्रहार किया, जबकि पाकिस्तान में नागरिक या सैन्य अड्डे पूरी तरह सुरक्षित रहे। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने 6 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इस अभियान में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकवादी ठिकानों को सटीक निशाना बनाया गया। हालांकि पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई की कोशिश की, लेकिन भारतीय सेना की रणनीति और ताकत के आगे वह टिक नहीं सका।

जनरल द्विवेदी ने यह भी कहा कि इस अभियान ने न केवल आतंक के नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया, बल्कि पाकिस्तान को यह स्पष्ट संदेश भी दिया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने में सक्षम है। समारोह के दौरान आर्मी चीफ ने चैल मिलिट्री स्कूल की उपलब्धियों की सराहना की और छात्रों से देश सेवा के मूल्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह संस्थान वर्षों से देश को बेहतरीन सैन्य अधिकारी और नेतृत्वकर्ता प्रदान कर रहा है।

## पाक के लिए जासूसी करने वाले मंगत को कोर्ट ने तीन दिन की रिमांड पर भेजा

**जयपुर (एजेंसी)।** पाकिस्तानी के लिए जासूसी करने पर गिरफ्तार राजस्थान के मंगत सिंह को शनिवार को एक विशेष अदालत ने तीन दिन की हिरासत में भेज दिया। विशेष लोक अभियोजक के मुताबिक आरोपी पर पाकिस्तान में बैठे आकाओं के साथ संवेदनशील रणनीतिक जानकारी साझा करने के आरोप में सरकारी गोपनीयता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों ने बताया कि अलवर जिले के गोविंदगढ़ निवासी मंगत सिंह ने लोगों की धार्मिक आस्था का फायदा उठाने के लिए खुद को सिद्ध पुरुष बताया था। अलवर क्षेत्र में जाने-माने मंगत सिंह ने कथित तौर पर अनुष्ठान करने के बहाने पैसे ऐंठे। अधिकारी कई महीनों से उसकी गतिविधियों पर नजर रख रहे थे। निगरानी से पता चला कि वह करीब दो साल से सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी आईएसआई एजेंटों को जानकारी पहुंचा रहा था। सूत्रों ने बताया कि जांच में उसके मोबाइल फोन में ईशा शर्मा और ईशा बॉस नाम से सेव किए गए दो संदिग्ध नंबरों की पहचान पाकिस्तानी हैंडलरों के रूप में हुई। एक अधिकारी ने कहा कि शुरुआती जांच से पता चलता है कि मंगत सिंह ने पाकिस्तान के साथ संवेदनशील और रणनीतिक जानकारी साझा की थी। उसके वित्तीय लेनदेन के रिकॉर्ड भी मिले हैं। संभावित धन हस्तांतरणों की भी जांच की जा रही है। खुफिया सूत्रों ने पुष्टि की कि जयपुर स्थित खुफिया इकाइयों और केंद्रीय एजेंसियों ने मंगत सिंह के मोबाइल फोन का तकनीकी विश्लेषण किया, जिससे पाकिस्तान स्थित गुर्गों के साथ उसके संबंधों की पुष्टि हुई है। जासूसी गतिविधि की पुष्टि के बाद, राजस्थान की सीआईडी ??ने मामला दर्ज किया और शुक्रवार को उसे गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने कहा कि राजस्थान की खुफिया और केंद्रीय एजेंसियां अब उसके वित्तीय लेन-देन, संपर्कों और संभावित स्थानीय नेटवर्क की जांच कर रही हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से राजस्थान की खुफिया एजेंसियों ने पाकिस्तान को सूचना भेजने के संदिग्ध जासूसी नेटवर्क पर अपनी कार्रवाई तेज कर दी है।

## लालू, राबड़ी और तेजस्वी आज दिल्ली में कोर्ट में होंगे पेश, सीटों का बंटवारा टला

**सीट बंटवारे की अड़चनों को कांग्रेस आलाकमान से दूर करवा सकते हैं तेजस्वी**



**पटना (एजेंसी)।** बिहार में महागठबंधन के सीट बंटवारे की घोषणा सोमवार तक टल गई है। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव रविवार को दिल्ली पहुंचे। सोमवार को तीनों को नौकरी के बदले जमीन मामले में अदालत में पेश होना है। दिल्ली में तेजस्वी, राहुल गांधी से मिल सकते हैं। कांग्रेस के साथ समझौते में आ रही अड़चनों को तेजस्वी कांग्रेस आलाकमान के हस्तक्षेप से दूर करवा सकते हैं। कांग्रेस से अगर दिल्ली में बात फाइनल हुई तो पटना में घोषणा सिर्फ औपचारिकता रह जाएगी। तेजस्वी सोमवार को ही पटना लौट आएंगे। इसलिए सीट बंटवारे का ऐलान सोमवार शाम या मंगलवार तक हो सकता है।

बता दें महागठबंधन में पहले चरण की वैसी सीटें, जिन पर दो दलों का परस्पर दावा नहीं है और जिनके उम्मीदवार तय हैं, वहां अनौपचारिक रूप से उम्मीदवारों को सिंबल लेकर नामांकन की तैयारियां करने को कहा है। सूत्रों का कहना है कि राजद ने करीब चार दर्जन ऐसे उम्मीदवारों को पटना में जरूरी पेपर के साथ बुलाया है और सिंबल ले जाकर ऐलान का इंतजार करने को कहा है। सीपीएम ने भी अपने दोनों मौजूदा विधायकों को नामांकन की हरी झंडी दे दी है।

गठबंधन में मुकेश सहनी ने टूट के संकेत दिए हैं और अगर वह निकलते हैं तो बचे हुए दलों के लिए सीटों की व्यवस्था तेजस्वी और कांग्रेस आसानी से कर लेंगे। सूत्रों के मुताबिक सीपीआई और सीपीएम को छोड़ सभी दलों को 2020 के मुकाबले कम सीटों पर लड़ना है। मुकेश सहनी और कांग्रेस के साथ तेजस्वी की बातचीत नहीं टूटती है तो राजद को 138 सीटें लड़ना है जो 2020 के मुकाबले 6 कम है। कांग्रेस को भी 70 के बदले 57 सीटों से ही संतोष करना पड़ सकता है।

स्ट्राइक रेट के आधार पर ज्यादा सीट मांग रही सीपीआई-एमएल को भी 2020 के मुकाबले 18 सीट मिल सकती है। मुकेश सहनी को 16 सीट दी जा सकती है। सीएम या डिप्टी सीएम फेस घोषित करने पर महागठबंधन में सहमति नहीं है क्योंकि कांग्रेस ऐसा नहीं चाहती है।

## चुनाव आयोग ने शुरू की तैयारी-पूरे देश में चरणबद्ध तरीके से लागू होगा वोटर वेरिफिकेशन

**-2026 में पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों में होगा एसआईआर**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग देश में चरणबद्ध तरीके से मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम शुरू कर सकता है। आयोग के अधिकारियों ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया की शुरुआत उन राज्यों से हो सकती है, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। आयोग उन राज्यों में मतदाता सूची संशोधन अभियान नहीं चलाएगा जहां स्थानीय निकाय चुनाव होने हैं या हो रहे हैं। चुनाव आयोग का कहना है कि चुनाव मशीनरी, निकाय चुनाव में व्यस्त है और इसके चलते वे एसआईआर पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएंगे।

गौरतलब है कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में साल 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन पांच राज्यों के अलावा पहले चरण में कुछ अन्य राज्यों में भी एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। बिहार में एसआईआर का काम पूरा हो गया है, जहां 30 सितंबर को लगभग 7.42 करोड़ नामों वाली अंतिम सूची प्रकाशित की गई थी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को कहा कि सभी राज्यों में मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण शुरू करने का काम चल रहा है और इसे शुरू करने पर अंतिम फैसला चुनाव आयोग द्वारा लिया जाएगा।

### राज्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश

अधिकारियों के अनुसार, चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने इस महीने की शुरुआत में एक सम्मेलन में राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) से अगले 10 से 15 दिनों में एसआईआर शुरू करने के लिए तैयार रहने को कहा था। मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने राज्यों की मतदाता सूचियों को




अंतिम एसआईआर के बाद प्रकाशित रखें। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची है, जब राष्ट्रीय राजधानी में अंतिम बार गहन पुनरीक्षण हुआ था। उत्तराखंड में, अंतिम एसआईआर 2006 में हुआ था, और उस वर्ष की मतदाता सूची अब राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर है। अधिकांश राज्यों में मतदाता सूची की अंतिम एसआईआर 2002 और 2004 के बीच थी। एसआईआर का प्राथमिक उद्देश्य अवैध मतदाताओं के जन्म स्थान की जांच करके उन्हें मतदाता सूची से बाहर निकालना है।

## मप्र में 20 से ज्यादा बच्चों की जान लेने वाले कोल्ड्रिफ कफ सिरप पर पश्चिम बंगाल में प्रतिबंध

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन (बीसीडीए) ने राज्यभर के दवा विक्रेताओं को इस सिरप की बिक्री और खरीद तत्काल प्रभाव से बंद करने का निर्देश दिया है। ये वही कोल्ड्रिफ कप सिरप है जिसे बच्चों की जान का दुश्मन माना जा रहा है। मध्य प्रदेश में गुरुवार को तीन और बच्चों की मौत के बाद मरने वालों की कुल संख्या 20 पर पहुंच गई है। पांच बच्चे अब भी नागपुर में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हैं। जिसके बाद अब एहतियात बरतते हुए पश्चिम बंगाल में भी इस दवा की बिक्री और खरीद पर बैन लगा दिया गया है।

बंगाल राज्य औषधि नियंत्रण बोर्ड ने इन रसायनों की खरीद केवल अनुमोदित विक्रेताओं से करने और प्रमाणित प्रयोगशालाओं में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। तमिलनाडु स्थित कंपनी द्वारा निर्मित इस सिरप से जुड़ी मौतों के बाद कई राज्यों में दहशत फैल गई है। जांच में पाया गया है कि सिरप में प्रोपिलीन ग्लाइकॉल, ग्लिसरीन और सोर्बिटॉल जैसे रसायन हैं, जिनकी गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। बीसीडीए के सचिव पृथ्वी बसु ने बताया कि जिस बैच को मध्यप्रदेश की घटना से जोड़ा जा रहा है, वह पश्चिम बंगाल में नहीं पहुंचा है, लेकिन एहतियातन सभी दवा विक्रेताओं को इस ब्रांड की बिक्री रोकने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि 11 अक्तूबर को दवा विक्रेताओं के साथ बैठक बुलाई गई है, जिसमें इस सलाह को सख्ती से लागू करने पर चर्चा होगी।

इससे पहले अरुणाचल प्रदेश सरकार ने कोल्ड्रिफ कफ सिरप की बिक्री व उपयोग पर रोक लगा दी। अरुणाचल प्रदेश औषधि नियंत्रण ने श्रीसन फार्मास्युटिकल से निर्मित कोल्ड्रिफ कफ सिरप की बिक्री, वितरण और भंडारण पर प्रतिबंध लगाने संबंधी परामर्श जारी किया है। तेलंगाना के औषधि नियंत्रण प्रशासन ने भी दो कफ सिरप रीलाइफ और रेस्पीफ्रेश टीआर के खिलाफ सार्वजनिक चेतावनी - उपयोग बंद करने का नोटिस जारी किया। इन दोनों सिरप में एक जहरीले पदार्थ की मिलावट पाई गई है। औषधि निरीक्षकों ने पाया कि इस घटिया केमिकल से कई दवाएं तैयार की गईं। जांच टीम ने पाया कि कंपनी के पास उस समय प्रोपलीन ग्लायकॉल का कोई स्टॉक नहीं था। कंपनी के पास रसायन खरीद का कोई चालान भी नहीं था। इससे शक और गहरा गया कि कंपनी ने केमिकल को तेजी से खत्म कर दस्तावेज छिपाने की कोशिश की।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902